हरिभूमि

रायपुर भूमि

- कारीगर रविराजा राव के साथ 12 सदस्यीय टीम सप्ताहभर से तैयारी में जुटी, मिट्टी का सांचा निकाला, सिर तैयार
- कोलकाता से 20 सदस्यीय टीम पहुंची पुतला तैयार करने, स्थल पर बांस-बल्ली का भी इंतजाम







डब्ल्यूआरएस में 101 फीट के लंकेश, कोलकाता से पहुंचे कारीगर, रावणभाठा में रिमोट से होगी आतिशबाजी

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

राजधानी के डब्ल्यूआरएस स्थित ऐतिहासिक दशहरा मैदान में इस बार 101 फीट के दशानन और 80 फीट कद-काठी के कुंभकरण के साथ 75 फीट के मेघनाथ विजयादशमी पर लोगों के आकर्षण का केंद्र रहेंगे। भाठागांव के रावणभाठा मैदान में 60 फीट ऊंचाई वाले दशानन और 55-55 फीट कद के कुंभकरण और मेघनाथ के विशाल ⏭शेष पेज 13 पर

छत्तीसगढ़ नगर में कोलकाता के आतिशबाज जमाएंगे रंग

हरिभूमि सरोकार

छत्तीसगढ़ नगर के दशहरा मैदान में विजयादशमी उत्सव को यादगार बनाने समिति ने जोर-शोर से तैयारियां शुरू कर दी है। स्थानीय कारीगरों द्वारा इस बार 45 फीट कद-काठी के दशानन और ⏭शेष पेज 13 पर

रावणभाठा मैदान में जबलपुर के आतिशबाज करेंगे धूम-धड़ाका

सार्वजनिक दशहरा उत्सव समिति रावणभाठा इस बार अपने आयोजन के 22वें वर्ष को यादगार बनाने जुटी हुई है। भाठागांव के रावणभाठा मैदान में पिछले 12 दिनों से स्थानीय कारीगरों की टीम विजयादशमी के लिए 60 फीट ऊंचाई वाले ⏭शेष पेज 13 पर

विधायक पुरंदर ने लिया जायजा

रायपुर उत्तर विधानसभा क्षेत्र स्थित डब्ल्यूआरएस दशहरा मैदान में दशहरा महोत्सव को लेकर चल रही तैयारियों का जायजा रायपुर उत्तर विधानसभा क्षेत्र के विधायक पुरंदर मिश्रा ने डीआरएम दयानंद के साथ लिया। रावण दहन स्थल का भूमिपूजन किया एवं निरीक्षण किया।

हरिभूमि
सुनहरा मौका
सुनिश्चित उपहार 2026
सामान्य कूपन
09 अक्टूबर 2026
कूपन नं.
19

खबर संक्षेप

गांजा तस्कर को 3 साल कैद, जुर्माना भी

रायपुर। गोलबाजार थाना क्षेत्र में चार वर्ष पूर्व गांजा बेचने की फिराक में ग्राहक तलाशते गिरफ्तार युवक को विशेष न्यायाधीश किरण थवाईत की एनडीपीएस कोर्ट ने तीन वर्ष कैद के साथ 30 हजार रुपए जुर्माने की सजा सुनाई है। विशेष लोक अभियोजक भुवनलाल साहू के अनुसार कोर्ट ने संतोषी नगर निवासी मोहम्मद इम्मू को कैद तथा जुर्माने की सजा सुनाई। पुलिस ने आरोपी को 21 सितंबर 2022 को डीकेएस अस्पताल, पुराना चीरघर के पास 1.600 किलो ग्राम गांजा के साथ गिरफ्तार किया था।

किशोरी की हत्या की कोशिश, सात साल कैद

रायपुर। किशोरी के अपहरण कर रेप तथा चिड़ीमार बंदूक से हत्या की कोशिश करने वाले आरोपी को अपर सत्र न्यायाधीश अनिता ध्रुव की फास्ट ट्रैक कोर्ट ने सात वर्ष कैद की सजा सुनाई है। विशेष लोक अभियोजक विमला तांडी के अनुसार, कोर्ट ने किशोर गाईन को सजा सुनाई है। किशोरी की मां की शिकायत के आधार पर पुलिस ने आरोपी के पिता तथा उसके दो अन्य साथियों को भी आरोपी बनाया था। कोर्ट ने आरोपी के पिता तथा उसके दो अन्य साथियों को दोषमुक्त कर दिया है। पीड़िता की मां ने 10 जुलाई 2025 को थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई थी।

एमआरएम पोर्टल से ठगी के पैसे वापस मिले

रायपुर। गुढ़ियारी थाना क्षेत्र में ऑनलाइन ठगी के दो अलग-अलग प्रकरण में पुलिस ने पीड़ितों को मनी रेस्टोरेशन मॉड्यूल (एमआरएम) की मदद से रकम वापस लौटाने में मदद की। सुनील कुमार पटेल के साथ एक लाख की ठगी हुई थी, उनका 37 हजार तथा राहुल शर्मा, जिनके साथ 48 हजार सात सौ रुपए का फ्रॉड हुआ था, उनका 24 हजार पांच सौ रुपए एमआरएम की मदद से रकम वापस लौटाने में मदद मिली। साइबर फ्रॉड की सूचना मिलने पर पुलिस ने बैंक एवं संबंधित वित्तीय संस्थाओं के बीच समन्वय स्थापित कर रकम लौटाने में मदद की।

युवक पर चाकू से हमला आरोपी को सात साल कैद

रायपुर। देवेंद्र नगर थाना क्षेत्र में आपसी रंजिश के कारण युवक पर चाकू से जानलेवा हमला करने वाला आरोपी को अपर सत्र न्यायाधीश बृजेश राय की कोर्ट ने सात वर्ष कैद की सजा सुनाई है। अतिरिक्त लोक अभियोजक लखन लाल देवांगन के अनुसार कोर्ट ने नरेश दुर्गा उर्फ निक्कू को कैद की सजा सुनाई है। आरोपी ने दो वर्ष पूर्व छह अक्टूबर 2024 को बंटी दीप उर्फ बन्नी उर्फ पनरीवाला पर चाकू से जानलेवा हमला किया था।

पुलिस की तीन एजेंसियों ने कार्रवाई कर दो प्रकरणों में जब्त किए मादक पदार्थ

64 लाख का गांजा जब्त, नाबालिग समेत आधा दर्जन आरोपी दबोचे गए

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

सूखे नशे की खिलाफ पुलिस लगातार कार्रवाई कर रही है। पुलिस की तीन एजेंसियां एंटी नारकोटिक्स सेल, एसीसीयू, आमानाका तथा गंज थाने की पुलिस ने दो अलग-अलग प्रकरणों में 1.27 क्विंटल गांजा जब्त किया है। गांजा तस्करी के आरोप में पुलिस ने ओडिशा, पश्चिम बंगाल तथा राजस्थान के आधा दर्जन तस्करों को गिरफ्तार किया है। इनमें एक नाबालिग भी शामिल है। जब्त गांजे की कीमत पुलिस ने 64 लाख रुपए बताई है।

- तस्करी कर रायपुर डिलीवरी देने आए थे। तीनों के कब्जे से 82 किलो से ज्यादा गांजा जब्त किया गया है

गंज थाना क्षेत्र के फाफाडीह के पास पुलिस ने तीन संदिग्धों को एक ऑटो से उतरकर यात्री प्रतीक्षालय जाते देखा। यात्री प्रतीक्षालय पहुंचकर पुलिस ने तीनों का नाम पूछा तो उन लोगों ने अपना नाम जगदलपुर निवासी ⏭शेष पेज 13 पर



85 प्रकरणों में 190 गिरफ्तार

पुलिस, एसीसीयू तथा एंटी नारकोटिक्स टास्क फोर्स की टीम ने अब तक एनडीपीएस एक्ट के 85 प्रकरण में कुल 190 आरोपियों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से 6 करोड़ 31 लाख रुपए से ज्यादा कीमत का गांजा, ओशन ग्रो (गांजा), प्रतिबंधित नशीली टेबलेट, एमडीएमए, पार्टी पिल्स, कोकीन, प्रतिबंधित सिरप, डोडा, हेरोइन (चिट्टा), ब्राउन शुगर, अफीम, नकदी रकम, चारपहिया वाहन, दोपहिया वाहन, मोबाइल फोन, कट्टा, चाकू व अन्य सामान जब्त किया है।



बर्तन बेचने की आड़ में गांजा तस्करी

जगदलपुर के जिन दो तस्कर मुकुंद तथा गोपाल को पुलिस ने गिरफ्तार किया है, वे दोनों मूल रूप से राजस्थान का रहने वाले हैं। दोनों अपने राज्य के अलावा देश के अलग-अलग राज्यों में गांजा तस्करी करने ठिकाना बनाने जगदलपुर को बेस कैंप बनाया था। दोनों वहां बर्तन बेचने की आड़ में ओडिशा से गांजा सप्लाई कर छत्तीसगढ़ सहित अन्य राज्यों में खपाने का काम करते थे।

ओडिशा-पश्चिम बंगाल से आए थे गांजा बेचने

एक अन्य प्रकरण में आमानाका थाने की पुलिस ने ओडिशा तथा पश्चिम बंगाल से गांजा बेचने पहुंचे कान्हु डकुआ तथा सुमित भट्टाचार्य के साथ उनके एक नाबालिग साथी को गिरफ्तार किया है। तीनों को पुलिस ने टाटीबंध स्थित इस्कॉन टैम्पल मोड़ के पास से 45 किलो के करीब गांजा के साथ धर-दबोचा। तीनों रायपुर में किसी पार्टी को गांजा देने के लिए आए थे। आरोपी किनको गांजा देने आए थे, पुलिस इस संबंध में आरोपियों से पूछताछ कर रही है।

ऑनलाइन गांजा में साइबर सेल की एंट्री, नंबरों की तस्दीक की जा रही, ठगी का एंगल भी



हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

तस्करों के साथ गांजा खरीदी की डील को पुलिस ने गंभीरता से लिया है। पुलिस कमिश्नर डॉ. संजीव शुक्ला के निर्देश पर एसीसीयू तथा साइबर सेल की टीम ने जांच शुरू कर दी है। पुलिस की सख्ती बढ़ने पर गांजा तस्कर सोशल मीडिया पर विज्ञापन जारी कर गांजा बेचने ग्राहक तलाश रहे हैं।

- हरिभूमि की पड़ताल को आधार बनाकर पुलिस कर रही जांच

गांजा बेचने सोशल मीडिया पर ग्राहक तलाशने की जानकारी मिलने पर हरिभूमि की टीम ने तस्करों से संपर्क कर गांजा खरीदने डील की। तस्कर के साथ हुई डील प्रमुखता के साथ प्रकाशित की गई। उसी खबर के आधार पर पुलिस कमिश्नर ने जांच के निर्देश दिए हैं। ⏭शेष पेज 13 पर

नंबर का लोकेशन ओडिशा

हरिभूमि की टीम ने जिस तस्कर के मोबाइल नंबर से संपर्क किया था, जांच में उसका लोकेशन ओडिशा में होने की जानकारी पुलिस को मिली है। मोबाइल का सिम किसके नाम पर है, पुलिस की साइबर सेल संबंधित सिम प्रोवाइडर से इसकी जानकारी जुटा रही है। साथ ही पुलिस इस बात की भी जानकारी जुटा रही है कि संबंधित नंबर किसी दूसरे की आईडी या फर्जी पहचान पत्र के आधार पर हासिल तो नहीं की गई है।

ठगी के एंगल से भी जांच

सोशल मीडिया पर गांजा बेचे जाने संबंधित विज्ञापन की जांच दो अलग-अलग एंगल से पुलिस कर रही है। पुलिस जानकारी जुटाने की कोशिश कर रही है कि सोशल मीडिया पर जो विज्ञापन जारी किया गया है, उसके तार क्या वास्तव में गांजा तस्करी गिरोहों से जुड़े हुए हैं। साथ ही किसी के द्वारा गांजा तस्करी करने की आड़ में लोगों के साथ ठगी करने की कोशिश है।

नगरीय निकाय अधिकारी-कर्मचारी संघ का आज तूता में धरना-प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

नवनियुक्त अधिकारी-कर्मचारी कल्याण संघ के आव्हान पर प्रदेशभर के नगरीय निकायों के अधिकारी-कर्मचारी अपने 18 सूत्रीय मांगों को लेकर नवा रायपुर के तूता धरनास्थल पर 9 अक्टूबर को धरना देंगे। रायपुर नगर निगम कर्मचारी एकता संघ के अध्यक्ष प्रमोद जाधव ने इनकी मांगों को जायज बताते हुए इसका समर्थन किया है। शुक्रवार को रायपुर निगम के अधिकारी 18 सूत्रीय मांगों के समर्थन में संघ के अध्यक्ष प्रमोद जाधव के नेतृत्व में तूता के धरनास्थल जाकर उनकी मांगों का समर्थन करेंगे। नवनियुक्त

- नगर निगम कर्मचारी एकता संघ ने किया समर्थन



अधिकारी-कर्मचारी कल्याण संघ ने अपनी 18 सूत्रीय मांगों को लेकर शासन के खिलाफ मोर्चा खोल दिया है। लामबंद कर्मचारी-अधिकारी 9 अक्टूबर को नवा रायपुर के तूता धरनास्थल में एक दिवसीय धरना-प्रदर्शन कर अपने हक की आवाज बुलंद करेंगे। संघ के प्रदेश अध्यक्ष राजेश सोनी ने कहा कि पुरानी पेंशन योजना लागू करने, कर्मचारियों ⏭शेष पेज 13 पर

गरबा आयोजकों को बैठक में दिए निर्देश

रायपुर। छत्तीसगढ़ की राजधानी रायपुर में आगामी गरबा आयोजनों को लेकर पुलिस कमिश्नरेट ने सुरक्षा और कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश जारी किए हैं। रायपुर कमिश्नरेट के डीसीपी सेंट्रल तारकेश्वर पटेल ने अपने कार्यालय में गरबा आयोजकों की बैठक लेकर आयोजन के दौरान सुरक्षा व्यवस्था, सीसीटीवी कैमरे, पार्किंग, प्रवेश और निकास मार्ग सहित विभिन्न व्यवस्थाओं की समीक्षा की। आयोजकों को स्पष्ट निर्देश दिए कि पुलिस विभाग द्वारा जारी अनुमति पत्र की सभी शर्तों का पालन करना अनिवार्य होगा। नियमों के उल्लंघन या कानून व्यवस्था प्रभावित होने की स्थिति में आयोजन की अनुमति निरस्त कर वैधानिक कार्रवाई की जा सकती है।

वक्फ की संपत्ति पर बरसों से कब्जा, 15 हजार किराया देने भी तैयार नहीं, अब खाली करनी होगी दुकान

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

राजधानी रायपुर के फूल चौक स्थित करोड़ों रुपए मूल्य की वक्फ संपत्ति को अतिक्रमणमुक्त कराने का रास्ता साफ हो गया है। छत्तीसगढ़ राज्य वक्फ अधिकरण ने वक्फ संपत्ति की दुकान 45 दिनों के भीतर खाली कर संबंधित संस्था को कब्जा सौंपने का आदेश दिया है। यह संपत्ति राजधानी के फूल चौक जीई रोड पर स्थित है और छत्तीसगढ़ राज्य वक्फ बोर्ड के अनुसार, इसकी वर्तमान कीमत करोड़ों रुपए है। दुकानदार के साथ समझौता भी किया गया था, लेकिन वह 15 हजार रुपए किराया देने तैयार नहीं है। ऐसे में अब उनसे दुकान का कब्जा वापस लिया जाएगा। छत्तीसगढ़ राज्य वक्फ बोर्ड के अनुसार, यह आदेश 29 सितंबर 2026 को छत्तीसगढ़ राज्य वक्फ अधिकरण के पीठासीन अधिकारी कमलेश कुमार जुर्री तथा सदस्य हामिद हुसैन खान और वीके राजपूत की पीठ ने पारित किया। अधिकरण ने संबंधित वक्फ संपत्ति को 45 दिनों के भीतर खाली कराकर कब्जा संबंधित वक्फ संस्था को सौंपने के संबंध में आदेश दिया है।

- छत्तीसगढ़ राज्य वक्फ अधिकरण ने वक्फ संपत्ति की दुकान को 45 दिनों के भीतर खाली करने का दिया आदेश

बोर्ड के अनुसार, संपत्ति राजधानी रायपुर स्थित सुन्नी हनफी मस्जिद ट्रस्ट, नयापारा, रायपुर की पंजीकृत वक्फ संपत्ति है। यह दुकान फूल चौक जीई रोड पर स्थित है। बोर्ड ने ⏭शेष पेज 13 पर

किराया भी देने तैयार नहीं

वक्फ बोर्ड के अध्यक्ष डॉ. सलीम राज ने बताया कि दुकान पर कब्जाधारी से वक्फ बोर्ड ने समझौता भी करने का प्रयास किया था। वक्फ बोर्ड ने दुकान का किराया 15 हजार तय किया था। साथ ही वक्फ बोर्ड दुकान में दो और फ्लोर बनाकर उनको 35-35 हजार किराए पर देना चाहता था, लेकिन कब्जाधारी इसके लिए तैयार नहीं हुआ। डॉ. राज के मुताबिक, पास वाली दुकान से वक्फ को एक लाख रुपए किराया आ रहा है, पर यह कब्जाधारी किराया भी नहीं दे रहा है। अंतिम किराया उनका पांच सौ रुपए थे, उसको भी बरसों से नहीं दिया जा रहा है। अब इस संपत्ति को कब्जामुक्त कराया जाएगा।

प्रायोगिक विषयों के लिए देना होगा पृथक शुल्क

निजी छात्रों के आवेदन प्रारंभ, 10वीं-12वीं के लिए चुकाने होंगे प्रति विषय 320 रुपए

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

सीबीएसई ने 10वीं और 12वीं प्राइवेट परीक्षा 2027 के लिए आवेदन फॉर्म जारी कर दिए हैं। छात्र 8 अक्टूबर से आवेदन कर सकते हैं। बिना लेट फीस आवेदन की अंतिम तारीख 23 अक्टूबर और लेट फीस के साथ 30 अक्टूबर है। कक्षा 10वीं-12वीं के लिए प्रति विषय 320 रुपए शुल्क निर्धारित है। उम्मीदवारों को फॉर्म भरते समय जानकारी सावधानी से जांचनी होगी। यह फॉर्म फरवरी-मार्च 2027 में आयोजित ⏭शेष पेज 13 पर

23 अक्टूबर तक कर सकेंगे आवेदन, विलंब शुल्क संग 30 तक मौका



विषय चुनाव सावधानीपूर्वक करने निर्देश

सीबीएसई ने उम्मीदवारों को आवेदन फॉर्म केवल एक बार जमा करने की सलाह दी है। फॉर्म भरते समय वन-टाइम पासवर्ड यानी ओटीपी सत्यापन के लिए एक ईमेल आईडी की जरूरत होगी। उम्मीदवारों को आवेदन फॉर्म जमा करने और फीस का भुगतान करने से पहले सभी जानकारियां अच्छी तरह जांच लेने की सलाह दी गई है। आवेदन जमा होने के बाद जानकारी में बदलाव की सुविधा सीमित होगी। अध्ययन के लिए विषय का चुनाव सावधानीपूर्वक करने कहा गया है। छात्र जिन विषयों का चुनाव फॉर्म भरने के दौरान करेंगे, उन्हीं विषयों की परीक्षा उन्हें दिलानी होगी।

इतनी है परीक्षा फीस

कक्षा 10वीं और 12वीं के लिए भारत में रहने वाले उम्मीदवारों को प्रत्येक विषय के लिए 320 रुपए परीक्षा शुल्क देना होगा। नेपाल के उम्मीदवारों के लिए प्रति विषय शुल्क 1,100 रुपए और अन्य देशों के उम्मीदवारों के लिए 2,200 रुपए निर्धारित किया गया है। कक्षा 12वीं में प्रैक्टिकल विषयों के लिए अलग शुल्क भी देना होगा। भारत में प्रति प्रैक्टिकल विषय 160 रुपए, नेपाल में 174 रुपए और अन्य देशों में 375 रुपए शुल्क निर्धारित है। तय समय के बाद आवेदन करने वाले उम्मीदवारों को 2,000 रुपए की लेट फीस भी देनी होगी।



पांच लाख बिजली उपभोक्ताओं ने नहीं किया पैसों का समाधान, मिला अब दिसंबर तक मौका

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

प्रदेश के बिजली उपभोक्ताओं के बकाया बिल का निराकरण करने के लिए प्रदेश में मुख्यमंत्री बिजली बिल बकाया भुगतान समाधान योजना चलाई गई। इस योजना में 12 लाख से ज्यादा उपभोक्ताओं ने पंजीयन तो जरूर कराया, लेकिन पंजीयन कराने के बाद भी पांच लाख से ज्यादा उपभोक्ता ऐसे हैं जो अपना बकाया अब जमा ही नहीं कर रहे हैं। इस खबर को हरिभूमि ने प्रमुखता से प्रकाशित किया तो इसके बाद अब ऐसे उपभोक्ताओं को अपने बकाया बिल का समाधान करने के लिए दिसंबर तक का समय दिया गया है। इसके बाद भी बकाया जमा न करने वालों की बिजली कट होगी। पॉवर कंपनी को पंजीयन शुल्क के साथ ही बकाया राशि को मिलाकर पॉवर कंपनी को 110 करोड़ मिल गए हैं। लेकिन इसी के साथ उपभोक्ताओं के सरचार्ज के 770 करोड़ माफ भी किए गए हैं। । प्रदेश में लाखों उपभोक्ता ऐसे थे जिन पर डेढ़ हजार करोड़ से ज्यादा का बकाया है, इनके लिए मुख्यमंत्री समाधान योजना का प्रारंभ मार्च से किया गया।

- समय सीमा में बकाया का भुगतान न करने के बाद बिजली होगी कट

पहले यह योजना 30 जून तक चली, इसके बाद इसको सितंबर तक बढ़ाया गया। इसके लिए पहले दस फीसदी पंजीयन शुल्क जमा करना जरूरी रखा गया था, लेकिन इसको बाद में कम करके पांच फीसदी कर दिया गया। ऐसा करने के पीछे का कारण यह था कि सभी उपभोक्ताओं के बिजली बिल बकाया का समाधान हो सके। उपभोक्ताओं ने पंजीयन कराने का तो पूरा लाभ उठाया और पंजीयन कराने के कारण उनका सरचार्ज भी माफ हो गया, लेकिन अब उपभोक्ता बकाया जमा करने से बच रहे हैं। ऐसे उपभोक्ताओं के लिए ही अब योजना को 31 दिसंबर तक बढ़ा दिया गया है।


बिजली बिल का नहीं निकला समाधान, पंजीयन कराया, पर पैसा जमा नहीं किया, ऐसे पांच लाख आवेदक

प्रदेश में 8 लाख से ज्यादा का योजना में पंजीयन

एपीएल को दस फीसदी छूट

बीपीएल को डबल राहत

बीपीएल को डबल राहत

योजना में बीपीएल वर्ग के उपभोक्ताओं को डबल राहत दी गई। पहली राहत तो जिन उपभोक्ताओं का कनेक्शन 31 मार्च 2023 के पहले कट हो गया है उनको सरचार्ज में पूरी छूट के साथ ही मूल राशि में भी 75 फीसदी की छूट दी गई। इसी के साथ जिन भी बीपीएल वर्ग के उपभोक्ताओं का कनेक्शन सक्रिय है, पर उन पर हजारों या फिर लाखों का बकाया है उनको भी इस योजना में राहत दी गई है। ऐसे उपभोक्ता जिन पर बकाया राशि पांच साल से ज्यादा समय से बाकी है, उसको मूल राशि में भी 75 फीसदी की छूट दी गई है। इसी के साथ जिन का बकाया एक से पांच साल के बीच है, उनको मूल राशि में 50 फीसदी छूट दी गई है।

एपीएल को दस फीसदी छूट

सामान्य वर्ग के उपभोक्ताओं को बकाया पर मूल राशि में दस फीसदी की छूट उस स्थिति में दी गई जब वे सारा बकाया एक साथ जमा करेंगे। अगर तीन किस्तों में बकाया किया जाएगा तो पांच फीसदी की छूट मिलेगी। छह किस्तों में बकाया जमा करने की भी सुविधा मिलेगी, लेकिन इसमें कोई छूट नहीं मिलेगी।

खबर संक्षेप



बस्तर दशहरा में शामिल होने सीएम को आमंत्रण

रायपुर। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय से सीएम हाउस में बस्तर सांसद महेश कश्यप के नेतृत्व में बस्तर दशहरा समिति जगदलपुर के प्रतिनिधिमंडल ने सौजन्य मुलाकात की। प्रतिनिधिमंडल ने मुख्यमंत्री श्री साय को विश्व प्रसिद्ध बस्तर दशहरा पर्व-2026 में शामिल होने के लिए आमंत्रित किया। इस अवसर पर बस्तर की समृद्ध जनजातीय परंपरा के अनुरूप प्रतिनिधिमंडल ने मुख्यमंत्री को पारंपरिक पागा पहनाकर उनका सम्मान किया। मुख्यमंत्री श्री साय ने आत्मीय आमंत्रण के लिए प्रतिनिधिमंडल का आभार व्यक्त करते हुए बस्तर दशहरा के सफल आयोजन के लिए अपनी शुभकामनाएं दीं। उन्होंने कहा कि बस्तर दशहरा केवल एक पर्व नहीं, बल्कि बस्तर की सदियों पुरानी आस्था, समृद्ध जनजातीय संस्कृति, परंपराओं और सामूहिक सहभागिता की अनुपम विरासत है। प्रतिनिधिमंडल ने मुख्यमंत्री को बस्तर दशहरा की ऐतिहासिक पृष्ठभूमि, इससे जुड़े धार्मिक अनुष्ठानों, परंपराओं तथा इस वर्ष के आयोजन की तैयारियों के संबंध में विस्तार से जानकारी दी।

रायपुर शहर जिला इकाई की प्रथम कार्यकारिणी बैठक



रायपुर। छत्तीसगढ़ प्रदेश जिला कांग्रेस कमेटी असंगठित क्षेत्र समस्या निवारण प्रकोष्ठ, रायपुर शहर जिला इकाई की प्रथम कार्यकारिणी बैठक गुरुवार को कांग्रेस भवन गांधी चौक में हुई। बैठक में संगठन को मजबूत करने, कार्यकारिणी की आगामी गतिविधियों एवं क्षेत्र की जनसमस्याओं को प्राथमिकता के साथ उठाने सहित विभिन्न संगठनात्मक विषयों पर विस्तृत चर्चा की गई। पदाधिकारियों ने जनहित से जुड़े मुद्दों पर सक्रियता के साथ कार्य करने तथा संगठन की गतिविधियों को जमीनी स्तर तक प्रभावी बनाने पर अपने विचार रखे। यह बैठक प्रदेश अध्यक्ष मोहम्मद सिद्दीक की अध्यक्षता में आयोजित हुई। इस अवसर पर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के महामंत्री कन्हैया अग्रवाल एवं रायपुर शहर जिला अध्यक्ष श्रीकुमार मेनन, महामंत्री सौरभ तिवारी विशेष रूप से उपस्थित रहे।

साय बोले- केवल 'सेवा ज्योति संकल्प' की भावना के अनुरूप विकसित किया जाएगा

तेलीबांधा चौक का नाम नहीं बदलेगा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने राजधानी रायपुर के तेलीबांधा चौक के नाम परिवर्तन को लेकर उत्पन्न भ्रम के संबंध में स्पष्ट करते हुए कहा है कि तेलीबांधा चौक का नाम नहीं बदला जा रहा है। न तो चौक के नाम में कोई परिवर्तन किया जा रहा है और न ही उसके मूल स्वरूप के साथ किसी प्रकार की छेड़छाड़ की जा रही है।



मुख्यमंत्री श्री साय ने संवाददाताओं से चर्चा के दौरान कहा, प्रदेश में 38 स्थानों पर 'सेवा ज्योति संकल्प चौक' के तहत विकसित किए जाने की घोषणा की गई है। इनमें रायपुर का तेलीबांधा चौक भी शामिल है। उन्होंने कहा, इसे लेकर किसी को भी भ्रम में नहीं रहना चाहिए, तेलीबांधा चौक का नाम यथावत रहेगा। यह केवल 'सेवा ज्योति संकल्प' की भावना के अनुरूप विकसित किया जाएगा।

अपना विश्वास खो चुकी है कांग्रेस

कांग्रेस के ज्ञानेश कुमार के इस्तीफे और ईवीएम के विरोध को लेकर सीएम ने कहा, कांग्रेस अपना विश्वास खो चुकी है। कांग्रेस सिकुड़ती जा रही है। जब चुनाव हारते हैं तो ईवीएम और चुनाव आयोग पर ठीकरा फोड़ते हैं, लेकिन जब उन्हीं के सांसद और विधायक उसी ईवीएम से जीत जाते हैं, तब कोई सवाल नहीं उठाते।

धर्मांतरण के खिलाफ कठोर कार्रवाई

धर्मांतरण को लेकर मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा, प्रदेश में अवैध तरीके से धर्मांतरण पर रोक लगाने के लिए कठोर कानून बनाए गए हैं। जो भी कानून का उल्लंघन करेगा, उसके खिलाफ कठोर कार्रवाई की जाएगी।

नाना पाटेकर अच्छे कलाकार

साथ हर नाना पाटेकर के निधन पर श्रद्धांजलि देते हुए मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि नाना पाटेकर हमारे बीच नहीं रहे। वे हमारे देश के अच्छे कलाकार थे, उनका अभिनय हमें पसंद आता था। फिल्म जगत के लिए यह अपूरणीय क्षति है।



- साहू समाज के प्रतिनिधि मंडल ने महापौर मीनल चौबे से की मुलाकात
- कहा तेलीबांधा तालाब के दोनों ओर के चौकों का नामकरण नहीं

ट्रैफिक आइलैंड होगा सेवा ज्योति संकल्प चौक

राजधानी रायपुर के तेलीबांधा चौक का नाम बदलने का भ्रम अब दूर हो गया है। सेवा ज्योति संकल्प चौक नाम दिए जाने की घोषणा के बाद गुरूवार को साहू समाज के प्रतिनिधि मंडल ने गांधी सदन में महापौर मीनल चौबे से मुलाकात कर अपनी बातें रखी। मीनल चौबे ने स्पष्ट किया कि तेलीबांधा चौक का नाम नहीं बदला गया है। सेवा ज्योति संकल्प चौक नाम रिंग रोड और तेलीबांधा थाना के पास स्थित ट्राई जंक्शन के ट्रैफिक आईलैंड के लिए प्रस्तावित है। महापौर मीनल चौबे ने बातचीत के दौरान साहू समाज के प्रतिनिधि मंडल को बताया कि तेलीबांधा तालाब के दोनों ओर स्थित चौकों के नाम बदलने का कोई प्रस्ताव नहीं है। नामकरण को लेकर सामने आई बात सिर्फ रिंग रोड और तेलीबांधा थाना के पास बने ट्रैफिक आइलैंड से जुड़ी है। मुलाकात के दौरान नगर निगम आयुक्त संबित मिश्रा, एमआईसी सदस्य संतोष साहू भी उपस्थित रहे।

भाजपा बोली- नहीं बदलेगा तेलीबांधा चौक का नाम सेवा ज्योति संकल्प चौक के लिए अलग स्थान तय

भारतीय जनता पार्टी के अन्य पिछड़ा वर्ग (ओबीसी) मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष अशोक साहू ने रायपुर तेलीबांधा चौक के नामकरण को लेकर कहा, तेलीबांधा चौक साहू समाज का मान-सम्मान और पहचान है, हमारे पुरखों का बनाया हुआ स्थान है। इसके नामकरण को लेकर फैलाई जा रही बातें पूरी तरह से अविश्वसनीय, निराधार हैं। तेलीबांधा चौक का नाम नहीं बदला जा रहा है, सेवा संकल्प चौक के लिए अलग स्थान तय है। श्री साहू ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के शासन प्रमुख के रूप में जन-सेवा व सुशासन के 25 वर्ष पूर्ण होने पर भाजपा द्वारा चलाए जा रहे सेवा संकल्प अभियान के तहत 7 अक्टूबर को आयोजित सेवा ज्योति यात्रा के दौरान मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने घोषणा की थी कि प्रदेश के 38 स्थानों पर 'सेवा ज्योति संकल्प चौक' विकसित किए जाएंगे, जिनमें तेलीबांधा चौक भी शामिल है। लेकिन इसका यह अर्थ कदापि नहीं लगाया जाना चाहिए कि चौक का नाम बदला जा रहा है और उसके मूल स्वरूप से कोई छेड़छाड़ की जा रही है। तेलीबांधा तालाब के दोनों ओर स्थित किसी भी चौक के नामकरण में कोई छेड़छाड़ नहीं की जा रही है और न ही ऐसा कोई प्रस्ताव है। "सेवा ज्योति संकल्प चौक" के रूप में प्रस्तावित स्थान नेशनल हाई-वे रिंग रोड के समीप भूमि के टुकड़े पर प्रस्तावित है। श्री साहू ने कहा कि तेलीबांधा चौक के नामकरण को लेकर किसी को भी भ्रम में नहीं रहना चाहिए। तेलीबांधा चौक का नाम यथावत रहेगा, इसे केवल 'सेवा ज्योति संकल्प' की भावना के अनुरूप विकसित किया जाएगा।

'नाना' के निधन पर छत्तीसगढ़ के नेताओं ने दी श्रद्धांजलि

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

बॉलीवुड के प्रसिद्ध अभिनेता पद्मश्री नाना पाटेकर के 75 साल की उम्र में निधन पर छत्तीसगढ़ के नेताओं ने श्रद्धांजलि दी है। विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह, मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय और पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने सिनेमा जगत के साथ उनके समाजसेवा में दिए योगदान को याद किया। एक्स पर पोस्ट करते हुए विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह ने लिखा कि भारतीय सिनेमा और रंगमंच के महान कलाकार, पद्मश्री नाना पाटेकर के निधन का समाचार अत्यंत दुखद एवं मन को व्यथित करने वाला है। अपने सशक्त अभिनय, बेबाक व्यक्तित्व और सामाजिक सरोकारों के प्रति समर्पण से नाना पाटेकर ने कला जगत में अपनी एक विशिष्ट पहचान बनाई। उनका निधन भारतीय कला एवं सिनेमा जगत के लिए एक अपूरणीय क्षति है।



सीएम साय ने बताया सहज व्यक्तित्व

सीएम विष्णुदेव साय ने लिखा कि भारतीय सिनेमा के दिग्गज अभिनेता, रंगमंच के विलक्षण कलाकार एवं संवेदनशील समाजसेवी पद्म नाना पाटेकर के निधन का समाचार अत्यंत दुखद और हृदय को व्यथित करने वाला है। अपने अद्भुत अभिनय कौशल, सहज व्यक्तित्व और सामाजिक सरोकारों के माध्यम से उन्होंने कला एवं समाजसेवा, दोनों क्षेत्रों में अपनी अमिट छाप छोड़ी। उनका निधन कला एवं सिनेमा जगत के लिए एक अपूरणीय क्षति है। उनका योगदान और उनकी स्मृतियां सदैव हमारे बीच जीवित रहेंगी।

जल संरक्षण में अहम योगदान : भूपेश

पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने लिखा कि अपने अभिनय में देश की आत्मा और उसकी परेशानियों को जीने वाले महान अभिनेता नाना पाटेकर के निधन का समाचार अत्यंत दुखद है। उन्होंने न केवल सिनेमा में अपने किरदार को बखूबी निभाया, बल्कि समाजसेवा के ज़रिए, जल संरक्षण इत्यादि विषयों पर उनके योगदान को सदैव याद रखा जाएगा। ईश्वर उनके चाहने वालों को हिम्मत दें।

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू 22-23 को आएंगी, तैयारियों पर किया मंथन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू के प्रस्तावित छत्तीसगढ़ प्रवास को लेकर राज्य सरकार ने तैयारियां तेज कर दी हैं। मुख्य सचिव विकासशील की अध्यक्षता में बुधवार को मंत्रालय महानदी भवन में उच्चस्तरीय समीक्षा बैठक हुई। इस दौरान राष्ट्रपति के 22 से 23 अक्टूबर तक रायपुर और जगदलपुर प्रवास के संबंध में सुरक्षा, प्रोटोकॉल, आवास, स्वास्थ्य और परिवहन समेत सभी व्यवस्थाओं की समीक्षा की गई। मुख्य सचिव ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि राष्ट्रपति के प्रवास से जुड़े सभी इंतजाम निर्धारित प्रोटोकॉल और सुरक्षा मानकों के अनुरूप समय पर पूरे किए जाएं। राष्ट्रपति के संपूर्ण प्रवास कार्यक्रमों के लिए संस्कृति विभाग को नोडल विभाग बनाया गया है। प्रस्तावित कार्यक्रम के अनुसार राष्ट्रपति रायपुर में लोकभवन और बलबीर सिंह जुनेजा इंडोर स्टेडियम बूढ़ापारा में कार्यक्रमों में शामिल होंगी। इसके बाद जगदलपुर में लालबाग मैदान में मुरिया दरबार और बस्तर दशहरा के अवसर पर होने वाले विशाल सार्वजनिक कार्यक्रम में शामिल होना प्रस्तावित है।



एयरपोर्ट से कार्यक्रम स्थल तक विशेष व्यवस्था

बैठक में रायपुर और बस्तर के कलेक्टरों को प्रवास से संबंधित सभी जरूरी व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए। स्वामी विवेकानंद विमानतल रायपुर और मां दंतेश्वरी विमानतल जगदलपुर से कार्यक्रम स्थलों तक सुरक्षा, कारकेड और सड़क मार्ग से सुगम आवागमन की जिम्मेदारी संबंधित जिला प्रशासन, पुलिस आयुक्त और पुलिस अधीक्षकों को सौंपी गई है।

भाजपा व्यापार प्रकोष्ठ ने जीएसटी काउंसिल के फैसलों को बताया ऐतिहासिक

रायपुर। भाजपा व्यापार प्रकोष्ठ ने जीएसटी काउंसिल के फैसलों को ऐतिहासिक बताया है। देश के करोड़ों व्यापारियों को बड़ी राहत देने के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एवं केंद्रीय वित्तमंत्री निर्मला सीतारमण का छत्तीसगढ़ भाजपा व्यापार प्रकोष्ठ ने धन्यवाद ज्ञापित कर आभार जताया है। व्यापार प्रकोष्ठ के प्रदेश प्रभारी लाभचंद बाफना, श्रीचंद सुंदरानी, संयोजक सुभाष अग्रवाल, सह-संयोजक रमन अग्रवाल, नितिन अग्रवाल, सुनील रामदास, अनिल लुंकड़, नितेश दुबे, संतोष बैद, विजय जयसिंघानी, जितेंद्र गोलछा, सुषमा कोठारी, सुमित शर्मा एवं अन्य पदाधिकारियों ने संयुक्त रूप से कहा, प्रधानमंत्री के 'सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास' के संकल्प को आगे बढ़ाते हुए जीएसटी व्यवस्था को और अधिक सरल, पारदर्शी, तेज एवं व्यापार हितैषी बनाने की दिशा में लिए गए निर्णय निश्चित रूप से देश के व्यापार जगत में नई ऊर्जा और विश्वास का संचार करेंगे। वहीं रिफंड प्रक्रिया में तेजी, ईमानदार व्यापारियों के आईटीएस की सुरक्षा, छोटे व्यापारियों को आपराधिक कार्रवाई से राहत तथा जीएसटी पंजीयन प्रक्रिया को और मजबूत बनाने जैसे निर्णय यह स्पष्ट करते हैं कि मोदी सरकार की प्राथमिकता देश का व्यापारी, उद्योग और आर्थिक विकास है।

वाणिज्यिक कर विभाग में अफसर से लेकर निचले स्तर तक कर्मियों के थोक में तबादले

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

शासन के निर्देश पर राज्य के वाणिज्यिक कर विभाग में बड़े पैमाने पर तबादले किए गए हैं। अलग-अलग संवर्ग के कुल 164 अफसर-कर्मचारियों का स्थानांतरण किया गया है। इनमें राज्य कर संयुक्त आयुक्त, उपायुक्त, सहायक आयुक्त, राज्य कर अधिकारी, निरीक्षक और तृतीय-चतुर्थ श्रेणी के कर्मचारी शामिल हैं।

जारी तबादला आदेश में सबसे बड़ा फेरबदल सहायक आयुक्त संवर्ग में हुआ है। इस स्तर के 36 अधिकारियों की जिम्मेदारी बदली गई है। कई अधिकारियों को मुख्यालय से वृत्तों में भेजा गया है तो कई को बीआईयू और ऑडिट शाखाओं में नई जिम्मेदारी मिली है। रायपुर, बिलासपुर, दुर्ग, महासमुंद, राजनांदगांव, कोरबा, रायगढ़ और दूसरे जिलों के वृत्तों में भी बदलाव हुआ है। 10 ज्वाइंट कमिश्नर का भी तबादला किया गया है। रायपुर, दुर्ग, बिलासपुर, नवा रायपुर और जगदलपुर संभाग में पदस्थ अधिकारियों की जिम्मेदारियां बदली गई हैं। कुछ अधिकारियों को अपील और ऑडिट शाखाओं में भेजा गया है, जबकि कुछ को मुख्यालय और संभागीय कार्यालयों की जिम्मेदारी दी गई है।



इसलिए बड़े पैमाने पर तबादला

थोक में तबादला आदेश जारी होने से स्टेट जीएसटी का कामकाज प्रभावित होगा। स्थानांतरण का सबसे ज्यादा प्रभाव बीआईयू, ऑडिट और अपील शाखाओं में पड़ेगा। थोक में तबादला आदेश जारी करने का एक बड़ा कारण टैक्स वसूली, जांच और लंबित मामलों का जल्द से जल्द निपटारा करना है। बताया जा रहा है, थोक में स्थानांतरण आदेश जारी करने के लिए मुख्यमंत्री का समन्वय अनुमोदन भी प्राप्त किया गया है।

वर्गों के अनुसार तबादला सूची

राज्य कर संयुक्त आयुक्त	- 10 अधिकारी
राज्य कर उपायुक्त	- 13 अधिकारी
राज्य कर सहायक आयुक्त	- 36 अधिकारी
राज्य कर अधिकारी	- 28 अधिकारी
राज्य कर निरीक्षक	- 30 अधिकारी
तृतीय एवं चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी	- 47 कर्मचारी

न्यायालय नायब तहसीलदार उप तहसील सारागांव जिला - रायपुर (छ.ग.)

ईश्तहार

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक राजेन्द्र सिंह ठाकुर पिता स्व. नारायण सिंह ठाकुर निवासी समता कॉलोनी रायपुर जिला - रायपुर (छ.ग.) के आवेदन अनुसार ग्राम तर्रा प.ह.नं. 11 तहसील धरसींवा स्थित भूमि ख.नं. 205/2, 207/2, 208/4, 348/2, 586 रकबा क्रमशः 0.0320, 0.0970, 0.1660, 0.0490, 0.0200 हे. कुल खसरा 5 कुल रकबा 0.3640 हे. भूमि आवेदक के पिता नारायण सिंह ठाकुर के नाम पर दर्ज है, नारायण सिंह ठाकुर की मृत्यु दिनांक 21/08/2011 को हो जाना लेख किया है, अतः वाद भूमि के राजस्व अभिलेखों से मृतक नारायण सिंह ठाकुर का नाम विलोपित उनके वारिसानों का नाम दर्ज किये जाने हेतु आवेदन पेश किया है। उक्त संबध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को आपत्ति हो तो स्वयं या अपने अभिभाषक के माध्यम से इस न्यायालय में नियत दिनांक 22/10/2026 को उपस्थित होकर दावा / आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है, नियत दिनांक के बाद प्राप्त दावा / आपत्ति पर विचार नहीं किया जावेगा।

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 06/10/2026 को जारी किया जाता है।

नायब तहसीलदार
उप तहसील सारागांव
जिला - रायपुर (छ.ग.)

मुहर

न्यायालय तहसीलदार तहसील धरसींवा जिला रायपुर (छत्तीसगढ़)

// ईश्तहार //

रा.मा.क्र../ /अ/6 वर्ष 2025-26
धरसींवा, दिनांक 08/10/2026

एतद द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक अनिल कुमार वर्मा पिता स्व. आत्माराम वर्मा निवासी बस्ती पारा, वार्ड नंबर 11, सिलतरा, तहसील धरसींवा, जिला रायपुर (छ.ग.) द्वारा पंजीकृत हकत्याग विलेख के आधार पर नाम विलोपित बाबत आवेदन प्रस्तुत कर उल्लेख किया है कि ग्राम सिलतरा प.ह.न. 20 रा.नि.म. रायपुर-15 धरसींवा, तहसील धरसींवा जिला रायपुर में स्थित भूमि खसरा नंबर 783/3 रकबा 0.0010 हे., ख.न. 768/3 रकबा 0.0400 हे., भूमि आवेदक अनिल कुमार वर्मा एवं अनावेदकगण श्रीमती ज्योति वर्मा एवं मनीष देव वर्मा के नाम पर धारित की जाती है। जिसमें अनावेदकगण श्रीमती ज्योति वर्मा एवं मनीष देव वर्मा द्वारा आवेदित भूमि को पंजीकृत हकत्याग विलेख दिनांक 01.07.2026 को आवेदक के पक्ष में निष्पादन किया गया है। आवेदक द्वारा आवेदित भूमि से पंजीकृत हकत्याग विलेख के आधार पर अनावेदक श्रीमती ज्योति वर्मा एवं मनीष देव वर्मा का नाम विलोपित कर आवेदक अपना नाम यथावत रखे जाने का निवेदन किया गया है।

अतः आवेदक द्वारा प्रस्तुत नाम विलोपित किये जाने बाबत आवेदन के संबंध में जिस किसी व्यक्ति/संस्था को दावा/आपत्ति प्रस्तुत करना हो वे नियत सुनवाई दिनांक 22/10/2026 तक स्वतः अथवा वैध प्रतिनिधि के माध्यम से इस न्यायालय में उपस्थित होकर दावा/आपत्ति प्रस्तुत कर सकते हैं। नियत समयावधि के बाद प्राप्त दावा/आपत्ति पर न्यायालय द्वारा विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 08/10/2026 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुहर से जारी किया गया।

तहसीलदार,
धरसींवा

मुहर

// आम सूचना //

(प्लाट नं. क्रमशः 19, 20, 21 एवं 22, खसरा नं. 194, 195, 196/1, 196/2, 198/2, सर्विलियन पश्चात खसरा नम्बर 15004/1 का भाग, नामांतरण पश्चात खसरा नम्बर 15004/47, 15004/45, 15004/44 एवं 15004/46, रकबा 760, 760, 760 एवं 760 वर्गफुट कुल रकबा 3040 वर्गफुट "खुशी सिटी" ग्राम पुरैना, तह. व जिला रायपुर से संबंधित)

सर्वसाधारण को एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि हमारे मुवक्किलगण श्री हेमराज पालीवाल पिता श्री रामचंद्र पालीवाल निवासी खुशी सिटी पुरैना, तह. व जिला रायपुर (छ.ग.) ने मोहम्मद इरफान शाह पिता मोहम्मद अतहर शाह, निवासी गरीब नवाज मस्जिद के पास, संजय नगर, रायपुर, तह. व जिला रायपुर (छ.ग.) से उनके स्वामीत्व एवं आधिपत्य की आवासीय परिवर्तित भूमि प्लाट नं. प्लाट नं. क्रमशः 19, 20, 21 एवं 22, खसरा नं. 194, 195, 196/1, 196/2, 198/2, सर्विलियन पश्चात खसरा नम्बर 15004/1 का भाग, नामांतरण पश्चात खसरा नम्बर 15004/47, 15004/45, 15004/44 एवं 15004/46, रकबा 760, 760, 760 एवं 760 वर्गफुट, कुल रकबा रा.नि. 3040 वर्गफुट भूमि, स्थित "खुशी सिटी", रानी दुर्गावति वार्ड क्र. 49, ग्राम पुरैना, प.ह.नं. 67, मं. रायपुर-01, तह. व जिला रायपुर (छ.ग.) मे स्थित को क्रय करने का सौदा पक्का कर ब्याने की राशि विक्रेता को दे चुके हैं एवं अब केवल शेष राशि का भुगतान कर रजिस्ट्री कराना शेष है।

यदि उपरोक्त वर्णित कराऱशुदा सम्पत्ति के सौदे पर किसी भी बैंक, साहूकार, व्यक्ति, वित्तीय संस्था एवं शासन आदि को किसी प्रकार की उजर या दावा हो तो ऐसे उजर व दावे को इस आम सूचना के प्रकाशन के 7 (सात) दिनों के अंदर दस्तावेजी साक्ष्य के साथ हमारे समक्ष हमारे कार्यालय में कार्यालयीन समय 11 से 5 बजे के बीच लिखित में प्रस्तुत करें। अन्यथा बाद म्याद बीतने पर हमारे मुवक्किल द्वारा रजिस्ट्री बैनामा करा लिया जावेगा। तत्पश्चात किसी भी प्रकार के किये गए उजर या दावे अमान्य व अवैध होंगे जो हमारे पक्षकारों पर बंधनकारी नहीं होंगे। जो सूचना जाने ।

रायपुर (छ.ग.)
दिनांक 08.10.2026

एन. के. साहू (अधिवक्ता)
श्रीवास्तव एण्ड एसोसिएट्स, एडव्होकेट्स चेम्बर आफिस नं. एफ-33, हीरा आर्केड, पुराना बस स्टैण्ड, एण्डरी, रायपुर (छ.ग.) मो.नं. 9301286272

पत्र क्रं /34982/न. पा. नि. जोन क्रं - 10/2026
रायपुर, दिनांक 07-10-2026

ईश्तहार

नामांतरण प्र.क्र. 34982
वार्ड का नाम - 54 - कामरेड सुधीर मुखर्जी वार्ड

एतद द्वारा सूचित किया जाता है कि वार्ड 54 स्थित भवन / भूमि जिसका प्रॉपर्टी आई. डी. RPR652M1848M जो की निगम अभिलेख श्री / श्रीमती PRADEEP KUMAR MUKHARJEE पिता / पति श्री / श्रीमती KARAM CHAND MUKHARJEE के नाम से दर्ज है जिसको श्री / श्रीमती CHETAN SINGH CHAUHAN पिता / पति श्री / श्रीमती S/O KHELAN SINGH CHAUHAN ने मृत्यु प्रमाण पत्र, सह पत्र, शपथ पत्र, दान पत्र, हिब्बानामा, रजिस्ट्री विलेख के अनुसार / पंजीकृत विक्रय विलेख / वंशानुक्रम / अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत द्वारा आवेदन किया है। यदि कोई व्यक्ति / संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते है, प्रकाशन के 15 दिन के भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा / प्रस्तुत करे। निर्धारित समयावधि पश्चात प्राप्त दावा / आपत्ति पर किसी प्रकार की सुनवाई नहीं की जाएगी। जिसके लिए यह कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगा।

"सूचना जारी करे"

श्री मोनेश्वर शर्मा
(जोन कमिश्नर) जोन (10)
नगर पालिक निगम, रायपुर (छ.ग.)



खबर संक्षेप

लोभ हावी हुआ तो न्याय-नीति और सद्व्यवहार से दूर हो जाता है जीव

रायपुर। विवेकानंद नगर स्थित ज्ञानवल्लभ उपाश्रय में जारी सर्वमंगलमय वर्षावास की



प्रवचनमाला में गुरुवार को मुनिश्री संवेगरत्न सागर ने लोभ ध्यान से बचने का संदेश दिया। आचार्य वीरभद्राचार्य रचित 'आतुर प्रत्याख्यान' ग्रंथ के माध्यम से मुनिश्री ने लोभ को आत्मकल्याण और मोक्ष के मार्ग में बाधक बताया। उन्होंने आगे बताया कि राग के कारण ही लोभ ध्यान चलता रहता है। लोभ जितना हावी होता है, जीव उतना ही न्याय, नीति और सद्व्यवहार से दूर होता जाता है। लोभ में फंसा व्यक्ति सांसारिक वस्तुओं के संग्रह और इच्छाओं की पूर्ति में उलझ जाता है। इससे उसके आचरण में विकार आने लगते हैं और वह अतिचार -अनाचार की ओर बढ़ सकता है। मुनिश्री ने कहा कि लोभ ध्यान के कारण जीव देव, गुरु और धर्म के सान्निध्य से भी दूर हो जाता है।

वनोपज से आजीविका बढ़ाने की पहल को सराहा

रायपुर। छत्तीसगढ़ में लघु वनोपज आधारित आजीविका और महिला सशक्तिकरण के लिए संचालित वन धन विकास केंद्रों के मॉडल को नीति आयोग ने अन्य राज्यों के लिए उपयोगी और अनुकरणीय बताया है। नीति आयोग के विकास निगरानी एवं मूल्यांकन कार्यालय (डीएमईओ) के दल ने राज्य का अध्ययन भ्रमण कर वन धन विकास केंद्रों की कार्यप्रणाली और जनजातीय समुदायों के लिए आजीविका के अवसर बढ़ाने की पहल का अध्ययन किया। दल ने विशेष रूप से महिला स्वसहायता समूहों को वनोपज के संग्रहण से लेकर प्रसंस्करण, मूल्य संवर्धन और विपणन तक की गतिविधियों से जोड़ने के प्रयासों की सराहना की। नीति आयोग की महानिदेशक निधि छिब्बर के नेतृत्व में आए दल को छत्तीसगढ़ राज्य लघु वनोपज संघ की प्रबंध संचालक संजीता गुप्ता ने राज्य में संचालित आजीविका गतिविधियों की जानकारी दी।

नवनीत बने जनता कांग्रेस छत्तीसगढ़ (जे) के उपाध्यक्ष

रायपुर। जनता कांग्रेस छत्तीसगढ़ (जे) के अध्यक्ष अमित जोगी ने



बस्तर के जुझारू एवं संघर्षशील नेता नवनीत चांद को पार्टी का उपाध्यक्ष नियुक्त किया है। श्री जोगी ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'X' के माध्यम से उनकी नियुक्ति की जानकारी देते हुए कहा कि कठिन परिस्थितियों में भी पार्टी के काम को लगातार आगे बढ़ाते रहने का नवनीत चांद का जुझारू जज्बा ही आज जेसीसीजे 2.0 की सबसे बड़ी जरूरत है। यह नियुक्ति इस बात का भी संदेश है कि जनता कांग्रेस छत्तीसगढ़ (जे) अपने उन कार्यकर्ताओं और नेताओं को आगे बढ़ा रही है, जिन्होंने कठिन समय में भी पार्टी का साथ नहीं छोड़ा और छत्तीसगढ़ के जनहित के मुद्दों को लेकर मैदान में संघर्ष जारी रखा।

रेलमंत्री के सामने उठेगी ट्रेनों की लेटलतीफी की समस्या, नई ट्रेनों की मांग भी

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

आरपीएफ के स्थापना दिवस के अवसर पर कार्यक्रम में शामिल होने के लिए रेलमंत्री अश्वनी वैष्णव के 12 अक्टूबर को रायपुर आगमन के मद्देनजर रेलवे प्रशासन ने तैयारियां तेज कर दी हैं। स्टेशन पर यात्री सुविधाओं को बेहतर करने के साथ रेलवे से जुड़े संगठनों और सलाहकार समितियों के सदस्य भी रेलमंत्री के समक्ष यात्रियों से जुड़ी समस्याएं और नई मांगें रखने की तैयारी में हैं। रेलमंत्री से समय मिलने पर उन्हें समस्याओं से अवगत कराएंगे। सदस्यों के अनुसार, दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे में इस समय यात्रियों की सबसे बड़ी परेशानी ट्रेनों की लेटलतीफी बनी हुई है। यात्री संगठनों व सलाहकार समिति के सदस्यों का कहना है कि कई ऐसे रेल सफर, जिन्हें पूरा करने में करीब एक घंटे का समय लगना चाहिए, उनमें यात्रियों को दो घंटे से अधिक समय लग रहा है। खासकर लोकल ट्रेनों की समयबद्धता को लेकर यात्रियों में नाराजगी है। उनका कहना है कि लोकल ट्रेनों के संचालन की स्थिति लगातार खराब होती जा रही है और इसका सीधा असर रोजाना सफर करने वाले यात्रियों पर पड़ रहा है।

अवैध वेंडर्स पर कार्रवाई की मांग

रेलमंत्री के सामने अवैध वेंडर्स का मुद्दा भी उठाया जाएगा। सदस्यों के अनुसार रायपुर और आसपास की ट्रेनों में अनधिकृत वेंडर्स की संख्या बढ़ रही है। इन पर प्रभावी कार्रवाई की जरूरत है। यात्रियों से तय मूल्य से अधिक राशि वसूलकर सामान बेचने की शिकायतें भी सामने आती हैं। ऐसे मामलों में अनधिकृत वेंडरों पर रोक लगाने की मांग रखी जाएगी।

रेलवे संगठन व सलाहकार समितियों के सदस्य रखेंगे यात्रियों की समस्याएं



सुबह 9 से दोपहर 12 बजे के बीच दुर्ग-बिलासपुर के लिए नई ट्रेनों की मांग

सुबह के समय नई ट्रेनों की जरूरत

सलाहकार समितियों के सदस्य रायपुर से बिलासपुर के बीच सुबह के समय ट्रेनों की उपलब्धता बढ़ाने की मांग भी रेलमंत्री के सामने रखेंगे। उनका कहना है कि सुबह करीब 8.30 बजे से पहले रायपुर से बिलासपुर के लिए तीन-चार ट्रेनें आसपास के समय में उपलब्ध हैं। इसके बाद 9.15 बजे जेडी पैसेंजर है, जिसकी समयबद्धता को लेकर यात्रियों को हमेशा शिकायत रहती है। इसके बाद अगली प्रमुख ट्रेन 12.15 बजे इंटरसिटी है। सदस्यों का कहना है कि रायपुर प्रदेश की राजधानी है और बड़ी संख्या में कर्मचारी, विद्यार्थी व अन्य यात्री रोजाना बिलासपुर की ओर आवागमन करते हैं। ऐसे में सुबह 9 से दोपहर 12 बजे के बीच दुर्ग से बिलासपुर के लिए दो-तीन लोकल या एक्सप्रेस ट्रेनों का संचालन किया जाए तो यात्रियों को काफी राहत मिल सकती है।

इंटरसिटी का समय शाम 5 बजे करने की मांग

वापसी के लिए बिलासपुर से इंटरसिटी को शाम 5 बजे चलाने की मांग भी रखी जाएगी। इससे कार्यालयों में काम करने वाले कर्मचारियों को समय पर घर लौटने की सुविधा मिल सकेगी। सलाहकार समिति के सदस्यों का कहना है कि इन मांगों का उद्देश्य रोजाना यात्रा करने वाले यात्रियों को समयबद्ध और बेहतर रेल सुविधा उपलब्ध कराना है।

जेडी पैसेंजर में डिब्बे बढ़ाने समय पर चलाने की मांग

रेलवे यात्री संगठन का कहना है कि जेडी पैसेंजर ट्रेन में डिब्बों की संख्या भी बढ़ाई जानी चाहिए। यात्रियों की संख्या को देखते हुए ट्रेन में कम से कम दो से चार अतिरिक्त डिब्बे जोड़े जाएं। साथ ही ट्रेन का संचालन निर्धारित समय के अनुसार किया जाए। यात्रियों की शिकायत है कि ट्रेन को कई बार बिना स्पष्ट कारण रास्ते में लंबे समय तक रोक दिया जाता है। इससे यात्रियों को काफी परेशानी होती है और उनका सफर लंबा हो जाता है। कई बार मालगाड़ियों को आगे निकालने के लिए यात्री ट्रेनों को रोक दिया जाता है। इससे लोकल यात्रियों को घंटों देरी का सामना करना पड़ता है।

एसआईआर : मतदाता सूची में 11.8 प्रतिशत घट गई मतदाताओं की संख्या

रायपुर में सबसे ज्यादा, खैरागढ़ छुईखदान गंडई में सबसे कम मतदाताओं के नाम कटे

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

छत्तीसगढ़ में विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) के बाद मतदाता सूची में 24 लाख 99 हजार 823 नाम कम हो गए हैं। निर्वाचन आयोग द्वारा जारी अंतिम मतदाता सूची के अनुसार, प्रदेश में मतदाताओं की संख्या 2 करोड़ 12 लाख 30 हजार 737 से घटकर 1 करोड़ 87 लाख 30 हजार 914 रह गई है। मतदाताओं की संख्या में करीब 11.8 प्रतिशत की कमी दर्ज की गई है।

जिलेवार आंकड़ों में रायपुर सबसे आगे है। यहां मतदाता सूची से 4 लाख 98 हजार 556 नाम कम हुए हैं। दूसरे स्थान पर बिलासपुर है, जहां 3 लाख 34 हजार 516 और तीसरे स्थान पर दुर्ग है, जहां 2 लाख 7 हजार 660 नाम कम हुए। इन तीन जिलों में ही कुल कमी का बड़ा हिस्सा दर्ज किया गया है। खैरागढ़-छुईखदान-गंडई में सबसे कम मतदाताओं के नाम कटे हैं। यहां मतदाता सूची में 9843 नाम कम हुए हैं।

अंतिम मतदाता सूची में 1.87 करोड़ मतदाता

इन जिलों में इतने मतदाता हुए कम

इसके अलावा कोरबा में 1 लाख 33 हजार 268, बलौदाबाजार में 1 लाख 8 हजार 616, महासमुंद में 89 हजार 549 और बेमेतरा में 76 हजार 733 नाम कम हुए। सरगुजा में 72 हजार 670, रायगढ़ में 71 हजार 974, जशपुर में 65 हजार 165 और सूरजपुर में 65 हजार 26 नाम कम हुए।बस्तर संभाग के जिलों में भी मतदाता सूची में कमी दर्ज की गई। बस्तर में 51 हजार 302, बीजापुर में 36 हजार 472, सुकमा में 30 हजार 521, कांकेर में 29 हजार 328, कोंडागांव में 23 हजार 360, दंतेवाड़ा में 22 हजार 148 और नारायणपुर में 17 हजार 613 नाम कम हुए।'



पांच जिलों में 50% से अधिक की कमी

जिलेवार आंकड़ों के अनुसार रायपुर में एसआईआर से पहले 18 लाख 92 हजार 523 मतदाता थे, जबकि अंतिम सूची में 13 लाख 93 हजार 967 मतदाता रह गए। इस तरह रायपुर में 4 लाख 98 हजार 556 की कमी दर्ज हुई। इसके बाद बिलासपुर में 3 लाख 34 हजार 516, दुर्ग में 2 लाख 7 हजार 660, कोरबा में 1 लाख 33 हजार 268 और बलौदाबाजार में 1 लाख 8 हजार 616 मतदाताओं की कमी हुई। इन पांच जिलों में ही कुल 12 लाख 82 हजार 616 मतदाताओं की कमी हुई, जो प्रदेश में हुई कुल कमी का करीब 51.3 प्रतिशत है।

19.13 लाख अनुपस्थित

हटाए गए नामों में 19 लाख 13 हजार 540 मतदाता अनुपस्थित या स्थानांतरित श्रेणी में दर्ज किए गए। वहीं, निर्वाचन आयोग की प्रक्रिया में मृत, स्थानांतरित, अनुपस्थित और 1,79,043 की पहचान दोहरे नामों के रूप में की गई। 1,84,95,920 गणना प्रपत्र प्राप्त हुए थे। एसआईआर की अंतिम प्रक्रिया में दावे-आपत्तियों के बाद 2,34,994 नाम फिर जोड़े गए और आंता संख्या 1,87,30,914 रही।

6 लाख मतदाता मृत पाए गए

उल्लेखनीय है कि एसआईआर के दौरान छत्तीसगढ़ में बड़ी संख्या में मतदाताओं के नाम सूची से कट गए थे। एसआईआर के बाद करीब 24.99 लाख मतदाताओं के नाम काटे गए थे। इनमें 6 लाख से ज्यादा मतदाता मृत पाए गए थे। एसआईआर के घर-घर सत्यापन के दौरान छत्तीसगढ़ में 6,42,234 मतदाता मृत पाए गए थे। यह कुल एसआईआर-पूर्व मतदाताओं का लगभग 3 प्रतिशत है।

बस्तर संभाग की मतदाता संख्या में भी आई कमी

दूसरी ओर, बस्तर संभाग के जिलों में भी मतदाता संख्या में कमी दर्ज हुई। बस्तर में 51,302, बीजापुर में 36,472, सुकमा में 30,521, कांकेर में 29,328, कोंडागांव में 23,360, दंतेवाड़ा में 22,148 और नारायणपुर में 17,613 मतदाताओं की कमी हुई। निर्वाचन विभाग के अनुसार एसआईआर के दौरान बीएलओ ने घर-घर सर्वे कर मृत, स्थायी रूप से स्थानांतरित और एक से अधिक स्थानों पर दर्ज मतदाताओं की पहचान की। कुल 2,12,30,737 मतदाताओं में से 1,84,95,920 के गणना प्रपत्र प्राप्त हुए और उनका डिजिटलीकरण किया गया।

मतदाता संख्या में भी आई कमी

दूसरी ओर, बस्तर संभाग के जिलों में भी मतदाता संख्या में कमी दर्ज हुई। बस्तर में 51,302, बीजापुर में 36,472, सुकमा में 30,521, कांकेर में 29,328, कोंडागांव में 23,360, दंतेवाड़ा में 22,148 और नारायणपुर में 17,613 मतदाताओं की कमी हुई। निर्वाचन विभाग के अनुसार एसआईआर के दौरान बीएलओ ने घर-घर सर्वे कर मृत, स्थायी रूप से स्थानांतरित और एक से अधिक स्थानों पर दर्ज मतदाताओं की पहचान की। कुल 2,12,30,737 मतदाताओं में से 1,84,95,920 के गणना प्रपत्र प्राप्त हुए और उनका डिजिटलीकरण किया गया।

सफाई कर्मियों के हितों की रक्षा-कार्यस्थल पर सुरक्षा मानकों का कड़ाई से हो पालन



हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

राष्ट्रीय सफाई कर्मचारी आयोग के उपाध्यक्ष कैशब बिहारी ने गुरुवार को कलेक्टोरेट स्थित रेडक्रॉस भवन में सफाई कर्मचारियों के कल्याण, सुरक्षा, पुनर्वास एवं शासन की योजनाओं के क्रियान्वयन की समीक्षा की।

इस दौरान उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि सफाई कर्मचारियों के हितों की रक्षा, कार्यस्थल पर सुरक्षा मानकों का कड़ाई से पालन, आवश्यक सुरक्षा उपकरणों की उपलब्धता तथा शासन की कल्याणकारी योजनाओं का लाभ प्रत्येक पात्र सफाई कर्मचारी तक पहुंचाना सर्वोच्च प्राथमिकता के साथ सुनिश्चित किया जाए।

सुविधा-हितों से जुड़े विषयों पर चर्चा

बैठक में हाथ से मैला उठाने वाले कर्मियों के नियोजन का प्रतिषेध एवं उनका पुनर्वास अधिनियम 2013 के प्रभावी क्रियान्वयन सहित जिले में कार्यरत सफाई कर्मचारियों को शासन द्वारा प्रदान की जा रही सुविधाओं एवं उनके हितों से जुड़े विभिन्न विषयों पर विस्तृत चर्चा हुई। उपाध्यक्ष कैशब बिहारी ने उपस्थित अधिकारियों से उनके-अपने विभागों एवं संस्थानों में कार्यरत सफाई कर्मचारियों की संख्यात्मक जानकारी लेते हुए उन्हें उपलब्ध कराई जा रही सुविधाओं, सुरक्षा, इंश्योरेंस, पेंशन, स्वास्थ्य सुविधा एवं अन्य कल्याणकारी योजनाओं की स्थिति की जानकारी ली। उन्होंने कहा कि सफाई कर्मचारियों की सुरक्षा और सम्मान से किसी भी प्रकार का समझौता नहीं होना चाहिए तथा संबंधित विभाग नियमित रूप से सुरक्षा व्यवस्थाओं की समीक्षा करें।

सेप्टिक टैंक दुर्घटना में 3 मौत की दी जानकारी

बैठक में रायपुर के रामकृष्ण केयर अस्पताल में घटित सेप्टिक टैंक दुर्घटना की भी समीक्षा की गई, जिसमें तीन श्रमिकों की मृत्यु हुई थी। इस संबंध में तैयार जांच एवं कार्रवाई प्रतिवेदन पर चर्चा करते हुए कलेक्टर डॉ. गौरव सिंह ने बताया कि सहायक पुलिस आयुक्त, जोन पश्चिम, कमिश्नरेट रायपुर द्वारा प्रस्तुत प्रतिवेदन के आधार पर थाना टिकरापारा में अपराध दर्ज कर वैधानिक विवेचना की जा रही है।

लोन राइट ऑफ हो रहे, आम जनता की बढ़ रही ईएमआई

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

भारतीय रिजर्व बैंक की ओर से रेपो रेट बढ़ाए जाने को लेकर कांग्रेस ने केंद्र सरकार पर निशाना साधा है। प्रदेश कांग्रेस संचार प्रमुख सुशील आनंद शुक्ला ने आरोप लगाया कि महंगाई, घटती आमदनी और कम होती बचत के बीच रेपो रेट बढ़ने से आम आदमी पर कर्ज की किस्तों का अतिरिक्त बोझ बढ़ गया है। उन्होंने कहा, होम लोन, कार लोन, शिक्षा और व्यक्तिगत ऋण के साथ ट्रैक्टर, कृषि उपकरण और किसान क्रेडिट कार्ड के कर्ज पर भी ब्याज का असर पड़ेगा।

उन्होंने कहा, आम जनता पहले से ही खाद्य पदार्थों और ईंधन की महंगाई से परेशान है। ऐसे में कर्ज की बढ़ती किस्तें मध्यम वर्ग और गरीब परिवारों की आर्थिक मुश्किलें और बढ़ा रही हैं।



कर्ज की बढ़ती किस्तों ने मध्यम वर्ग और गरीब परिवारों का बढ़ाया बोझ : सुशील

जीएसटी संग्रह को लेकर भी सवाल

उन्होंने कहा कि भाजपा केंद्र में मजबूत अर्थव्यवस्था और छत्तीसगढ़ में सुशासन का दावा करती है, लेकिन नीतियों के स्तर पर कई सवाल सामने आ रहे हैं। उन्होंने जीएसटी संग्रह का उल्लेख करते हुए कहा, सरकार को लक्ष्य से अधिक राजस्व मिलने के बावजूद आम जनता पर कर और महंगाई का दबाव कम नहीं हो रहा है।

कैट ने केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण, जीएसटी परिषद के सदस्यों का जताया आभार

जीएसटी परिषद के फैसलों से व्यापारियों को मिली राहत

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

जीएसटी परिषद की 57वीं बैठक में व्यापार एवं उद्योग हित में लिए गए महत्वपूर्ण निर्णयों का कैट ने स्वागत किया है। कैट के नेशनल वाइस चेयरमैन एवं राष्ट्रीय व्यापारी कल्याण बोर्ड के सदस्य अमर पारवानी, छत्तीसगढ़ इकाई के चेयरमैन विक्रम सिंह देव, प्रदेश अध्यक्ष परमानंद जैन ने संयुक्त रूप से बताया कि जीएसटी परिषद की बैठक में उद्योग जगत के हित में लिए गए महत्वपूर्ण निर्णयों का स्वागत करते हुए केंद्रीय वित्त एवं कॉर्पोरेट कार्य मंत्री तथा जीएसटी परिषद की अध्यक्ष निर्मला सीतारमण एवं जीएसटी परिषद के सभी सदस्यों के प्रति आभार एव्यक्त किया है। अमर पारवानी ने कहा कि इन निर्णयों से जीएसटी व्यवस्था अधिक सरल, पारदर्शी, तकनीक आधारित एवं व्यापारी-अनुकूल बनेगी तथा व्यापारियों को अनुपालन, कार्यशील पूंजी, परिवहन एवं विभागीय कार्यवाही में महत्वपूर्ण राहत मिलेगी।

मिलने वाले प्रमुख लाभ

- जीएसटी में गिरफ्तारी के प्रावधान को समाप्त करने की दिशा में कदम
- धारा 69 को हटाने की सिफारिश से ईमानदार व्यापारियों में गिरफ्तारी के भय को कम करने और जीएसटी व्यवस्था को भय से विश्वास की ओर ले जाने में मदद मिलेगी।
- वास्तविक खरीदारों के आईटीसी की सुरक्षा
- अभियोजन की सीमा 1 करोड़ से बढ़ाकर 5 करोड़ रुपए
- छोटे ऑनलाइन व्यापारियों के लिए नए अवसर
- इससे छोटे एवं मध्यम व्यापारियों को कठोर अभियोजन की कार्यवाही से बड़ी राहत मिलेगी।
- सामान्य जुर्माने की अधिकतम सीमा 25 हजार से घटाकर 10 हजार रुपए।
- जीएसटी रिफंड प्रक्रिया तेज और अधिक स्वचालित जीएसटी रिफंड प्रक्रिया तेज एवं अधिक स्वचालित
- ई-वे बिल एवं माल परिवहन में राहत
- जीएसटी पंजीयन, कैंसिलेशन अधिक सरल।

सुविधा देने की सिफारिश

निर्धारित शर्तों के अधीन छोटे विक्रेताओं को बिना भौतिक प्रतिष्ठान के अन्य राज्यों में ऑनलाइन व्यापार करने के लिए सरल जीएसटी पंजीयन की सुविधा देने की सिफारिश की गई है।

उरला एसोसिएशन ने गिनाईं उद्योगों की समस्याएं, समाधान की मांग

रायपुर। उरला इंडस्ट्रीज एसोसिएशन ने प्रदेश के उद्योगों से जुड़ी समस्याओं के निराकरण और औद्योगिक विकास को गति देने के लिए राज्य सरकार के समक्ष विभिन्न मांगें और सुझाव रखे हैं।

एसोसिएशन ने जारी पत्र में औद्योगिक क्षेत्रों में व्याप्त समस्याओं के समाधान के लिए ठोस कदम उठाने की मांग की है। उरला एसोसिएशन के अध्यक्ष अश्विन गर्ग के पत्र में औद्योगिक क्षेत्रों से संबंधित विभिन्न बिंदुओं पर सरकार का ध्यान आकर्षित किया गया है।

उन्होंने कहा कि एक तरफ बाहर से छग में निवेश की बात की जा रही है और दूसरी ओर यहां के उद्योगों की हालत खराब हो रही है। बिजली भी यहां एक बड़ी समस्या है।

बिजनेस साइट

संजीवनी में हॉस्पिस एवं पैलिएटिव केयर पर जागरूकता कार्यक्रम

रायपुर। विश्व हॉस्पिस एवं पैलिएटिव केयर दिवस पर संजीवनी सुपरस्पेशलिटी हॉस्पिटल में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। इसमें अस्पताल की



डायरेक्टर शबाना मेमन, इनकम टैक्स कमिश्नर ऋतुपर्णा नामदेव, पेन एवं पैलिएटिव मेडिसिन विशेषज्ञ डॉ. अविनाश तिवारी, सर्जिकल विभागाध्यक्ष डॉ. अर्पण चतुर्मोहता, सीईओ श्रीनि अवस्थी और डॉ. हितेन मिस्त्री मौजूद रहे। मरीजों के केयरगिवर्स ने भी अनुभव साझा किए। बताया गया कि संजीवनी में छत्तीसगढ़ की पहली 10-बेड वाली हॉस्पिस केयर सुविधा संचालित हो रही है, जिसे एक वर्ष पूरा हो चुका है। डॉ. अविनाश तिवारी ने कहा कि पैलिएटिव केयर केवल जीवन के अंतिम चरण तक सीमित नहीं है। कैंसर और अन्य गंभीर बीमारियों में यह दर्द, शारीरिक तकलीफ, मानसिक तनाव और भावनात्मक चुनौतियों से राहत देने में मदद करती है। विशेषज्ञों ने कहा कि गंभीर बीमारी के उपचार के साथ मरीज की जीवन गुणवत्ता, आराम और मानसिक स्वास्थ्य का ध्यान रखना भी जरूरी है। कार्यक्रम में मरीजों और परिजनों के लिए समग्र एवं संवेदनशील देखभाल की जरूरत पर जोर दिया गया।

शहीदों की स्मृति में बनाए जाएंगे स्मारक

नक्सल प्रकरणों की वापसी की प्रक्रिया होगी तेज

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

उप मुख्यमंत्री एवं गृहमंत्री विजय शर्मा ने गुरुवार को महानदी भवन नवा रायपुर अटलनगर में नक्सल प्रकरणों की वापसी, आत्मसमर्पित नक्सलियों के पुनर्वास, नक्सल प्रभावित क्षेत्रों में विकास कार्यों तथा नक्सल हिंसा से प्रभावित जवानों एवं नागरिकों के परिवारों को दी जा रही सहायता की विस्तृत समीक्षा की।

उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि नक्सल प्रकरणों में निरुद्ध एवं न्यायालयों में प्रक्रियाधीन लोगों के मामलों में संवेदनशीलता के साथ कार्रवाई की जाए। गंभीर अपराध, जनहानि तथा गैरकानूनी गतिविधियां (रोकथाम) अधिनियम (यूएपीए) से संबंधित मामलों को छोड़कर अन्य पात्र प्रकरणों की वापसी के लिए निर्धारित प्रक्रिया को शीघ्र अंतिम रूप दिया जाए। उन्होंने कहा कि प्रकरणों की वापसी की कार्रवाई नियमानुसार और समयबद्ध तरीके से आगे बढ़ाई जाए।

प्रकरण वापसी पर जिलेवार समीक्षा

उप मुख्यमंत्री श्री शर्मा ने बैठक में सभी जिलों से प्राप्त प्रकरण वापसी संबंधी आवेदनों की जिलावार एवं प्रकरणवार समीक्षा की। उन्होंने अधिकारियों से प्रत्येक प्रकरण की वर्तमान स्थिति और अब तक की गई कार्रवाई की जानकारी ली। उन्होंने प्रकरण वापसी के लिए प्रस्तावित संपूर्ण प्रक्रिया पर विस्तार से चर्चा करते हुए इसे जल्द से जल्द तैयार करने के निर्देश दिए। उन्होंने सभी संबंधित जिलों में जिला स्तरीय प्रकरण वापसी समितियों की बैठक अगले 15 दिनों के भीतर आयोजित कर आवश्यक कार्रवाई सुनिश्चित करने को कहा।



900 पुनर्वासितों की राज्य वापसी पर जताई खुशी

उप मुख्यमंत्री श्री शर्मा ने अब तक लगभग 900 पुनर्वासितों के राज्य वापस लौटने पर हर्ष व्यक्त किया। उन्होंने सभी पुनर्वासितों को मोबाइल फोन और प्रशिक्षण किट उपलब्ध कराने के साथ उनके आवश्यक पहचान पत्र एवं राशन कार्ड बनवाने के निर्देश दिए। उन्होंने पुनर्वास से संबंधित व्यवस्थाओं के साथ हथियारों की मैपिंग के संबंध में भी अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए।

स्मारक बनाएं

उप मुख्यमंत्री श्री शर्मा ने नक्सल घटनाओं में शहीद जवानों एवं जान गंवाने वाले आम नागरिकों की स्मृति में स्मारक निर्माण की योजना की समीक्षा की। उन्होंने स्मारकों के लिए तैयार किए गए मानक डिजाइन पर चर्चा करते हुए निर्देश दिए कि इन स्मारकों को केवल स्मृति स्थल तक सीमित न रखकर जनोपयोगी स्वरूप भी दिया जाए।

अगले महीने तक करें ये काम

उप मुख्यमंत्री श्री शर्मा ने नक्सल घटनाओं में शहीद हुए जवानों की स्मृति को स्थायी सम्मान देने के लिए सार्वजनिक स्थलों के नामकरण संबंधी कार्यों की भी समीक्षा की। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि सामुदायिक भवन, पंचायत भवन, आंगनबाड़ी भवन, मार्ग, चौक-चौराहों, बाजार और स्कूल मैदान सहित विभिन्न सार्वजनिक स्थलों का नामकरण शहीदों के नाम पर करने के लिए सभी आवश्यक कार्रवाई अगले महीने तक पूर्ण की जाए।

पेज 11 के शेष

डब्ल्यूआरएस में 101 फीट के...

पुतले तैयार किए जा रहे हैं। इधर छत्तीसगढ़ नगर के दशहरा मैदान में रावण के सिर का हिस्सा कारीगरों ने तैयार कर लिया है, मेघनाथ और कुंभकरण के सिर-धड़ को आकार देने जोर-शोर से कारीगर जुटे हैं। यहां विजयादशमी के दिन पांडुका-बारूका के लोक सांस्कृतिक मंच रंगसरोवर में मशहूर कलाकार भूपेंद्र साहू छत्तीसगढ़ के पारंपरिक लोकगीत व नृत्यों के साथ रंगारंग कार्यक्रम देने मौजूद रहेंगे। वहीं धूम मचाने जबलपुर के आतिशबाजी 17 अक्टूबर से राजधानी में होंगे।

20 अक्टूबर को विजयादशमी पर्व को उत्साह व उमंग के साथ मनाने राजधानी के दशहरा उत्सव समितियों ने तैयारियां शुरू कर दी है। अंचल के ऐतिहासिक डब्ल्यूआरएस दशहरा मैदान में कारीगर रविराजा राव 15 सदस्यीय टीम के साथ पिछले एक सप्ताह से दशहरा पर्व के लिए दशानन के सिर का हिस्सा बनाने दिन-रात जुटे हैं। मिट्टी का सांचा निकालकर रावण के सिर वाले हिस्से को आकार देने का काम गुरुवार को पूरा हुआ। लंकेश, कुंभकरण और मेघनाथ के विशालकाय पुतला बनाने बंगाल के कारीगर अपनी 22 सदस्यीय टीम के साथ राजधानी पहुंचे। जो शुक्रवार से विजयादशमी तक यही रहकर रावण, कुंभकरण और मेघनाथ विशालकाय ढांचा बनाने के साथ ही पुतलों को आकार देने का काम करेंगे। निर्माण स्थल पर ढांचा बनाने के लिए बांस - बल्ली गिराने का काम आयोजन समिति ने पूरा कर लिया है।

छत्तीसगढ़ नगर में कोलकाता...

30-30 फीट ऊंचाई वाले कुंभकरण और मेघनाथ के पुतले तैयार किए जा रहे हैं। अब तक दशानन के सिर का हिस्सा तैयार कर लिया गया है। पिछले 12 दिनों से कारीगर दिन-रात पुतला निर्माण में जुटे हुए हैं। समिति के अध्यक्ष देवेंद्र यादव ने हरिभूमि को बताया कि आधुनिक तरीके डिजिटल आतिशबाजी इस बार दशहरा के मौके पर देखने को मिलेगी। स्पेशल आतिशबाजी के लिए कोलकाता से 12 सदस्यीय आतिशबाजों की टीम बुलाई गई है। यह टीम 17 अक्टूबर को राजधानी पहुंचेगी। छत्तीसगढ़ नगर दशहरा उत्सव समिति के दशहरा उत्सव का यह 19 साल है, जिसमें सोनपैरी के कलाकार रामलीला की प्रस्तुति देने आ रहे हैं। इसी दिन रावण दहन के बाद दर्शकों के मनोरंजन के लिए लोक सांस्कृतिक दल रंग सरोवर पांडुका बारूका के मशहूर लोक कलाकार भूपेंद्र साहू अपने सांस्कृतिक दल के साथ विजयादशमी को यादगार बनाने मंच पर मौजूद रहेंगे। उनके द्वारा छत्तीसगढ़ के पारंपरिक लोकगीतों और नृत्य की संगीतमय प्रस्तुति आकर्षण का केंद्र रहेगी।

रावणभाठा मैदान में जबलपुर के...

दशानन और 55-55 फीट ऊंचाई वाले कुंभकरण और मेघनाथ के विशाल पुतले तैयार कर रही है। यहां रिमोट से आतिशबाजी का सुंदर नजारा देखने को मिलेगा। 17 अक्टूबर को जबलपुर के आतिशबाजों की टोली राजधानी पहुंच रही है, जो विजशादशमी के दिन आसमान पर सतरंगी आतिशबाजी दिखाने मौजूद रहेगी।

64 लाख का गांजा जब्त...

मुकुंद शर्मा, गोपाल वर्मा तथा बलौदाबाजार निवासी संतोष साहू बताया। टीम के सदस्यों ने उनके पास रखे ट्रॉली बैग की तलाशी ली तो बैग में गांजा पाया गया। मुकुंद तथा गोपाल मूल रूप से राजस्थान के रहने वाले हैं।

ऑनलाइन गांजा में साइबर...

साथ ही इंस्टाग्राम के जिस आईडी से विज्ञापन जारी किया गया है, उसका आईपी एड्रेस जांच करने के साथ ही तस्कर के मोबाइल नंबर की पुलिस ने जांच शुरू कर दी है।

लेन-देन की डीलिंग कोडवर्ड में: तस्कर से गांजा मंगाने टीम ने वाट्स एप चैट के माध्यम से डीलिंग की। इस दौरान तस्कर ने पैसों के लेनदेन के बारे में कोडवर्ड का इस्तेमाल किया। तस्कर 10 हजार रुपए को सीधेतौर पर लिखने के बजाय 10 के लिखा, जिसका मतलब 10 हजार रुपए होता है।

वक्फ की संपत्ति पर बरसों से कब्जा...

कहा है कि संपत्ति का वर्तमान मूल्य करोड़ों रुपए है, इससे मिलने वाला किराया भी वक्फ संस्था के खाते में आना चाहिए। इस दुकान पर अब्दुल मतीन सिद्दीकी, पिता अब्दुल जब्बार सिद्दीकी द्वारा अवैध कब्जा किया गया है कब्जा खाली कराने के लिए वक्फ अधिनियम की धारा 54 के तहत कार्रवाई की गई थी।

निजी छात्रों के आवेदन प्रारंभ...

होने वाली बोर्ड परीक्षाओं के लिए है। छात्रों को अंतिम तारीख का इंतजार किए बिना समय पर आवेदन पूरा करने की सलाह दी गई है। सीबीएसई प्राइवेट परीक्षा के लिए आवेदन करने के लिए सबसे पहले बोर्ड की आधिकारिक वेबसाइट पर जाना होगा। संबंधित लिंक पर क्लिक करने के बाद आवेदन फॉर्म में मांगी गई सभी जानकारी दर्ज करनी होगी। उम्मीदवारों को जरूरी दस्तावेजों की स्कैन कॉपी भी अपलोड करनी होगी।

खबर संक्षेप

9 पशुओं का बधियाकरण और 175 का टीकाकरण



अभनपुर। पशुधन विकास विभाग द्वारा पशु नस्ल सुधार एवं पशुओं को संक्रामक बीमारियों से बचाने के उद्देश्य से क्षेत्र में सघन बधियाकरण एवं टीकाकरण अभियान चलाया गया। ग्राम आमनेर की बर्दी में पशु नस्ल सुधार की दिशा में सघन बधियाकरण कार्यक्रम के तहत पशु चरवाहा बिसरू यादव, करण यादव एवं हरिशंकर कुर्रे के सहयोग से 25 निकृष्ट नर पशुओं का बधियाकरण किया गया। विभाग द्वारा बताया गया कि इस तरह के कार्यक्रम से पशुधन की नस्ल सुधार में मदद मिलती है। इसी क्रम में ग्राम नहाना चंडी में बकरी पालकों के बकरे-बकरियों में सघन पीपीआर टीकाकरण अभियान चलाया गया। अभियान के दौरान 9 बकरी पालकों के कुल 175 बकरी-बकरियों का टीकाकरण किया गया। पशु औषधालय संकरी एवं पशु चिकित्सालय अभनपुर की टीम द्वारा यह कार्य किया गया।

संगीत महाविद्यालय का उद्घाटन समारोह आज

अभनपुर। शासकीय नवीन संगीत महाविद्यालय का उद्घाटन एवं दीक्षारंभ समारोह 9 अक्टूबर को दोपहर 12 बजे नवागांव सेक्टर-28 स्थित शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय राखी के बहुउद्देशीय सभागार में रखा गया है। इस मौके पर मुख्य अतिथि उच्च शिक्षा मंत्री टंक राम वर्मा , अध्यक्षता तकनीकी शिक्षा एवं रोजगार मंत्री गुरु खुशवंत साहेब सहित विधायक इंद्र कुमार साहू, जनभागीदारी समिति अध्यक्ष देवराज जांगड़े सहित अन्य जनप्रतिनिधि उपस्थित रहेंगे। प्राचार्य डॉ. अमिताभ बनर्जी एवं प्रभारी प्राचार्य जीपी यदु ने क्षेत्रवासियों से अधिक से अधिक संख्या में समारोह में शामिल होने की अपील की है।

जिला शिक्षाधिकारी ने विद्यार्थियों से संवाद कर दिए सड़क सुरक्षा के निर्देश

हरिभूमि न्यूज ⏭ आरंग

डीईओ ने किया स्कूलों का निरीक्षण



नगर की प्राचीनतम एवं प्रतिष्ठित शैक्षणिक संस्था पीएम श्री अरुंधती देवी शासकीय उत्कृष्ट विद्यालय, आरंग में जिला शिक्षाधिकारी ने औचक निरीक्षण किया। वर्ष 1954 से संचालित यह विद्यालय क्षेत्र के प्रमुख शैक्षणिक केंद्र के रूप में अपनी विशिष्ट पहचान रखता है। विद्यालय में हिंदी एवं अंग्रेजी दोनों माध्यमों में शिक्षा प्रदान की जाती है तथा खेलकूद, राष्ट्रीय कार्यक्रम, ज्ञान-विज्ञान, स्काउट सहित विभिन्न सह-शैक्षणिक गतिविधियों में भी विद्यालय अग्रणी रहा है। निरीक्षण के दौरान जिला शिक्षाधिकारी एम. जी. सतीश कुमार ने प्राचार्य संध्या रानी बारीक एवं समस्त स्टाफ से मुलाकात की तथा विद्यालय की शैक्षणिक एवं प्रशासनिक व्यवस्थाओं का जायजा लिया। उन्होंने विद्यार्थियों से संवाद करते हुए उनकी पढ़ाई एवं गतिविधियों की जानकारी ली। साथ ही प्रयोगशाला, पुस्तकालय, मध्यान्ह भोजन सहित विभिन्न व्यवस्थाओं का निरीक्षण किया और कर्मचारियों के साथ बैठक कर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उनके औचक निरीक्षण एवं मार्गदर्शन से विद्यालय परिवार के कर्मचारियों का मनोबल बढ़ा। जिला शिक्षाधिकारी ने विद्यार्थियों को सड़क सुरक्षा नियमों का पालन करने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने पालकों से अपील की कि नाबालिग बच्चों को वाहन चलाने के लिए न दें। उन्होंने कहा कि बिना वैध ड्राइविंग लाइसेंस वाहन चलाना कानूनन अनुचित होने के साथ-साथ बच्चों की सुरक्षा के लिए भी गंभीर खतरा है।

प्रवास के दौरान रेलमंत्री से इस विषय पर बात करने की अपील

यात्री ट्रेनों की लेटलतीफी के खिलाफ सिलयारी में प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ⏭ कूरा/सिलयारी

सिलयारी रेलवे स्टेशन पर यात्री गाड़ियों के लगातार विलंब से परेशान दैनिक यात्रियों एवं कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने पूर्व विधायक अनीता योगेंद्र शर्मा के नेतृत्व में प्रदर्शन कर स्टेशन मास्टर को ज्ञापन सौंपा। इस दौरान केंद्र सरकार एवं रेलवे विभाग के खिलाफ नारेबाजी करते हुए यात्री गाड़ियों का नियमित एवं समयबद्ध संचालन सुनिश्चित करने की मांग की गई।

सुबह ट्रेन में विलंब के कारण श्रमिक एवं कर्मचारी कार्यस्थल तथा विद्यार्थी अपने शिक्षण संस्थानों में समय पर नहीं पहुँच पाते हैं। शाम की वापसी गाड़ी में देरी से यात्रियों को घर लौटने में भी परेशानी होती है। इससे उनकी आय, उपस्थिति, पढ़ाई एवं पारिवारिक जिम्मेदारियाँ प्रभावित हो रही हैं।

रेल प्रशासन से पिछले 30 दिनों के निर्धारित एवं वास्तविक आगमन-प्रस्थान समय की समीक्षा कर विलंब के कारणों पर सुधारात्मक कार्रवाई करने, सुबह एवं शाम के व्यस्त समय में यात्री सेवाओं को उचित प्राथमिकता देने तथा देरी की स्थिति में यात्रियों को समय पर सूचना उपलब्ध कराने की मांग की गई।



ज्ञापन को मंडल रेल प्रबंधक, रायपुर तक अग्रेषित करने तथा 09 अक्टूबर को माननीय रेल मंत्री के प्रस्तावित रायपुर प्रवास के दौरान उनके समक्ष प्रस्तुत कराने का अनुरोध किया गया। साथ ही, ज्ञापन प्राप्त होने के 15 दिवस के भीतर कार्रवाई प्रारंभ कर लिखित जानकारी उपलब्ध कराने की मांग रखी गई।

कार्यक्रम में पूर्व विधायक अनीता योगेंद्र शर्मा, कांग्रेस कमेटी ब्लॉक अध्यक्ष आशीष वर्मा, इंटक ब्लॉक अध्यक्ष रतन सोलंकी, पूर्व ब्लॉक अध्यक्ष दुर्गेश वर्मा, मंडल अध्यक्ष शेखर यादव, पूर्व किसान कांग्रेस जिला अध्यक्ष रूपेश बघेल एवं जनपद सदस्य विजय साहू , मनोज शर्मा, राजू वर्मा, शेष नारायण बघेल, मनीष धीवर, पप्पू यादव, कान्हा वर्मा, मोहन साहू, रामकुमार वर्मा, अभिलाष यादव, राजकुमार धीवर, बिहारी जायसवाल, कृष्णा कश्यप, गट्टू यादव, आयुष वर्मा सहित सैकड़ों रेल यात्री उपस्थित रहे। प्रदर्शनकारियों ने लगातार लेटलतीफी पर आक्रोश व्यक्त करते हुए यात्रियों की समस्याओं के तत्काल एवं स्थायी निराकरण की मांग की।

तकनीकी संस्थान मद्रास में गूंजी छत्तीसगढ़ी लोक संस्कृति की तान



हरिभूमि न्यूज ⏭ धरसींवा

देश के शीर्ष तकनीकी संस्थान भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान मद्रास में छत्तीसगढ़ की समृद्ध लोक संस्कृति और संगीत का अनूठा समागम देखने को मिला। संस्थान की वेलनेस विंग 'मित्र' द्वारा आयोजित मानसिक स्वास्थ्य कार्यक्रम "मेलोडीज फॉर द माइंड" में धरसींवा विधायक और पद्मश्री अनुज शर्मा ने मुख्य वक्ता के रूप में शिरकत की। इस राष्ट्रीय मंच पर आमंत्रित होने वाले वे छत्तीसगढ़ के पहले व्यक्तित्व बन गए हैं।

छत्तीसगढ़ी गीतों से तोड़ीं भाषाई सीमाएं

कार्यक्रम का सबसे आकर्षक पहलू तब सामने आया जब दक्षिण भारत के इस परिसर में गैर-छत्तीसगढ़ी और स्थानीय विद्यार्थियों के बीच लोक संस्कृति का जादू सिर चढ़कर बोला। छात्रों की विशेष फरमाइश पर अनुज शर्मा ने अपनी खनकती आवाज में छत्तीसगढ़ी लोकगीतों की प्रस्तुतियां दीं, जिससे पूरा प्रेक्षागृह तालियों से गूंज उठा। छत्तीसगढ़ी लोकगीतों के माध्यम से उन्होंने परिसर में 'वसुधैव कुटुंबकम' की वैश्विक भावना को जीवंत कर दिया।

तनाव मिटाने 'म्यूजिक थेरेपी' का दिया संदेश

कठिन प्रतियोगी परीक्षाओं को पार कर संस्थान पहुंचे मेधावी छात्रों को संबोधित करते हुए अनुज शर्मा ने मानसिक स्वास्थ्य और जीवन की प्राथमिकताओं पर गहराई से बात की। उन्होंने कहा कि करियर की यात्रा में अत्यधिक तनाव, दबाव और असफलता की भावना आना स्वाभाविक है, लेकिन ऐसी परिस्थितियों में गलत रास्ता चुनने के बजाय सही मार्गदर्शन और मानसिक मजबूती अपनानी चाहिए। उन्होंने स्पष्ट किया कि केवल आर्थिक उपलब्धियां सफलता का असली पैमाना नहीं हैं, बल्कि अच्छा स्वास्थ्य, परिवार और मानसिक संतुलन ही वास्तविक समृद्धि है। उन्होंने संगीत को भारतीयों के जीवन में जन्म से मृत्यु तक की 'लाइफ-थेरेपी' करार दिया।

'सेवा ज्योति यात्रा' के आयोजन में लिया जनसेवा का संकल्प

हरिभूमि न्यूज ⏭ आरंग

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जनसेवा में 25 वर्ष पूरे होने के ऐतिहासिक उपलक्ष्य में 'सेवा संकल्प अभियान' के अंतर्गत 07 अक्टूबर 2026 को आरंग में "सेवा ज्योति यात्रा" का आयोजन किया गया। जनसेवा और समर्पण के उद्देश्य से निकाली गई यह यात्रा स्थानीय बस स्टैंड से प्रारंभ हुई और नगर के विभिन्न मार्गों से होते हुए कॉलेज चौक पर जाकर संपन्न हुई। इस आयोजन में नगर के प्रमुख जनप्रतिनिधियों और प्रशासनिक अधिकारियों ने उत्साह से हिस्सा लिया। कार्यक्रम में विशेष रूप से नगर पालिका परिषद आरंग के अध्यक्ष डॉ. संदीप जैन और छत्तीसगढ़ शासन के चर्म शिल्पकार बोर्ड के अध्यक्ष ध्रुव मिर्धा उपस्थित रहे। इनके साथ ही नगर पालिका उपाध्यक्ष हीरामन कोसले, वरिष्ठ भाजपा नेता के.के. भारद्वाज और भाजपा महामंत्री अशोक चंद्राकर ने भी यात्रा में सक्रिय सहभागिता निभाई। यात्रा में स्थानीय पार्षदों और उनके प्रतिनिधियों की भी उपस्थिति रही, जिनमें पार्षद संतोष लोधी, नरेंद्र लोधी, उमाकांत यादव, पुष्कर साहू तथा पार्षद प्रतिनिधि राकेश सोनकर, खिलेश धुरंधर और डॉ. तोषण साहू सहित बीजेपी के दिनेश चंद्राकर, वेद प्रकाश देवांगन प्रमुख रूप से शामिल हुए। प्रशासनिक महकमे की ओर से नगर पालिका परिषद आरंग के सीएमओ रामसंजीवन सोनवानी और इंजीनियर केशनाथ साहू उपस्थित रहे।



सेवा के रंग राष्ट्र के संग कार्यक्रम में छात्र-छात्राओं ने सजाई रंगोलियां व खेला नाटक

हरिभूमि न्यूज ⏭ धरसींवा

- विद्यार्थियों ने लिया विकसित भारत का संकल्प



सेवा संकल्प अभियान के तहत शासकीय पंडित श्यामाचरण शुक्ल महाविद्यालय धरसींवा परिसर में सेवा के रंग राष्ट्र के संग/" कार्यक्रम का भव्य आयोजन किया गया। देशभक्ति और सा मा जि क चेतना से लबरेज़ इस आयोजन में महाविद्यालय के छात्र-छात्राओं ने कला और अभिनय के माध्यम से जनजागरूकता की एक सुंदर मिसाल पेश की। पूरे कार्यक्रम के दौरान राष्ट्रप्रेम, सामाजिक जिम्मेदारी और विकसित भारत के निर्माण का संदेश प्रमुखता से गूंजता रहा।

कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण विद्यार्थियों द्वारा तैयार की गई आकर्षक रंगोली प्रदर्शनी रही, जिसमें देशभक्ति और राष्ट्रीय भावना के विभिन्न रंगों को खूबसूरती से उकेरा गया था। इसके साथ ही छात्र-छात्राओं ने एक सशक्त नुक्कड़ नाटक का मंचन किया। इस नाटक के जरिए युवाओं को नशामुक्ति, स्वच्छता, सामाजिक जागरूकता और एक स्वस्थ समाज के निर्माण का संदेश दिया गया। कलाकारों ने अपनी प्रस्तुति से युवाओं को नशे जैसी सामाजिक बुराई से दूर रहने और समाज में सकारात्मक बदलाव लाने के लिए प्रेरित किया। इस अवसर पर उपस्थित विद्यार्थियों ने वर्ष 2047 तक भारत को एक पूर्ण विकसित राष्ट्र बनाने में अपनी सक्रिय भूमिका निभाने का सामूहिक संकल्प लिया। छात्र-छात्राओं ने राष्ट्रहित, सामाजिक जिम्मेदारी, स्वच्छता और देश के सर्वांगीण विकास में निरंतर योगदान देने की शपथ ली। कार्यक्रम के समापन पर विभिन्न प्रतियोगिताओं और गतिविधियों में बढ़-चढ़कर हिस्सा लेने वाले प्रतिभागियों को प्रमाण-पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। आयोजन में क्षेत्र के प्रमुख जनप्रतिनिधियों और प्रशासनिक अधिकारियों की गरिमामयी मौजूदगी रही।

कार्यक्रम में जिला प्रभारी सुरेंद्र पाटनी, भाजपा मंडल अध्यक्ष राकेश यादव, पूर्व विधायक देव जी भाई पटेल, जिला पंचायत अध्यक्ष नवीन अग्रवाल, जनपद पंचायत अध्यक्ष शकुंतला सेन, जिला पंचायत उपाध्यक्ष संदीप यदु, जनपद उपाध्यक्ष दिनेश खूंटे, जिला पंचायत सदस्य सरोज चंद्रवंशी, हरिशंकर निषाद ,जनपद सदस्य पूजा वर्मा, मो युनुष,कौशल साहू, अशोक सिन्हा, दिलेंद्र बंछोर, भूपेंद्र कसार, किरण साहू शामिल मौजूद रहे। प्रशासनिक तंत्र की ओर से जनपद पंचायत धरसींवा के मुख्य कार्यपालन अधिकारी आशीष केशरवानी, तहसीलदार राजकुमार साहू, परियोजना अधिकारी अलका सक्सेना, सुषमा मिश्रा, सिहित कई जनप्रतिनिधियों की उपस्थिथि थे।

युवा नेता उपेन्द्र भारती के खिलाफ दुष्कर्म और मारपीट का मामला दर्ज, आरोपी फरार

हरिभूमि न्यूज ⏭ चंदखुरी

- आरोपी उपेन्द्र भारती फरार, पुलिस ने घर पर दी दबिश, तलाश जारी

मंदिर हसौद थाना क्षेत्र के ग्राम बकतरा में एक महिला द्वारा युवा नेता उपेन्द्र भारती के खिलाफ गंभीर आरोप लगाए जाने का मामला सामने आया है। महिला ने पुलिस को दी शिकायत में जबरदस्ती शारीरिक संबंध बनाने, मारपीट करने तथा उसे और उसके परिवार के सदस्यों को जान से मारने की धमकी देने के आरोप लगाए हैं। शिकायत के आधार पर मंदिर हसौद पुलिस ने उपेन्द्र भारती के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता धारा 64(2), 115(2) एवं 351(2) के तहत अपराध पंजीबद्ध कर मामले को विवेचना में लिया है।

महिला के अनुसार, वह अपने पति एवं बच्चों के साथ ग्राम बकतरा में रहती है। शिकायत में आरोप लगाया गया है कि उसका पड़ोसी उपेन्द्र भारती उसके घर आकर कथित रूप से जबरदस्ती करता था। महिला ने आरोप लगाया है कि विरोध करने पर उसके साथ मारपीट की गई तथा उसे, उसके बच्चों और परिवार के सदस्यों को जान से मारने की धमकी दी गई।

महिला ने पुलिस को दिए बयान में आरोप लगाया है कि आरोपी उसके घर के सामने रहता है और कथित रूप से रात के समय भी उसके घर आकर उसे परेशान करता था। महिला का कहना है कि पिछले कई महीनों से आरोपी उसे एवं उसके बच्चों को नुकसान पहुंचाने की धमकी देता रहा है।

शिकायत में महिला ने आरोप लगाया है कि आरोपी द्वारा कथित रूप से जबरदस्ती शारीरिक संबंध बनाए जाने के कारण उससे बच्चे हुए, लेकिन अब आरोपी उन्हें अपनाने से इनकार कर रहा है। महिला का आरोप है कि इस पूरे घटनाक्रम के कारण उसका पारिवारिक एवं वैवाहिक जीवन बुरी तरह प्रभावित हुआ है।

शिकायत में महिला ने आरोपी पर आदतन अपराधी होने का आरोप लगाते हुए कहा है कि उसके कथित प्रभाव और दबदबे के कारण गांव के लोग उससे भयभीत रहते हैं।

महिला ने पुलिस से आरोपी के खिलाफ कड़ी कानूनी कार्रवाई करने तथा स्वयं और अपने बच्चों की सुरक्षा सुनिश्चित करने की मांग की है।

पुलिस ने दर्ज किया अपराध, आरोपी की तलाश जारी

महिला की शिकायत पर मंदिर हसौद पुलिस ने उपेन्द्र भारती के खिलाफ धारा 64(2), 115(2) एवं 351(2) के तहत अपराध दर्ज कर मामले की विवेचना शुरू कर दी है। पुलिस द्वारा शिकायत में लगाए गए आरोपों की जांच की जा रही है तथा उपलब्ध तथ्यों एवं साक्ष्यों को जुटाया जा रहा है।

पुलिस ने आरोपी की तलाश में उसके घर पर भी दबिश दी है। पुलिस के अनुसार, आरोपी फिलहाल फरार है और उसकी पतासाजी की जा रही है। मामले में जांच के दौरान सामने आने वाले तथ्यों एवं साक्ष्यों के आधार पर आगे की कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

दृष्टि दोष वाले विद्यार्थियों को मिलेंगे निःशुल्क चश्मे

खमतराई स्कूल के शिविर में 105 छात्रों का नेत्र परीक्षण

हरिभूमि न्यूज ⏭ आरंग



मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. मिथलेश चौधरी के निर्देशन एवं खंड चिकित्सा अधिकारी डॉ. विजय लक्ष्मी अनंत के मार्गदर्शन में 8 अक्टूबर को "विश्व दृष्टि दिवस" के अवसर पर हाई स्कूल खमतराई में नेत्र परीक्षण एवं जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम के दौरान विद्यार्थियों के नेत्र परीक्षण के लिए नेत्र सहायक अधिकारी सालिक नौरंगे विशेष रूप से उपस्थित रहे। हाई एवं मिडिल स्कूल के कुल 105 छात्र-छात्राओं का नेत्र परीक्षण किया गया, जिसमें 5 विद्यार्थियों में दृष्टि दोष पाया गया। इन विद्यार्थियों के चश्मे की जांच की गई। शासन से चश्मा प्राप्त होने के उपरांत नियमानुसार विद्यार्थियों को निःशुल्क चश्मा प्रदान किया जाएगा। इस अवसर पर नेत्र सहायक अधिकारी सालिक नौरंगे द्वारा विद्यार्थियों को विश्व दृष्टि दिवस के महत्व एवं नेत्र सुरक्षा के संबंध में विस्तारपूर्वक जानकारी दी गई। उन्होंने बताया कि आंखों को चोट लगने से बचाना, धूम्रपान से दूरी बनाए रखना, मोबाइल एवं कंप्यूटर स्क्रीन का अत्यधिक उपयोग न करना तथा स्क्रीन का उपयोग करते समय उचित दूरी एवं बीच-बीच में आंखों को आराम देना आवश्यक है। साथ ही संतुलित एवं पौष्टिक आहार लेने से आंखों के स्वास्थ्य को बेहतर बनाए रखने में मदद मिलती है। कार्यक्रम में प्राचार्य टिकेश्वरी चंद्राकर, प्रभारी प्रधान पाठक हरीश दीवान, सी.एल. एनेस्वरी, बबीता लहरे, सीमा राठौर, तारकेश्वर डडसेना, पुनेश्वर साहू, हेमा बंजारे, सौरभ साहू सहित विद्यालय के शिक्षक-शिक्षिकाएं एवं छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

पेज 11 के शेष...

डब्ल्यूआरएस में 101 ..

पुतले तैयार किए जा रहे हैं। इधर छत्तीसगढ़ नगर के दशहरा मैदान में रावण के सिर का हिस्सा कारीगरों ने तैयार कर लिया है, मेघनाथ और कुंभकरण के सिर-धड़ को आकार देने जोर-शोर से कारीगर जुटे हैं। यहां विजयादशमी के दिन पांडुका-बारूका के लोक सांस्कृतिक मंच रंगसरोवर में मशहूर कलाकार भूपेंद्र साहू छत्तीसगढ़ के पारंपरिक लोकगीत व नृत्यों के साथ रंगारंग कार्यक्रम देने मौजूद रहेंगे। वहीं धूम मचाने जबलपुर के आतिशबाजी 17 अक्टूबर से राजधानी में होंगे।

20 अक्टूबर को विजयादशमी पर्व को उत्साह व उमंग के साथ मनाने राजधानी के दशहरा उत्सव समितियों ने तैयारियां शुरू कर दी है। अंचल के ऐतिहासिक डब्ल्यूआरएस दशहरा मैदान में कारीगर रविराजा राव 15 सदस्यीय टीम के साथ पिछले एक सप्ताह से दशहरा पर्व के लिए दशानन के सिर का हिस्सा बनाने दिन-रात जुटे हैं। मिट्टी का सांचा निकालकर रावण के सिर वाले हिस्से को आकार देने का काम गुरुवार को पूरा हुआ। लंकेश, कुंभकरण और मेघनाथ के विशालकाय पुतला बनाने बंगाल के कारीगर अपनी 22 सदस्यीय टीम के साथ राजधानी पहुंचे। जो शुक्रवार से विजयादशमी तक यहीं रहकर रावण, कुंभकरण और मेघनाथ विशालकाय ढांचा बनाने के साथ ही पुतलों को आकार देने का काम करेंगे। निर्माण स्थल पर ढांचा बनाने के लिए बांस -बल्ली गिराने का काम आयोजन समिति ने पूरा कर लिया है।

छत्तीसगढ़ नगर में ...

30-30 फीट ऊंचाई वाले कुंभकरण और मेघनाथ के पुतले तैयार किए जा रहे हैं। अब तक दशानन के सिर का हिस्सा तैयार कर लिया गया है। पिछले 12 दिनों से कारीगर दिन-रात पुतला निर्माण में जुटे हुए हैं। समिति के अध्यक्ष देवेंद्र यादव ने हरिभूमि को बताया कि आधुनिक तरीके डिजिटल आतिशबाजी इस बार दशहरा के मौके पर देखने को मिलेगी। स्पेशल आतिशबाजी के लिए कोलकाता से 12 सदस्यीय आतिशबाजों की टीम बुलाई गई है। यह टीम 17 अक्टूबर को राजधानी पहुंचेगी। छत्तीसगढ़ नगर दशहरा उत्सव समिति के दशहरा उत्सव का यह 19 साल है, जिसमें सोनपैरी के कलाकार रामलीला की प्रस्तुति देने आ रहे हैं। इसी दिन रावण दहन के बाद दर्शकों के मनोरंजन के लिए लोक सांस्कृतिक दल रंग सरोवर पांडूका बारूका के मशहूर लोक कलाकार भूपेंद्र साहू अपने सांस्कृतिक दल के साथ विजयादशमी को यादगार बनाने मंच पर मौजूद रहेंगे। उनके द्वारा छत्तीसगढ़ के पारंपरिक लोकगीतों और नृत्य की संगीतमय प्रस्तुति आकर्षण का केंद्र रहेगी।

रावणभाठा मैदान में ...

दशानन और 55-55 फीट ऊंचाई वाले कुंभकरण और मेघनाथ के विशाल पुतले तैयार कर रही है। यहां रिमोट से आतिशबाजी का सुंदर नजारा देखने को मिलेगा। 17 अक्टूबर को जबलपुर के आतिशबाजों की टोली राजधानी पहुंच रही है, जो विजशादशमी के दिन आसमान पर सतरंगी आतिशबाजी दिखाने मौजूद रहेगी।

64 लाख का गांजा ..

मुकुंद शर्मा, गोपाल वर्मा तथा बलौदाबाजार निवासी संतोष साहू बताया। टीम के सदस्यों ने उनके पास रखे ट्रॉली बैग की तलाशी ली तो बैग में गांजा पाया गया। मुकुंद तथा गोपाल मूल रूप से राजस्थान के रहने वाले हैं।

ऑनलाइन गांजा में ...

साथ ही इंस्टाग्राम के जिस आईडी से विज्ञापन जारी किया गया है, उसका आईपी एड्रेस जांच करने के साथ ही तस्कर के मोबाइल नंबर की पुलिस ने जांच शुरू कर दी है।

लेन-देन की डीलिंग कोडवर्ड में: तस्कर से गांजा मंगाने टीम ने वाट्स एप चैट के माध्यम से डीलिंग की। इस दौरान तस्कर ने पैसों के लेनदेन के बारे में कोडवर्ड का इस्तेमाल किया। तस्कर 10 हजार रुपए को सीधेतौर पर लिखने के बजाय 10 के लिखा, जिसका मतलब 10 हजार रुपए होता है।

वक्फ की संपत्ति पर ...

कहा है कि संपत्ति का वर्तमान मूल्य करोड़ों रुपए है, इससे मिलने वाला किराया भी वक्फ संस्था के खाते में आना चाहिए। इस दुकान पर अब्दुल मतीन सिद्दीकी, पिता अब्दुल जब्बार सिद्दीकी द्वारा अवैध कब्जा किया गया है कब्जा खाली कराने के लिए वक्फ अधिनियम की धारा 54 के तहत कार्रवाई की गई थी।

निजी छात्रों के ...

होने वाली बोर्ड परीक्षाओं के लिए है। छात्रों को अंतिम तारीख का इंतजार किए बिना समय पर आवेदन पूरा करने की सलाह दी गई है। सीबीएसई प्राइवेट परीक्षा के लिए आवेदन करने के लिए सबसे पहले बोर्ड की आधिकारिक वेबसाइट पर जाना होगा। संबंधित लिंक पर क्लिक करने के बाद आवेदन फॉर्म में मांगी गई सभी जानकारी दर्ज करनी होगी। उम्मीदवारों को जरूरी दस्तावेजों की स्कैन कॉपी भी अपलोड करनी होगी।

वित्तमंत्री बोले- 57वीं जीएसटी परिषद के ऐतिहासिक फैसलों से व्यापारियों को बड़ी राहत

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश की कर व्यवस्था को सरल, पारदर्शी और व्यापार अनुकूल बनाने की दिशा में एक और महत्वपूर्ण कदम उठाया गया है। नई दिल्ली के भारत मंडपम में केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण की अध्यक्षता में हुई 57वीं जीएसटी परिषद की बैठक में व्यापारियों, उद्यमियों और उद्योग जगत को बड़ी राहत देने वाले अनेक महत्वपूर्ण प्रक्रियागत सुधारों की सिफारिश की गई है। बैठक में शामिल छत्तीसगढ़ के वित्त मंत्री ओपी चौधरी ने इन निर्णयों को व्यापार सुगमता, कर प्रशासन में पारदर्शिता और उद्यमिता को प्रोत्साहन देने की दिशा में युगांतकारी सुधार बताया है।

वित्त मंत्री श्री चौधरी ने बैठक के उपरांत कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में पिछले वर्ष जीएसटी 2.0 के माध्यम से कर की दरों में व्यापक सुधार कर देश की जनता और व्यापार जगत को बड़ी राहत दी गई थी। अब 57वीं जीएसटी परिषद की बैठक में प्रक्रियागत सुधारों और प्रक्रियाओं के सरलीकरण पर विशेष जोर दिया गया है। इन सुधारों का उद्देश्य व्यापारियों पर अनावश्यक अनुपालन बोझ कम करना, कर प्रशासन को अधिक जवाबदेह बनाना और कारोबार के लिए अनुकूल वातावरण तैयार करना है।

जीएसटी कानून से गिरफ्तारी की शक्ति हटाने की सिफारिश, मुकदमा चलाने की सीमा एक करोड़ से बढ़ाकर पांच करोड़ रुपए करने का प्रस्ताव

गिरफ्तारी की शक्ति हटाने की सिफारिश, मिलेगी राहत

वित्त मंत्री श्री चौधरी ने बताया कि जीएसटी परिषद ने कर कानून से गिरफ्तारी की शक्ति से संबंधित धारा 69 को हटाने की महत्वपूर्ण सिफारिश की है। इसके साथ ही मुकदमा चलाने के लिए कर राशि की सीमा वर्तमान एक करोड़ रुपये से बढ़ाकर पांच करोड़ रुपये करने का प्रस्ताव है। सामान्य जुर्माने की राशि भी 25 हजार रुपये से घटाकर अधिकतम 10 हजार रुपये करने की सिफारिश की गई है। उन्होंने कहा कि इन बदलावों का उद्देश्य सामान्य प्रक्रियागत त्रुटियों और छोटे मामलों में व्यापारियों को अनावश्यक कानूनी परेशानियों से राहत देना है। हालांकि जानबूझकर कर चोरी और धोखाधड़ी करने वालों के विरुद्ध कानून के अनुसार कार्रवाई जारी रहेगी। इससे ईमानदारी से व्यापार करने वाले करदाताओं का विश्वास बढ़ेगा और कर प्रशासन अधिक संतुलित एवं व्यावहारिक बनेगा।



ई-वे बिल जांच में बड़े बदलाव

वित्त मंत्री श्री चौधरी ने कहा कि ई-वे बिल की जांच से संबंधित प्रक्रियाओं में भी महत्वपूर्ण सुधार प्रस्तावित किए गए हैं। नए प्रावधानों के अनुसार किसी मालवाहक वाहन को जांच के लिए रोकने से पहले ठोस सूचना होना आवश्यक होगा। इसके लिए संयुक्त आयुक्त अथवा उससे उच्च स्तर के अधिकारी की अनुमति भी अनिवार्य होगी।उन्होंने बताया कि ई-वे बिल की जांच संबंधित राज्य में ही की जा सकेगी, जहां माल भेजने वाला अथवा प्राप्त करने वाला स्थित हो। केवल रास्ते में पड़ने वाले राज्यों में मालवाहक वाहनों को जांच के नाम पर नहीं रोका जाएगा।श्री चौधरी ने कहा कि इन सुधारों से परिवहन के दौरान होने वाली अनावश्यक देरी कम होगी।

जीएसटी पंजीयन होगा आसान : वित्त मंत्री श्री चौधरी ने कहा कि जीएसटी पंजीयन और उसमें संशोधन की प्रक्रियाओं को भी सरल बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए हैं। प्रस्तावित व्यवस्था के अंतर्गत मुख्य व्यवसाय स्थल को छोड़कर पंजीयन संबंधी अन्य जानकारियों में संशोधन पोर्टल के माध्यम से स्वतः किया जा सकेगा। इसी प्रकार पंजीयन निरस्त कराने की प्रक्रिया भी अधिक सरल और स्वचालित होगी। उन्होंने बताया कि ई-कॉमर्स प्लेटफॉर्म के माध्यम से वस्तुओं की बिक्री करने वाले छोटे व्यापारियों को भी राहत देने की सिफारिश की गई है। ऐसे विक्रेताओं को प्रत्येक राज्य में अलग कार्यालय स्थापित करने की अनिवार्यता से राहत मिलेगी।श्री चौधरी ने कहा कि डिजिटल व्यापार और ई-कॉमर्स के तेजी से बढ़ते अवसरों को देखते हुए यह सुधार अत्यंत महत्वपूर्ण है। इससे छोटे व्यापारियों, स्टार्टअप और नए उद्यमियों को कम लागत में अपने उत्पादों को देशभर के बाजारों तक पहुंचाने में सहायता मिलेगी।

छोटे करदाताओं को नोटिस और जुर्माने में राहत

वित्त मंत्री श्री चौधरी ने कहा कि जीएसटी परिषद की सिफारिशों में छोटे व्यापारियों और सामान्य करदाताओं को अनावश्यक कानूनी एवं आर्थिक बोझ से राहत देने पर विशेष ध्यान दिया गया है। प्रस्तावित प्रावधानों के अनुसार 10 हजार रुपये से कम कर राशि वाले मामलों में नोटिस जारी नहीं किया जाएगा। इसी प्रकार धोखाधड़ी से संबंधित नहीं होने वाले मामलों में निर्धारित समय के भीतर कर और ब्याज जमा करने पर केवल पांच प्रतिशत जुर्माना लगाने का प्रावधान प्रस्तावित किया गया है।उन्होंने बताया कि पांच करोड़ रुपये तक वार्षिक टर्नओवर वाले छोटे व्यापारियों को रिटर्न दाखिल करने में देरी होने पर भी राहत मिलेगी। यदि ऐसे व्यापारी संबंधित महीने के अंत तक अपना रिटर्न दाखिल कर देते हैं, तो उन्हें विलंब शुल्क से छूट देने की सिफारिश की गई है।

खबर संक्षेप



लापता व्यक्ति की तलाश को लेकर गांड़ा महासमाज ने घेरा थाना

रायपुर। लालपुर निवासी 56 वर्षीय खेत्रो क्षत्रि के 5 अक्टूबर से लापता होने के मामले में राष्ट्रीय गांड़ा महासमाज के पदाधिकारियों और समाजजनों ने बुधवार को टिकरापारा थाना का घेराव किया। प्रदर्शन का नेतृत्व राष्ट्रीय युवा संगठन प्रभारी आशीष तांडी ने किया। परिजनों ने 6 अक्टूबर को थाने में गुमशुदगी की सूचना दी थी। समाज ने पुलिस से सीसीटीवी फूटेज, मोबाइल लोकेशन और अन्य तकनीकी माध्यमों से तत्काल तलाश करने की मांग की। आशीष तांडी ने कहा कि परिवार बेहद चिंतित है और समाज की मांग किसी पर आरोप लगाने की नहीं, बल्कि खेत्रो क्षत्रि को सुरक्षित खोजकर परिवार तक पहुंचाने की है। प्रतिनिधिमंडल ने एसीपी नवनीत पाटिल को ज्ञापन सौंपा। एसीपी ने जल्द आवश्यक कार्रवाई कर लापता व्यक्ति की तलाश का आश्वासन दिया।

धूमा में प्रथम बालिका शौचालय का किया शुभारंभ

रायपुर। नहरपारा विकास समिति के अध्यक्ष पूर्व पार्षद रमेश आहूजा तथा महामंत्री किशोर आहूजा ने मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय को पत्र लिखकर कुरुद विकासखंड के ग्राम धूमा में मेरी बेटी मेरा अभिमान अभियान के अंतर्गत प्रथम बालिका शौचालय के उद्घाटन पर आभार जताया। यह अभियान 15 अगस्त 2026 से 26 जनवरी 2027 तक संचालित होगा। इसके तहत प्रदेश के 6671 ग्रामीण शासकीय स्कूलों में बालिका शौचालय का निर्माण का लक्ष्य रखा गया है। 286.85 करोड़ रुपए की लागत से बालिका व शौचालय का निर्माण किया जाएगा। श्री आहूजा द्वय ने मुख्यमंत्री को इस योजना का स्वागत करते हुए हर्ष व्यक्त किया है तथा कहा है कि बालिकाएं शर्म के मारे अपनी समस्या बता नहीं सकतीं, इसलिए उनके लिए शासन की यह पहल बहुत ही सराहनीय है। नेताद्वय ने कहा कि इसी प्रकार ग्रामीण क्षेत्रों के जर्जर स्कुलों के लिए भी योजना बनाकर उनका शीघ्र से शीघ्र जीर्णोद्धार किया जाए, ताकि स्कुल के बच्चों को रहात मिल सके एवं कोई अनहोनी दुर्घटना न हो।

बिरगांव से निकाली 'सेवा ज्योति यात्रा'



रायपुर। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के सार्वजनिक जीवन एवं सेवा के 25 वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर छत्तीसगढ़ की राजधानी रायपुर स्थित कृषि मंडपम सभागार, इंदिरा गांधी कृषि महाविद्यालय जोरा में आयोजित 'विकसित भारत संकल्प सभा' में मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय एवं रायपुर सांसद बृजमोहन अग्रवाल के साथ अपनी सहभागिता कर प्रधानमंत्री एवं भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नबीन के उद्बोधन को वर्चुअल माध्यम से सुना और 'सेवा ज्योति यात्रा' को रवाना किया। साथ ही सेवा संकल्प अभियान के अंतर्गत गुरुवार को बिरगांव नगर पालिका निगम क्षेत्र बुधवारी बाजार से बाइक रैली निकाली गई।

किराना, सराफा, मोबाइल, इलेक्ट्रॉनिक्स से लेकर हर सेक्टर प्रभावित

नवरात्रि में टूटेगा बाजार का सन्नाटा अभी मंदी ऐसी कि 70 फीसदी धंधा मंदा

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

लगातार बढ़ती महंगाई के कारण कई सेक्टर बीते माह त्योहारी सीजन में भी मंदी की चपेट में रहे हैं। एक तरफ राजधानी के सबसे बड़े डूमरतराई मार्केट में कारोबार आधा हो गया है, वहीं सराफा, मोबाइल, कंप्यूटर सेक्टर सहित कई सेक्टरों का कारोबार 40 से 60 फीसदी तक प्रभावित हो गया है। इसके बाद पितृपक्ष प्रारंभ होने के बाद कारोबार और ज्यादा प्रभावित हो गया और कारोबार 70 फीसदी तक कम हो गया। अब पितृपक्ष के बाद नवरात्रि में कारोबार के पटरी पर लौटने की संभावना है, लेकिन पूरा कारोबार पटरी पर कब लौटेगा, इसको लेकर कारोबारी चिंतित हैं।

हरिभूमि सरोकार

राजधानी रायपुर का डूमरतराई बाजार प्रदेश का सबसे बड़ा बाजार है। यहां प्रदेश के ज्यादातर शहरों के थोक और चिल्हर कारोबारी खरीदारी करने आते हैं। पड़ोसी राज्यों ओडिशा, झारखंड और आंध्रप्रदेश के भी कारोबार खरीदारी करते हैं। यहां पर रोज करीब 12 करोड़ का कारोबार होता है। यहां पर रोज बाहर के राज्यों से जहां करीब 50 बड़े ट्रकों में माल आता है, वहीं 30 मेटाडोर में भी अपने राज्य के अलग-अलग शहरों से अनाज सहित अन्य माल आता है। कारोबारियों के मुताबिक अब रोज छोटे-बड़े मिलाकर मुश्किल से 30 वाहनों में ही माल की आवक हो रही है। डिमांड कम होने के कारण कारोबारी कम ही माल मंगा रहे हैं। इस समय कारोबार करीब 60 फीसदी प्रभावित है। कारोबारियों के मुताबिक, राजधानी रायपुर के साथ ही प्रदेश के छोटे कारोबारी भी अब पहले की तरह ज्यादा माल नहीं ले रहे हैं। कारोबारी अपनी डिमांड के मुताबिक कम माल उठा रहे हैं।





सराफा कारोबार भी आधा

सोने-चांदी के लगातार घटते दाम के कारण प्रदेश का सराफा कारोबार 70 फीसदी से ज्यादा प्रभावित हो गया है। प्रदेश में रोज सोने और चांदी का करीब 50 करोड़ का कारोबार होता है, इसमें से करीब 30 करोड़ का कारोबार निवेश से ही होता है, लेकिन अब निवेशकों ने हाथ खड़े कर दिए हैं तो रोज करीब 25 करोड़ का कारोबार प्रभावित हो गया है। साथ ही आम खरीदारी भी बहुत कम होने के कारण सराफा कारोबारियों की हालत खराब हो गई है। आम खरीदारी भी 70 फीसदी कम हो गई है। कुल मिलाकर रोज का कारोबार 10 से 15 करोड़ का ही हो रहा है। अब नवरात्रि से कारोबार में बूम आने की संभावना है।



नवरात्रि से लौटेगी रौनक

बाजार के हर सेक्टर में मंदी का दौर चल रहा है। किसी भी सेक्टर में सिर्फ और सिर्फ जरूरत के हिसाब से ही खरीदारी हो रही है। आम आदमी अब घरों में राशन भी ज्यादा दिनों का नहीं रख रहा है। अब नवरात्रि से सभी सेक्टर में रौनक लौटने की संभावना है।

- राम मंधान, कार्यकारी अध्यक्ष, कैट छत्तीसगढ़

मोबाइल, कंप्यूटर का कारोबार भी प्रभावित

मोबाइल सेक्टर में हमेशा ही 5जी स्मार्ट फोन की डिमांड ज्यादा रहती है लेकिन 5जी की कीमत अब 75 फीसदी तक बढ़ गई है। ऐसा होने से कारोबार 60 फीसदी से ज्यादा प्रभावित हो गया है। राजधानी रायपुर के कारोबारियों के मुताबिक अब कोई भी 5जी मोबाइल 20 हजार से कम का नहीं आ रहा है। ऐसे में ग्राहक अपने बजट के हिसाब से 10 से 15 हजार में या तो 4जी मोबाइल ले रहे हैं, या फिर पुराने मोबाइल खरीद रहे हैं। पुराने मोबाइल की ज्यादा डिमांड के कारण इसकी भी कमी हो गई है। मोबाइल के दाम में आग लगने का सबसे बड़ा कारण चिप की कमी है। कारोबारियों का कहना है कि मोबाइल में लगने वाले चिप के दाम अब करीब ढाई गुना हो गए हैं। इधर कंप्यूटर और लैपटॉप के दाम भी बहुत बढ़ने के कारण जहां इसका कारोबार प्रभावित हो गया है, वहीं असेम्बल करके कंप्यूटर बेचने का कारोबार तो 80 फीसदी प्रभावित हो गया है। इसके पार्ट्स के दाम कई गुना बढ़ गए हैं। नवरात्रि में कई ऑनलाइन कंपनियों की बड़ी सेल के कारण अब कारोबार के वापस पटरी पर आने की संभावना है।

स्थल का सर्वे करें

जनप्रतिनिधियों से चर्चा और सुझाव के बाद ही बनाएं सिटी डेवलपमेंट प्लान



हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

रायपुर पश्चिम विधायक राजेश मूणत ने गुरुवार को एक ही दिन में दो जोन यानी जोन 7 और जोन 8 का दौरा कर पार्षदों और निगम के अधिकारियों के साथ विस्तार से वार्डवार विकास कार्यों की समीक्षा की। इस दौरान वे सिटी डेवलपमेंट प्लान को लेकर ज्यादा संतुष्ट नहीं दिखे। समीक्षा बैठक में ही उन्होंने निगम के अधिकारियों को दो टूक शब्दों में कहा कि केवल कार्यालय स्तर पर बैठकर योजना बनाने से काम नहीं चलेगा, धरातल पर जाकर स्थल का वास्तविक स्थिति आकलन कर जनप्रतिनिधियों से पहले चर्चा करें, फिर उनके सुझाव लेकर सिटी डेवलपमेंट प्लॉन बनाएं, तभी इसका वास्तविक लाभ शहरवासियों को मिल पाएगा। जोन स्तर पर वार्डवार विकास कार्यों की समीक्षा के दौरान विधायक राजेश मूणत ने निर्देश दिए कि दीपावली त्योहार से पहले रायपुर पश्चिम क्षेत्र की सभी स्ट्रीट लाइट दुरुस्त करें। वहीं नवरात्रि पर्व को देखते हुए सभी वार्डों में साफ-सफाई और स्वच्छता व्यवस्था को चाक-चौबंद रखने के निर्देश दिए।

बैठक में ये हुए शामिल

बैठक में जोन-8 अध्यक्ष प्रीतम सिंह, जोन-7 अध्यक्ष श्वेता विश्वकर्मा, एमआईसी सदस्य भोलाराम साहू, दीप-मनीराम साहू, वार्ड पार्षद संदीप साहू, अर्जुन यादव, महेंद्र औसर, एमआईसी सदस्य दीपक जायसवाल, गायत्री चंद्राकर, सुमन पांडे, संबंधित वार्डों के पार्षद, अपर आयुक्त विनोद पांडे, लोकेश्वर साहू, जोन-7 कमिश्नर डॉ. तृप्ति पाणिग्रही, जोन-8 कमिश्नर राजेश्वरी पटेल, कार्यपालन अभियंता अंशुल शर्मा जूनियर, जल विभाग के कार्यपालन अभियंता नरसिंग फरेंद्र सहित संबंधित जोन के अधिकारी उपस्थित रहे।

सड़क पर उतरीं डिग्री गर्ल्स की छात्राएं कहा-पानी नहीं, पैड मशीन भी गायब

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

पानी सहित अन्य मूलभूत सुविधाओं की मांग को लेकर डिग्री गर्ल्स की छात्राएं गुरुवार को सड़क पर उतर गईं। छात्राओं का आरोप है कि लगातार अपनी समस्याएं बताने के बाद भी कोई कार्रवाई नहीं की जा रही है।

छात्राओं ने महाविद्यालय में बाथरूम की व्यवस्था दुरुस्त करने, पैड मशीन तत्काल स्थापित करने, वाटर कूलर की नियमित सफाई एवं पर्याप्त गिलास की व्यवस्था करने की मांग रखी। इसके साथ ही सभी छात्राओं को आईडी कार्ड वितरित करने तथा प्रत्येक कक्षा में खराब लाइट एवं पंखों की तत्काल मरम्मत कराने की मांग की गई। इसके अतिरिक्त महाविद्यालय भवन का रेनोवेशन शीघ्र पूरा करने, एनसीसी भवन के धूल भरे कमरों में कक्षाएं संचालित नहीं करने तथा खेल मैदान की साफ-सफाई कर उसे पुनः छात्राओं के उपयोग योग्य बनाने की मांग भी प्रमुखता से रखी गई।



■ कार्रवाई नहीं होने पर आंदोलन एवं तालाबंदी की चेतावनी

लंबित हैं मांगें : एनएसयूआई ने कहा, छात्राओं को स्वच्छ, सुरक्षित एवं सुविधाजनक शैक्षणिक वातावरण उपलब्ध कराना महाविद्यालय प्रशासन की प्राथमिक जिम्मेदारी है। छात्राओं की मूलभूत सुविधाओं से जुड़े इन विषयों को लंबे समय तक लंबित नहीं रखा जाना चाहिए। संगठन ने प्रशासन से निर्धारित समयसीमा के भीतर सभी मांगों पर ठोस एवं प्रभावी कार्रवाई करने की मांग की। यदि 15 दिनों के भीतर मांगों का अपेक्षित समाधान नहीं किया गया, तो संगठन द्वारा चरणबद्ध तरीके से आंदोलन को आगे बढ़ाते हुए तालाबंदी जैसे कदम उठाए जाएंगे। एनएसयूआई जिला उपाध्यक्ष वैभव मुजेवार के नेतृत्व में आयोजित प्रदर्शन में उत्कर्ष खिलारी, सरगम शुक्ला, वीरपाल कौर, खुशबू नायक, निधि साहू, भूमिका टंडन, वासुकी, बिंदु, मुनमुन, ऋषिता, भूमिका, सारा, स्वाति सोनवानी, अर्पिता, स्नेहा, नताशा, यशदीप एवं चेतना सहित बड़ी संख्या में छात्राएं उपस्थित रहीं।

वोट चोरी के खिलाफ इंडिया गठबंधन का विरोध-प्रदर्शन, मशाल रैली निकाली, मनाया काला दिवस

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

मतदाता सूची में कथित अनियमितताओं, मतदाताओं के अधिकारों की रक्षा और चुनाव प्रक्रिया में पारदर्शिता की मांग को लेकर इंडिया गठबंधन के घटक दलों ने गुरुवार को रायपुर में संयुक्त विरोध-प्रदर्शन किया। घड़ी चौक स्थित डॉ. आंबेडकर की प्रतिमा के पास धरना-प्रदर्शन के बाद गठबंधन के कार्यकर्ताओं ने मशाल रैली निकाली। इस दौरान काले झंडे और तख्तियां लेकर चुनावी प्रक्रिया से जुड़े मुद्दों पर नारेबाजी की गई।

प्रदर्शन शहर कांग्रेस अध्यक्ष श्रीकुमार शंकर मेनन और ग्रामीण अध्यक्ष राजेंद्र 'पप्पू' बंजारे के नेतृत्व में हुआ। प्रदर्शनकारियों ने मतदाता सूची में कथित गड़बड़ियों की जांच, पात्र मतदाताओं के नाम सुरक्षित रखने, चुनाव प्रक्रिया में जवाबदेही और निर्वाचन आयोग की कार्यप्रणाली से जुड़े सवालों का जवाब देने की मांग की।



ये थे मौजूद : कार्यक्रम में कांग्रेस के साथ सीपीआई, सीपीएम, समाजवादी पार्टी तथा सिविल सोसाइटी से जुड़े नागरिक और बुद्धिजीवी शामिल हुए। इस दौरान एजाज ढेबर, राकेश गुप्ता, गौतम बंदोपाध्याय, शिव सिंह ठाकुर, महेश शर्मा, सूर्यमणि मिश्रा, सुशांत डे, संदीप शर्मा, मिलिंद गौतम, कमल गृतलहरे, सौरभ शर्मा, दुर्गेश वर्मा, आशीष वर्मा, विनोद ठाकुर, सूरज शर्मा, सुधा सरोज, ओम श्रीवास, दलजीत चावला, ब्रह्मा सोनकर, जसबीर ढिल्लों, महेंद्र सेन, प्रवीण चंद्राकर, अविनय दुबे, गावेश साहू, देवेंद्र यादव, दिनेश तिवारी, संगीता शर्मा सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

निर्वाचन आयोग घेरने निकली आप



मुख्य निर्वाचन आयुक्त ज्ञानेश कुमार के इस्तीफे एवं उनकी गिरफ्तारी की मांग को लेकर आम आदमी पार्टी ने गुरुवार को रायपुर में विरोध-प्रदर्शन किया। रैली निकालने के पूर्व महिला थाना चौक में सभा भी आयोजित हुई। इसके पश्चात पार्टी पदाधिकारी व कार्यकर्ता विरोध-प्रदर्शन के लिए रैली के रूप में आगे बढ़े। प्रदेश प्रभारी मुकेश अहलावत के नेतृत्व में छत्तीसगढ़ के सभी 90 विधानसभा से आए सैकड़ों कार्यकर्ताओं ने राजधानी में प्रदर्शन किया। पुलिस ने बैरिकेट लगाकर रैली को मोतीबाग में ही रोक दिया। प्रदेश प्रभारी मुकेश अहलावत ने अपने सम्बोधन में कहा, देश में ज्ञानेश कुमार लोकतंत्र की हत्या कर रहे हैं। आम आदमी पार्टी लगातार दिल्ली और सभी राज्यों में प्रदर्शन कर ज्ञानेश कुमार के इस्तीफे और गिरफ़्तारी की मांग कर रही है।

अस्थाई लाइसेंस लेने में रुचि नहीं, इस बार भी 210 आवेदन मिले, पटाखा कारोबार के लिए ऑनलाइन आवेदन अनिवार्य

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

दीपावली त्योहार में अस्थाई लाइसेंस लेने के लिए व्यापारी अब दिलचस्पी नहीं ले रहे हैं। इसका कारण आवेदन करने की ऑनलाइन प्रक्रिया है। जब से पटाखा लाइसेंस के लिए ऑनलाइन आवेदन अनिवार्य हुआ है, तब से आवेदनों की संख्या भी आधी हो गई है, जिससे प्रशासन को लाइसेंस शुल्क के रूप में होने वाली कमाई भी आधी हो गई है।

■ दस्तावेज सत्यापन के बाद मिलेगा लाइसेंस

विभाग से मिले आंकड़ों के अनुसार, जिले में इस बार अस्थाई पटाखा लाइसेंस लेने के लिए 210 आवेदन आए हैं, जिनमें से अब तक किसी को लाइसेंस जारी नहीं हो पाया है। सभी आवेदन करने वाले व्यापारियों के दस्तावेजों का वेरिफिकेशन किया जा रहा है। वेरिफिकेशन में सही पाए जाने वाले आवेदकों को ही लाइसेंस जारी किए जाएंगे। दीपावली के लिए पटाखे की स्थाई और अस्थाई दुकानें लगाने वाले व्यापारियों को लाइसेंस जारी करने के लिए प्रशासन ने ऑनलाइन आवेदन मंगाए हैं। ये आवेदन 7 सितंबर से 9 अक्टूबर तक मंगाए गए हैं। आज आवेदन का अंतिम दिन है। लोक सेवा केंद्र से मिली जानकारी के अनुसार, जिलेभर से अब तक अस्थाई लाइसेंस के लिए कुल 210 आवेदन किए गए हैं। ये सभी आवेदन प्रक्रियाधीन है। आवेदनों के साथ आवेदकों के दस्तावेजों का वेरिफिकेशन की प्रक्रिया की जा रही है। इसके तहत संबंधित थाना में आवेदकों का पुलिस रिकार्ड भी देखा जा रहा है। अधिकारियों की मानें तो लाइसेंस उन आवेदकों को ही जारी किए जाएंगे, जिनके वेरिफिकेशन में दस्तावेज एवं पुलिस रिकार्ड सही पाए जाएंगे।

अवैध रूप से बिकेंगे पटाखे

दिवाली के दौरान राजधानी रायपुर में ही एक हजार से अधिक दुकानें खुलती हैं, जिनमें 50 प्रतिशत से अधिक दुकानें बिना लाइसेंस जारी किए ही संचालित की जाती हैं। इसके बाद भी इन दुकानों के विरुद्ध कोई कार्रवाई नहीं की जाती। यही कारण है कि ज्यादातर व्यापारी लाइसेंस लेने के लिए आवेदन ही नहीं करते।



स्थाई लाइसेंस के लिए सिर्फ 14 आवेदन

स्थाई लाइसेंस के लिए भी 14 आवेदन किए गए हैं, जिनमें में से अब तक मात्र एक आवेदक को लाइसेंस जारी हो पाया है। शेष 13 आवेदन की वेरिफिकेशन की प्रक्रिया जारी है।

करेंगे कार्रवाई

लाइसेंस लिए बिना एवं नियम विरुद्ध पटाखे बिक्री करने वालों के विरुद्ध कार्रवाई की जाएगी।

- उमाशंकर बंदे, एडीएम रायपुर

600 रुपए शुल्क, फिर भी नहीं कर रहे आवेदन : दिवाली में अस्थाई पटाखा दुकान खोलने के लिए लाइसेंस शुल्क 600 रुपए निर्धारित है, वहीं स्थाई लाइसेंस के लिए 1800 रुपए है। देखा जाए तो अस्थाई लाइसेंस शुल्क बहुत कम है। इसके बाद भी व्यापारी लाइसेंस लेने के लिए आवेदन करने में रुचि नहीं दिखा रहे हैं।



हरिभूमि

रायपुर, शुक्रवार 9 अक्टूबर 2026

लाइव

Email id- zindgi.live.hb@gmail.com

0771- 4242222, Message at - 9630172937



बालों में गजरे की जगह लगाएं...

सिटी इवेंट

विश्व वैज्ञानिक रैंकिंग में एनआईटी के 20 प्रोफेसर्स को मिला स्थान



रायपुर। एनआईटी के शिक्षकों को स्टैनफोर्ड यूनिवर्सिटी अमेरिका द्वारा जारी प्रतिष्ठित 'विश्व के शीर्ष वैज्ञानिक-शोधकर्ता' की सूची में स्थान दिया गया है। स्टैनफोर्ड यूनिवर्सिटी अमेरिका ने वर्ष 2025 के लिए स्टैनफोर्ड यूनिवर्सिटी अमेरिका की टॉप 2 फीसदी विश्व वैज्ञानिक रैंकिंग में शामिल किया गया है। यह सूची प्रतिवर्ष विभिन्न क्षेत्रों में विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में किए गए शोध कार्यों के अनेक मानकों एवं संकेतकों के आधार पर तैयार की जाती है। इसके लिए इल्सेवियर द्वारा उपलब्ध कराए गए स्कूपस डेटा का उपयोग आईसीएसआर लैब के माध्यम से किया जाता है। इस पहल का उद्देश्य नई पीढ़ी के वैज्ञानिकों एवं नवाचारकर्ताओं में विकसित हो रही वैज्ञानिक प्रतिभा को प्रोत्साहित करना और वैज्ञानिक उत्कृष्टता को बढ़ावा देना है। 'कैरियर लॉन्ग इम्पैक्ट' श्रेणी में उन शोधकर्ताओं को सम्मानित किया गया है, जिन्होंने लंबे समय तक निरंतर एवं उल्लेखनीय शोध योगदान दिया है और अपने क्षेत्र में दीर्घकालिक वैज्ञानिक प्रभाव स्थापित किया है। इस श्रेणी में डॉ. अवनीश कुमार किरण एसोसिएट प्रोफेसर जैव-प्रौद्योगिकी विभाग, डॉ. गोविंद प्रसाद गुप्ता एसोसिएट प्रोफेसर सूचना प्रौद्योगिकी विभाग, डॉ. मोहन कुमार प्रधान एसोसिएट प्रोफेसर मैकेनिकल इंजीनियरिंग विभाग, डॉ. लता शेओ बचन उपाध्याय प्रोफेसर जैव-प्रौद्योगिकी विभाग, डॉ. प्रदीप कुमार सिंह प्रोफेसर कंप्यूटर साइंस एवं इंजीनियरिंग विभाग आदि को स्थान मिला है।

सिंगल ईयर इम्पैक्ट श्रेणी में इनका चयन

'सिंगल ईयर इम्पैक्ट 2025' श्रेणी में उन संकाय सदस्यों एवं शोधकर्ताओं को मान्यता दी गई है, जिनके शोध कार्यों का वर्तमान समय में उल्लेखनीय प्रभाव है और जिनकी हालिया शोध गतिविधियों ने वैश्विक स्तर पर महत्वपूर्ण दृश्यता हासिल की है। इस वर्ष इस श्रेणी में डॉ. अवनीश कुमार एसोसिएट प्रोफेसर जैव-प्रौद्योगिकी विभाग, डॉ. गोविंद प्रसाद गुप्ता एसोसिएट प्रोफेसर सूचना प्रौद्योगिकी विभाग, डॉ. प्रदीप कुमार सिंह प्रोफेसर कंप्यूटर साइंस एवं इंजीनियरिंग विभाग, डॉ. राकेश त्रिपाठी प्रोफेसर सूचना प्रौद्योगिकी विभाग, डॉ. सुदीप कुमार सिन्हा एसोसिएट प्रोफेसर मेटलर्जिकल एवं मैटेरियल्स इंजीनियरिंग विभाग, डॉ. प्रतिमा गुप्ता प्रोफेसर जैव-प्रौद्योगिकी विभाग सहित अन्य शामिल है।

● राजधानी के वृद्धाश्रमों और युवाओं के प्रयास से बुजुर्गों को अपनों के बीच पहुंचाने सार्थक प्रयास

नई पीढ़ी माता-पिता से नहीं बना रही सामंजस्य बढ़ते मतभेद को दूर करके घर वापसी की पहल

नई पीढ़ी शादी के बाद माता-पिता से व्यवहारिक सामंजस्य बनाने की बजाय उनसे किनारा करने लगी है। इस वजह से संस्थाओं द्वारा संचालित वृद्ध आश्रमों की ओर बुजुर्गों ने रूख करना शुरू कर दिया है। पति या पत्नी की मृत्यु के बाद जब उन्हें परिवार की जरूरत सबसे ज्यादा होती है, तब उनसे बेटे-बहू ही किनारा करने लगते हैं। प्रतिदिन होने वाले विवाद के चलते एक समय ऐसा भी आता है, जब वह परिवार को छोड़कर निकलते हैं। ऐसे लोग भटकते हुए किसी न किसी माध्यम से वृद्धाश्रमों में पहुंचते हैं।





बुजुर्गों को अपनों के बीच पहुंचाने में मिली सफलता

समय के साथ वृद्धजन बहू और बेटों के साथ वैचारिक तालमेल नहीं बना पाते हैं। इसके चलते हर दिन होने वाले टकराव को देखते हुए एक समय ऐसा भी आता है, जब वे परिवार से नाराज होकर घर छोड़ देते हैं। इस तरह की स्थिति पति या पत्नी की मृत्यु के बाद बनती है। जब उनकी परिवार में नहीं सुनी जाती और बहूओं के साथ सामंजस्य नहीं बनने की वजह से नाराज होकर वृद्धजन आश्रमों का रूख करते हैं। यह जानकारी देते हुए प्रशांत पांडेय ने बताया कि चितवन वृद्धाश्रम का संचालन करते हुए 12 साल बीत गए। इस बीच संस्था रियल केयर फाउंडेशन से जुड़े मेंबर्स द्वारा जहां 19 वृद्धजनों की सेवा करते हुए उन्हें परिवार जैसा माहौल देने का प्रयास किया जा रहा है। वहीं 2015 से लेकर 2024 के बीच 33 बुजुर्गों की घर वापसी करवाने में सफलता मिली है।

रायपुर। शहर में आश्रम संचालन करने वाले उनकी पीड़ा को देखते हुए काउंसिलिंग करके घर वापसी करवाने का प्रयास भी करते हैं। साथ ही परिवार के लोग उनका मान-सम्मान कर रहे या नहीं, इसकी जानकारी लेने के लिए फालोअप करने और उनकी सुध लेने का का दायित्व भी निभाते हैं। तेलीबांधा निवासी अर्चना कुर्रे ने बताया कि सामाजिक सरोकार से जुड़ने के बाद 15 बुजुर्ग माता-पिता को घर पहुंचाने का प्रयास किया। इस दौरान पता चला कि नई पीढ़ी माता-पिता द्वारा की जाने वाली आपत्ति के चलते विवाद करते हैं। साथ ही उनके प्रति रूखा व्यवहार करते हैं। नाती-पोते के साथ समय बिताने का अवसर भी नहीं देते हैं। इससे उनके व्यवहार में चिड़चिड़ापन बढ़ने से घरेलू विवाद और हिंसा की स्थिति बनती है। इसके चलते उम्र के उस पड़ाव में वे घर छोड़ने को मजबूत होते हैं। जब उनको सेवा की जरूरत होती है, तब उनको इलाज करवाने के बहाने अस्पतालों में लोग छोड़कर चले जाते हैं। ऐसे लोगों की घर वापसी का प्रयास करते हुए फालोअप भी करती हूं।

एकांगी जीवन करता है व्यवहार को प्रभावित

पुरानी बस्ती में संचालित मनोहर जीवन कल्याण वृद्ध निवास (वृद्धाश्रम) की संस्थापिका डॉ. तृप्ति लुनिया ने बताया कि वृद्धजनों की सेवा के साथ जीवन में नए अनुभव भी जुड़ रहे हैं। घर-परिवार को छोड़कर आश्रमों में रहने के लिए आने वाले 23 बुजुर्ग माता-पिता की सेवा का अवसर जहां सौभाग्य का एहसास देते हैं। वहीं इस कड़ी में एक नया अध्याय भी जुड़ गया है। अभी तक 60 बुजुर्ग माता- पिता को घर वापसी के लिए काउंसलिंग का अवसर भी मिला। इससे नया अनुभव प्राप्त होता है। दोनों पक्षों से संवाद करने पर पता चलता है कि नई पीढ़ी अपने ही माता-पिता की मनःस्थिति को समझने को तैयार नहीं है। बहू और बेटे हम दो हमारे दो की तर्ज पर जीवन जीना चाहते हैं। पति और पत्नी की मृत्यु के बाद एकांगी जीवन उनके व्यवहार को प्रभावित करता है।

तालमेल बनाने के बाद करते फालोअप

आश्रम संचालन से जुड़े लोगों ने बताया कि जिन बुजुर्गों की घर वापसी करवाई जाती है। अगर फालोअप के दौरान पता चलता है कि वृद्धजनों का अपमान किया जा रहा है, तो उन्हें आश्रम में भी ले आते हैं। हालांकी इस तरह की स्थिति कुछ एक केस में ही बनती है। कई बार ऐसा भी देखने को मिलता है कि उनका इलाज करवाने में कोताही बरती जाती है। इसे देखते हुए आश्रम में रखने और सेवा करने का दायित्व निभाने का अवसर भी मिलता है।

सिटी इवेंट

रंगोली में दिखी सांस्कृतिक विरासत सड़क सुरक्षा का प्रभाव भी उभरा







रायपुर। प्रगति कॉलेज में जैज-2026 का शुभारंभ गुरुवार को हुआ। आयोजन के तहत अंतरकक्षीय प्रतियोगिताओं की श्रृंखला शुरू की गई, जिसमें विद्यार्थियों को अपनी रचनात्मक और सांस्कृतिक प्रतिभा प्रदर्शित करने का अवसर मिला।
प्रतियोगिताओं में रंगोली, पोस्टर-पेंटिंग, डिबेट, रेसिपी, रील्स, एक्सटेम्पोर, फेस्टिवल डेकोरेशन, मेहंदी, मॉडल, बेस्ट आउट ऑफ वेस्ट, म्यूजिक, डांस, ड्रामा और फैंसी ड्रेस सहित विभिन्न स्पर्धाएं आयोजित की जा रही हैं।
प्रतियोगिताओं के लिए विद्यार्थियों को ए, बी, सी और डी समूहों में विभाजित किया गया है। ए समूह में यूजी के प्रथम एवं द्वितीय सेमेस्टर, बी समूह में तृतीय एवं चतुर्थ सेमेस्टर, सी समूह में पांचवें एवं छठे सेमेस्टर तथा डी समूह में बीएड और सभी पीजी के विद्यार्थी शामिल हैं।

कला और संस्कृति से जुड़े विषयों पर प्रस्तुति

आयोजन के पहले चरण में 8 अक्टूबर को रंगोली प्रतियोगिता आयोजित की गई। इसमें विद्यार्थियों ने कला और संस्कृति से जुड़े विभिन्न विषयों को रंगों के माध्यम से प्रस्तुत किया। रंगोली की थीम में पारिस्थितिकी तंत्र, बाल श्रम, मानवता, लोककला, घरेलू हिंसा, स्वास्थ्य सुरक्षा, सड़क सुरक्षा, मोबाइल युग, सांस्कृतिक विरासत, मतदाता जागरूकता, शिक्षा, सामाजिक जागरूकता, जल संरक्षण, पर्यावरण जागरूकता, राष्ट्रीयता, नैतिक शिक्षा, विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी सहित कई विषय शामिल रहे। विद्यार्थियों ने इन विषयों पर बारीकी और रचनात्मकता के साथ रंगोली तैयार कर सामाजिक संदेश देने का प्रयास किया। प्रतियोगिता के निर्णायक के रूप में उमेश चौकसे, जैन आर्ट शिक्षक उपस्थित रहे। कार्यक्रम में महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ. सौम्या नैयर, एडमिनिस्ट्रेटर ज्योति ठाकुर उपस्थित रहे।

भारतीय संस्कृति से जुड़ रहे हजारों नौनिहाल 12 हजार विद्यार्थियों ने दी ज्ञान परीक्षा

रायपुर। अखिल विश्व गायत्री परिवार के तत्वावधान में भारतीय संस्कृति, संस्कार और नैतिक मूल्यों को नई पीढ़ी तक पहुंचाने के उद्देश्य से आयोजित भारतीय संस्कृति ज्ञान परीक्षा का आयोजन शहर के विभिन्न स्कूलों में किया गया। परीक्षा में करीब 12 हजार विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लेकर भारतीय संस्कृति एवं परंपराओं से जुड़े अपने ज्ञान का प्रदर्शन किया। क्षेत्र के करीब 110 स्कूलों में परीक्षा आयोजित की गई। विद्यार्थियों में परीक्षा को लेकर खासा उत्साह देखने को मिला। अखिल विश्व गायत्री परिवार द्वारा यह परीक्षा विगत कई वर्षों से आयोजित की जा रही है। इसका उद्देश्य विद्यार्थियों को भारतीय संस्कृति, संस्कार, महापुरुषों के जीवन आदर्श, नैतिक मूल्यों और देश की गौरवशाली परंपराओं से परिचित कराना है।



परीक्षा के माध्यम से बच्चों में अपनी संस्कृति के प्रति रुचि और गौरव की भावना विकसित करने का प्रयास किया जा रहा है। गायत्री परिवार का मानना है कि आधुनिक शिक्षा के साथ बच्चों को अपनी संस्कृति और संस्कारों का ज्ञान भी जरूरी है। इसी उद्देश्य से विद्यार्थियों को भारतीय संस्कृति से संबंधित विषयों की जानकारी दी जाती है और परीक्षा के माध्यम से उनकी समझ को परखा जाता है। परीक्षा में बेहतर प्रदर्शन करने वाले उत्कृष्ट विद्यार्थियों को पुरस्कृत भी किया जाएगा।

मरीजों के परिजनों की मदद करने युवा दे रहे भोजन सेवा

रायपुर। दूर-दराज से राजधानी के सरकारी अस्पतालों में अपनों का इलाज करवाने के लिए आने वाले परिजनों की मदद करने के लिए वर्ष 2018 से संस्था "कुछ फ़र्ज़ हमारा भी" द्वारा अस्पताल परिसर में निःस्वार्थ एवं निःशुल्क भोजन सेवा दी जा रही है। यह सेवा शहर के प्रमुख अस्पतालों में वर्षभर प्रतिदिन दोनों समय निरंतर जारी है। इस सेवा से प्रतिदिन 1,500 से अधिक मरीजों के परिजन को लाभ देने की पहल युवा कर रहे हैं। इस कड़ी में गुरुवार को वर्तमान में यह सेवा डीकेएस अस्पताल, जिला अस्पताल कालीबाड़ी, मेकाहारा अस्पताल एवं बाल गोपाल चिल्ड्रन अस्पताल में जरूरतमंद मरीजों के परिजनों तक भोजन पहुंचा रही है। यह सेवा दानदाताओं के सहयोग से संचालित की जा रही है। लोग अपने जन्मदिन, सालगिरह और प्रियजनों की स्मृति में भोजन सेवा के काम में सहयोग करते हैं।



लोगों को समय पर भोजन सेवा प्रदान की जा सके : इस सेवा को निरंतर आगे बढ़ाने में संस्था के संस्थापक एवं अध्यक्ष नितिन सिंह राजपूत, सचिव स्मारिका राजपूत, राकेश अग्रवाल, सुनील गोयल, रितेश अग्रवाल, रजत अग्रवाल, उदित अग्रवाल, अंकित गोयल, डॉ. शेषा सक्सेना सहयोग देते हैं। वहीं सरोज सैफी, प्रखर अग्रवाल, रवि गोयल, विजय कुमार गुप्ता सहित संस्था से जुड़े समर्पित वॉलंटियर्स का महत्वपूर्ण योगदान है। इस प्रयास को निरंतर आगे बढ़ाने में युवाओं की सहभागिता से उपचार के लिए आने वाले मरीजों और उनके परिजनों को दोपहर एवं शाम को भी भोजन सेवा देने के लिए युवाओं ने अपनी जिम्मेदारी तय की है।

कार्नर न्यूज

राज्य स्तरीय रोजगार मेले में 13 हजार से अधिक युवा हुए शामिल, सीएम ने सौंपे नियुक्ति पत्र

5 हजार युवाओं की नौकरी का सपना हुआ साकार हाथों में ऑफर लेटर पाकर खिल उठे चेहरे

रायपुर। बूढ़ातालाब स्थित सरदार बलबीर सिंह जुनेजा इंडोर स्टेडियम में राज्य स्तरीय रोजगार मेला का समापन समारोह आयोजित हुआ। छत्तीसगढ़ राज्य कौशल विकास प्राधिकारण विभाग द्वारा आयोजित इस दो दिवसीय रोजगार मेले में 13 हजार से अधिक अभियार्थियों ने भाग लिया। नौकरी पाने की आस में राज्यभर के 10वीं, 12वीं पास के अलावा इंजीनियरिंग और साइंस विषयों में ग्रेजुएट-पोस्ट ग्रजेएट, डिप्लोमाधारी युवाओं ने 95 से अधिक नियोक्ता कंपनियों की स्टॉल्स पर प्रत्यक्ष साक्षात्कार दिया।



आयोजन स्थल पर लगभग 50 स्टॉल स्थापित किए गए, जहां विभिन्न औद्योगिक एवं सेवा क्षेत्रों की कंपनियों द्वारा अभ्यर्थियों के दस्तावेजों का सत्यापन, साक्षात्कार और चयन किया गया। मेले में आईटीआई, डिप्लोमा, इंजीनियरिंग, स्नातक सहित विभिन्न शैक्षणिक एवं व्यावसायिक योग्यता वाले युवाओं के लिए रोजगार के अवसर उपलब्ध कराए गए। रोजगार विभाग के साथ औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थानों, तकनीकी शिक्षा विभाग, पॉलिटेक्निक एवं इंजीनियरिंग महाविद्यालयों तथा छत्तीसगढ़ राज्य कौशल विकास प्राधिकरण की भी आयोजन में सक्रिय सहभागिता रही। कौशल विकास कार्यक्रमों के अंतर्गत प्रशिक्षित युवाओं ने भी बड़ी संख्या में रोजगार मेले में हिस्सा लिया। इस तरह रोजगार मेला केवल नियुक्तियों का माध्यम नहीं, बल्कि युवाओं, उद्योगों और शैक्षणिक संस्थानों के बीच सीधे संवाद और समन्वय का प्रभावी मंच भी बना।

रोजगार मेले से पूरी हुई जॉब की आस



राजनांदगांव जिले से रोजगार मेले में जॉब की आस लेकर पहुंचे मयंक सोनवानी ने बताया कि वह बीकॉम में ग्रेजुएट हैं। ग्रेजुएशन के बाद रोजगार की तलाश थी। यहां रोजगार मेले में आकर वेयरहाउस सुपरवाइजर पद का ऑफर लेटर मिलने से रोजगार का सपना पूरा हुआ।

एग्जीक्यूटिव सुपरवाइजर पद पर सलेक्शन



रायपुर जिले से रोजगार मेले में पहुंची नेहा मसीह बताया कि उनका एग्जीक्यूटिव सुपरवाइजर के पर पर सलेक्शन हुआ है। इस बात की खूशी है कि अब मेरे पास रोजगार है। पढ़ाई पूरी करने के बाद जॉब की तलाश में लगी रही।

जूनियर इंजीनियरिंग ट्रेनी बनकर मिली खुशी



रोजगार मेले में जूनियर इंजीनियरिंग ट्रेनी पद की ऑफर लेटर मुख्यमंत्री के हाथों पाकर वाशुयेश सेंड्रे की खुशी का ठिकाना न रहा। वाशुयेश ने बताया कि इंजीनियरिंग की पढ़ाई करने के बाद भी बेरोजगार था। रोजगार मेले से जॉब का अवसर मिला।

समाज लाइव

मित्तल अस्पताल में 100 से अधिक ब्रेस्ट कैंसर सर्वाइवर्स के साथ मनाया गया पिंक कारपेट



रायपुर। ब्रेस्ट कैंसर के प्रति जागरूकता, उपचार के बाद जीवन की नई शुरुआत और कैंसर सर्वाइवर्स के साहस को सम्मान देने के उद्देश्य से मित्तल कैंसर अस्पताल में विशेष 'पिंक कारपेट' कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में ब्रेस्ट कैंसर से जंग जीत चुकीं लगभग 100 महिला सर्वाइवर्स को आमंत्रित कर उनके संघर्ष, साहस और जिजीविषा का सम्मान किया गया।अक्टूबर माह को पूरी दुनिया में 'ब्रेस्ट कैंसर अवेयरनेस मंथ' या 'पिंक अक्टूबर' के रूप में मनाया जाता है। गुलाबी रंग और पिंक रिबन ब्रेस्ट कैंसर के प्रति जागरूकता, समर्थन और उम्मीद के प्रतीक बन चुके हैं।

कैंसर केवल बीमारी और उपचार तक सीमित नहीं

'पिंक कारपेट' का उद्देश्य केवल कैंसर के प्रति जागरूकता फैलाना नहीं, बल्कि यह संदेश देना भी है कि कैंसर की कहानी केवल बीमारी और उपचार तक सीमित नहीं है। इसके बाद भी एक पूरी जिंदगी है। सर्वाइवर्स की मौजूदगी उपचाररत मरीजों के लिए उम्मीद और आत्मविश्वास का स्रोत बनती है। साथ ही, ऐसे कार्यक्रम मरीजों को अपने अनुभव साझा करने और एक-दूसरे से भावनात्मक सहयोग प्राप्त करने का अवसर देते हैं। इस अवसर पर मित्तल कैंसर अस्पताल ने संदेश दिया कि "कैंसर से लड़ाई के बाद जिंदगी रुकती नहीं, बल्कि एक नई उम्मीद के साथ आगे बढ़ती है।

सिटी लाइव

गायत्री शक्तिपीठ में 10 को सामूहिक श्राद्ध व पितृ तर्पण

रायपुर। अखिल विश्व गायत्री परिवार शांतिकुंज हरिद्वार के मार्गदर्शन में गायत्री शक्तिपीठ समता कॉलोनी के तत्वावधान में शनिवार को सुबह 9 बजे से पितृ मोक्ष अमावस्या के अवसर पर सामूहिक श्राद्ध एवं तर्पण का विशेष आयोजन किया जाएगा। यह कार्यक्रम सनातन संस्कृति के उन शाश्वत मूल्यों को समर्पित है, जो हमें पूर्वजों के प्रति कृतज्ञता ज्ञापित करना सिखाते हैं। इस संबंध में जानकारी देते हुए गायत्री शक्तिपीठ के मुख्य प्रबंध ट्रस्टी श्याम बैस एवं ट्रस्टी सदाशिव हथमल ने बताया कि भारतीय सनातन संस्कृति के अनुसार श्राद्ध और तर्पण मात्र कर्मकांड नहीं, बल्कि पूर्वजों के प्रति आदर, आभार प्रकट करने और उनके ऋण से उऋण होने का माध्यम है। माता-पिता ने हमें पाल-पोषकर इस योग्य बनाया है, इसलिए पितृ ऋण को प्रमुखता देते हुए उन्हें श्रद्धापूर्वक याद रखने और उनकी आत्मा की शांति के लिए यह अनुष्ठान किया जाएगा।



व्यवस्था बनाए रखने के लिए करवा सकते हैं पजीयन

गायत्री परिवार के मीडिया प्रभारी प्रज्ञा प्रकाश निगम ने जलांजलि के संदर्भ में बताया कि गायत्री परिवार द्वारा श्रद्धांजलि का यह प्रयोग अत्यंत सरल और सुलभ रखा गया है। अन्य पूजा-उपचारों में वस्तुओं की अनिवार्यता होती है, जो हर समय सुलभ नहीं हो पातीं, किंतु जल हमारे दैनिक जीवन का अनिवार्य अंग और सर्वत्र उपलब्ध रहता है। इसी महत्ता को ध्यान में रखते हुए सूर्य नारायण को अर्घ्य, तुलसी वृक्ष को जलदान, अतिथियों का सत्कार और पितृगणों के लिए जलांजलि (तर्पण) का विधान हमारी संस्कृति में बताया गया है। गायत्री शक्ति पीठ ने श्रद्धालुओं से आग्रह किया है कि जो भी सज्जन इस सामूहिक तर्पण में शामिल होना चाहते हैं, वे गायत्री शक्तिपीठ में संपर्क करके अपना पूर्व पंजीयन करवा लें। आयोजन समिति द्वारा पंजीयन संख्या के आधार पर ही तर्पण सामग्री की व्यवस्था करेगी।

आराधना

200 से अधिक छात्राओं ने भाग लेकर स्वास्थ्य जांच का उठाया लाभ



रायपुर। डॉ. राधाबाई नवीन कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय में स्वास्थ्य परीक्षण शिविर कार्यक्रम का आयोजन किया गया। यह शिविर जिला छय नियंत्रण केंद्र कालीबाड़ी और महाविद्यालय के यूथ रेड क्रॉस तथा राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के संयुक्त तत्वावधान में आयोजन किया गया। स्वास्थ्य परीक्षण शिविर कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस आयोजन में शासकीय जिला छय नियंत्रण केंद्र के सेंट एस अशोक, वीक प्रोग्राम ऑफिसर अभिषेक शर्मा, रूपेंद्र वर्मा रेडियोलॉजिस्ट तथा विक्रम साहू उपस्थित रहे। इस कार्यक्रम में 200 से अधिक छात्राओं का एक्सरे किया गया। यूथ रेड क्रॉस सोसाइटी महाविद्यालय की इकाई के द्वारा डॉ. श्वेता अग्निवंशी एवं राष्ट्रीय सेवा योजना की ओर से डॉ. निशा बारले ने इस कार्यक्रम का संयुक्त रूप से आयोजन किया।

सदस्यों का भी एक्स-रे किया

वहीं छात्रों ने वॉलिंटियर्स के रूप में इस कार्यक्रम में अपनी सहभागिता निभाई। छात्राओं के साथ-साथ महाविद्यालय परिवार के सभी सदस्यों का भी एक्स-रे किया गया। महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. विनोद कुमार जोशी ने इसे शासन की एक अच्छी पहल बताते हुए छात्रों के स्वास्थ्य परीक्षण के कार्यक्रम की सराहना की और आने वाले समय में भी इसी तरह के अन्य मेडिकल कैंप कराए जाने का आश्वासन दिया।

● शारदीय नवरात्रि को लेकर सजी बाजार, पूजा-सजावटी सामग्रियों की खरीदारी करने लोगों में उत्साह

माता रानी के श्रृंगार के लिए पहुंची बॉम्बे-मेरठ से सितारे, गोटा-पट्टी जड़ी चमकीली लहंगा-चुनरी

शारदीय नवरात्रि को लेकर माता रानी के श्रृंगार के सामान से बाजार सज गए हैं। माता रानी के श्रृंगार के सामानों में लाल चुनरी, चमकते मुकुट, रंग-बिरंगी पोशाक, फूलों की माला, हार, नथ, कंगन और अन्य सजावटी सामग्री की खरीदारी के लिए श्रद्धालुओं की भीड़ बाजारों में पहुंचने लगी है। पुरानी बस्ती, गोलबाजार, माठागांव, रायपुरा-महादेवघाट रोड पर विशेष रौनक देखने को मिल रही है। दुकानों पर माता रानी के लिए अलग-अलग आकार और डिजाइन की पोशाक उपलब्ध हैं।





माता की चौकी और सिंहासन की बढ़ी मांग

बाजार में अहमदाबाद-बॉम्बे से माता रानी की आकर्षक पोशाक, बनारस से चमकदार और डिजाइनदार मुकुट, कलकत्ता से फूलों की सुंदर मालाएं, राजस्थान से रंग-बिरंगी और गोटेदार चुनरी, मेरठ से चौकी और सिंहासन समेत स्थानीय सजावटी सामान है। रायपुरा-महादेवघाट रोड स्थित पूजा-श्रृंगार शॉप के संचालिका शुभांगी शर्मा ने बताया कि दिल्ली से भी छोटे आकार की मूर्तियां, सिहांसन काफी आए हैं। नवरात्रि पर वैसे तो पूजा-श्रृंगार की सामग्रियों की खरीदारी हो रही है। इसके अलावा माता की चौकी और सिंहासन की मांग बढ़ गई है।



मिट्टी के कलश की विशेष डिमांड

शहर के कालीबाड़ी चौक, पुरानी बस्ती बाजार चौक, रायपुरा-महादेवघाट रोड पर मिट्टी के कलश की व्यापारियों ने स्टाल सजे हुए हैं। मिट्टी बर्तन के व्यापारियों ने बताया कि मंदिरों व घरों के लिए लोग मिट्टी के कलश, दीए आदि खरीद रहे हैं। शारदीय नवरात्रि पर मिट्टी के कलश की विशेष महत्व के चलते कलश, मटके और दीए आदि बर्तनों की विशेष मांग हो रही है। इसके अलावा शहर के बर्तन दुकानों पर भी पूजा की थाली, तांबे, पीतल का कलश आदि की खूब खरीदारी हो रही है।

पूजा सामग्री की दुकानों में उमड़ रही भीड़

नवरात्रि की तैयारियों के लिए लोग पूजा की थाली, कलश, नारियल, चुनरी, रोली, मौली, धूप-बत्ती और अन्य पूजन सामग्री की खरीदारी कर रहे हैं। वहीं माता की प्रतिमा और पूजा स्थलों को सजाने के लिए आकर्षक सजावटी सामग्री भी बाजार में उपलब्ध है। हर तरह के सामान की शुरुआत माता रानी के मूर्ति के साइज के हिसाब से है। घर में रखने वाली मूर्तियों के हिसाब से दाम 25 रुपये से शुरु होकर 2500 रुपये तक है। इसमें पोशाक, चुनरी, माला, सिहांसन, चौकी आदि सभी कुछ शामिल हैं।

रापुपुर। गोलबाजार स्थिति पूजा एवं सजावटी समान के विक्रेता दुकानदारों के मुताबिक माता की पोशक अहमदाबाद, बॉम्बे और मेरठ से मंगाए गए हैं। इनमें कढ़ाई, सितारे, गोटा-पट्टी और चमकीले काम वाली पोशाक श्रद्धालुओं को आकर्षित कर रही हैं। छोटी से लेकर बड़ी प्रतिमाओं के लिए अलग-अलग आकार की पोशाक उपलब्ध हैं। साथ ही बनारसी व जयपुरी लुक में लहंगा चुनरी की भी मांग है। गौरतलब है कि नवरात्रि के आरंभ में कुछ ही दिन शेष रह गए हैं। ऐसे घरों से लेकर देवी मंदिरों में पूजा, साज सजावट की तैयारियां जोर-शोर से हो रही है। नवरात्रि के दौरान विशेष पूजा-अर्चना और धार्मिक कार्यक्रम आयोजित किए जाने की तैयारियां भी चल रही हैं। नवरात्रि को लेकर जहां व्यापारियों में अच्छे कारोबार की आस है, तो वहीं श्रद्धालु भी पर्व को लेकर उत्साह के साथ खरीदारी और तैयारियों में जुटे हुए हैं।

डॉक्टर्स की टीम ने 500 जरूरतमंदों का किया फ्री चेकअप, 100 से अधिक लोगों को चश्मा वितरण

रायपुर। अग्रवाल सभा द्वारा इस साल भी श्री अग्रसेन जयंती महोत्सव की श्रृंखला में सालासर मंदिर परिसर श्री सालासर धाम में गुरुवार को विशाल निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। सुबह 10 से दोपहर 2 बजे तक आयोजित इस शिविर में 500 से ज्यादा लोगों ने पहुंचकर विभिन्न स्वास्थ्य सेवाओं का लाभ लिया। अग्रवाल सभा के मीडिया प्रभारी योगेश अग्रवाल व उदित अग्रवाल ने बताया कि शिविर का उद्देश्य समाज के साथ सभी जाति, धर्म एवं वर्ग के लोगों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराना था।

अग्रसेन जयंती महोत्सव की श्रृंखला में अग्रवाल सभा ने सरोकार बढ़ाने किया निःशुल्क शिविर



शिविर में देश के श्रेष्ठ सुपर स्पेशलिस्ट एवं विशेषज्ञ चिकित्सकों द्वारा विभिन्न रोगों से संबंधित निःशुल्क परामर्श व स्वास्थ्य जांच की गई। इस शिविर में हृदय रोग, डायबेटोलॉजिस्ट, ऑर्थोपेडिक्स, डेंटिस्ट, नेत्र रोग, स्त्री एवं प्रसूति विशेषज्ञ, त्वचा, नाक-कान एवं बाल रोग सहित अलग-अलग 13 बीमारियों से निजात दिलाने वाले विशेषज्ञों ने जहां 500 पेशेंट की जांच में सहयोग दिया, वहीं 100 जरूरतमंदों को चश्मा भी वितरित किया।

जांच और दवाइयों की सुविधा देना सराहनीय पहल

अग्रवाल सभा के अध्यक्ष विजय कुमार अग्रवाल ने बताया कि समाज सेवा का वास्तविक उद्देश्य जरूरतमंद लोगों तक सुविधा पहुंचाना है। इस भावना के साथ यह स्वास्थ्य शिविर सभी के लिए पूर्णतः निःशुल्क रखा गया। उन्होंने कहा कि स्वास्थ्य प्रत्येक व्यक्ति के जीवन की मूलभूत जरूरत है। इस दिशा में सेवा करना समाज की जिम्मेदारी है। इस अवसर पर ग्रामीण विधायक मोतीलाल साहू ने कहा कि अग्रवाल सभा द्वारा आयोजित यह स्वास्थ्य शिविर समाज सेवा का अनुकरणीय उदाहरण है। जरूरतमंद लोगों को एक ही स्थान पर कई विशेषज्ञ चिकित्सकों से निःशुल्क परामर्श, जांच एवं दवाइयों की सुविधा मिलना सराहनीय पहल है।

आज बच्चों का कार्यक्रम और महिला सम्मेलन

इस शिविर के प्रभारी गोपाल अग्रवाल, सुधीर अग्रवाल एवं दीपक गुप्ता की सक्रिय सहभागिता से आयोजन का सफल समापन किया गया। यह आयोजन डॉ. कमलेश्वर अग्रवाल के मार्गदर्शन तथा डॉ. विकास अग्रवाल, डॉ. प्रदीप अग्रवाल एवं डॉ. जितेंद्र सराफ के सहयोग से किया गया। चिकित्सकों एवं चिकित्सा टीम ने शिविर में आने वाले मरीजों को परामर्श एवं स्वास्थ्य संबंधी मार्गदर्शन दिया। शुक्रवार को महिला सम्मेलन एवं किड्स कलाकारों और महिला मंडल द्वारा "धर्म क्षेत्र पौराणिक इतिहास" विषय पर कार्यक्रम सहित महिलाओं का सम्मेलन किया जाएगा। वहीं युवा मंडल द्वारा बच्चों की प्रतिभाओं को मंच देने के उद्देश्य से "किड्स कलाकार" कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा।

पुलिसकर्मियों को सिखाई तनाव प्रबंधन की तकनीकें



रायपुर। विश्व मानसिक स्वास्थ्य सप्ताह-2026 के अवसर पर नेताजी सुभाष चंद्र बोस राज्य पुलिस अकादमी, चंदखुरी में पुलिस प्रशिक्षणार्थियों के लिए तनाव प्रबंधन एवं मानसिक स्वास्थ्य विषय पर विशेष कार्यशाला आयोजित की गई। कार्यशाला में पुलिस सेवा के दौरान तनाव के प्रमुख कारणों, शुरुआती लक्षणों की पहचान और तनाव से प्रभावी तरीके से निपटने के व्यावहारिक उपायों पर चर्चा की गई। कार्यशाला का संचालन रायपुर मनोचिकित्सा संस्थान के एक फैकल्टी सदस्य और 10 एमफिल क्लिनिकल साइकोलॉजी के विद्यार्थियों की टीम ने संयुक्त रूप से किया। प्रशिक्षण के दौरान प्रतिभागियों को मानसिक स्वास्थ्य को बेहतर बनाए रखने के लिए विभिन्न वैज्ञानिक और व्यावहारिक तकनीकों का अभ्यास कराया गया।

तनाव के संकेतों की पहचान जरूरी

विशेषज्ञों ने डायाफ्रामैटिक ब्रीदिंग, फाइव-सेंस ग्राउंडिंग, थॉट क्लाउड एवं सोच में सुधार, डिजिटल डिटॉक्स, स्लीप हाइजीन और साइकोलॉजिकल फर्स्ट ऐड जैसी तकनीकों की जानकारी दी। प्रतिभागियों को बताया गया कि तनाव के शुरुआती संकेतों को पहचानकर समय रहते उचित कदम उठाना मानसिक स्वास्थ्य के लिए महत्वपूर्ण है। कार्यशाला को संबोधित करते हुए डॉ. मनोज के. पांडेय ने कहा कि पुलिसकर्मियों का मानसिक स्वास्थ्य प्रभावी पुलिसिंग, बेहतर निर्णय क्षमता और संवेदनशील जनसेवा का महत्वपूर्ण आधार है। तनाव को समय रहते पहचानकर वैज्ञानिक तरीके से उसका प्रबंधन करना आवश्यक है।

कार्नर न्यूज

● नृत्य के मंच पर दिखा हुनर, एकल में अपूर्वा और समूह में दीक्षा पटेल एंड ग्रुप अव्वल

श्रीकृष्ण भक्ति से छत्तीसगढ़ी नाचा तक, डांस कॉम्पिटिशन में दिखी संस्कृति की रंगीन छटा

रायपुर। पुरानी बस्ती स्थित अग्रसेन महाविद्यालय में विद्यार्थियों की प्रतिभा को मंच देने और उन्हें कला-संस्कृति से जोड़ने के उद्देश्य से अंतरविद्यालयीन इंटर स्कूल डांस कॉम्पिटिशन का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में राजधानी के विभिन्न प्रतिष्ठित स्कूलों के विद्यार्थियों ने एकल और समूह नृत्य में उत्साहपूर्वक हिस्सा लिया। प्रतियोगिता में प्रसिद्ध कोरियोग्राफर एकता पंसारी और ऋतिक नपित ने निर्णायक की भूमिका निभाई। उन्होंने गानों के चयन, प्रतिभागियों के आपसी तालमेल, वेशभूषा, भाव-भंगिमा और मंच के उपयोग के आधार पर प्रस्तुतियों का मूल्यांकन किया। मंच पर विद्यार्थियों ने कृष्ण भक्ति, नवदुर्गा के नौ रूप और महाभारत के प्रसंगों पर आधारित नृत्य प्रस्तुत किए। इसके अलावा पहाड़ी लोकगीत, छत्तीसगढ़ी नाचा और कथक की प्रस्तुतियों ने दर्शकों की खूब तालियां बटोरीं।







एकल नृत्य में अपूर्वा प्रथम

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पूर्व शिक्षा मंत्री सत्यनारायण शर्मा ने कहा कि शिक्षा का उद्देश्य केवल किताबी ज्ञान तक सीमित नहीं है। कला, संस्कृति और खेलकूद भी युवाओं के सर्वांगीण विकास का महत्वपूर्ण आधार हैं। विशिष्ट अतिथि छत्तीसगढ़ी अग्रवाल समाज के केंद्रीय अध्यक्ष अनुराग अग्रवाल, महाविद्यालय के निदेशक डॉ. वीके अग्रवाल, अजय दानी, जेके दानी, केंद्रीय कोषाध्यक्ष अजय अग्रवाल, वार्ड पार्षद अंबर अग्रवाल, प्रशासनिक अधिकारी डॉ. अमित अग्रवाल और प्राचार्य डॉ. यूलेंद्र कुमार राजपूत उपस्थित रहे। एकल नृत्य में अपूर्वा (शिवम एकेडमी) प्रथम और पीयूष धीवर (वीर छत्रपति शिवाजी विद्यालय) द्वितीय रहे। समूह नृत्य में दीक्षा पटेल एंड ग्रुप (छत्रपति शिवाजी स्कूल) ने पहला और ऐश्वर्या एंड ग्रुप (अग्रसेन कलाकेंद्र) ने दूसरा स्थान हासिल किया। कार्यक्रम प्रभारी डॉ. शोभा अग्रवाल और अभिनव अग्रवाल रहे। संचालन महक ठाकुर, शशि तरार, तान्या और वेदांत ने किया।

सिटी स्पोर्ट्स

वीनू मांकड़ ट्रॉफी में आदित्य का अर्धशतक, हरियाणा की हार



रायपुर। भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) द्वारा आयोजित पुरुष अंडर-19 वीनू मांकड़ वन-डे ट्रॉफी 2026-27 का गुरुवार से हो गया है। प्रतियोगिता के अपने पहले ही मुकाबले में छत्तीसगढ़ की अंडर-19 टीम ने शानदार खेल का प्रदर्शन करते हुए हरियाणा की टीम को 7 विकेट से करारी शिकस्त दी और जीत के साथ अपने अभियान का आगाज किया।

पुडुचेरी में खेले गए इस मुकाबले में हरियाणा अंडर-19 टीम के कप्तान ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का फैसला किया। छत्तीसगढ़ के गेंदबाजों ने अनुशासित और घातक प्रदर्शन करते हुए हरियाणा के बल्लेबाजों को क्रीज पर ज्यादा देर टिकने नहीं दिया और पूरी टीम को 42.4 ओवरों में महज 177 रनों पर ढेर कर दिया। हरियाणा की ओर से गोरीश दहिया ने सर्वाधिक 51 रन, संदीप परिहार ने 45 रन और निधीश गौर ने 26 रनों का योगदान दिया। छत्तीसगढ़ की ओर से धारदार गेंदबाजी करते हुए अगमजोत सिंह सग्गर ने सर्वाधिक 4 विकेट चटकाए, जबकि उनका साथ निभाते हुए धनंजय नायक ने 3 विकेट और शिवम यादव ने 2 महत्वपूर्ण सफलताएं हासिल कीं।

178 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी छत्तीसगढ़ अंडर-19 टीम को सलामी बल्लेबाजों ने 30 रनों की सधी हुई शुरुआत दिलाई। इसके बाद मध्यक्रम में बल्लेबाजी करने आए आदित्य वर्मा ने 76 रनों की बेहतरीन अर्धशतकीय पारी खेलकर टीम की जीत की मजबूत नींव रखी, जबकि उनका बखूबी साथ निभाते हुए तेजस्वी कलभोर ने 39 रन बनाए। अंत में कप्तान फैज खान ने संयमित खेल दिखाते हुए नाबाद 19 रन बनाए और टीम को 42.5 ओवरों में 3 विकेट के नुकसान पर 178 रन बनाकर जीत दिला दी। हरियाणा की ओर से गेंदबाजी में सिद्धार्थ, आरव और मोहित ने 1-1 विकेट चटकाए। छत्तीसगढ़ स्टेट क्रिकेट संघ के मुख्य कार्यपालन अधिकारी (सीईओ) ने टीम की इस शानदार जीत पर खिलाड़ियों और कोचिंग स्टाफ को बधाई दी है।

छत्तीसगढ़ के एथलीटों ने 10 स्वर्ण सहित जीते 40 पदक



रायपुर। गोवा में आयोजित 37वीं जूनियर वेस्ट जोन एथलेटिक्स चैंपियनशिप 2026 में छत्तीसगढ़ के एथलेटिक्स खिलाड़ियों ने अपने उच्चतम खेल का प्रदर्शन करते हुए कुल 40 पदक अपने नाम किए, जिनमें 10 स्वर्ण, 18 रजत और 12 कांस्य पदक शामिल हैं। इस उत्कृष्ट प्रदर्शन के आधार पर राज्य के 51 खिलाड़ियों ने चेन्नई (तमिलनाडु) में आयोजित होने वाली आगामी जूनियर नेशनल एथलेटिक्स चैंपियनशिप 2026 के लिए क्वालीफाई कर लिया है।

इस सफलता के पश्चात सभी खिलाड़ियों एवं खेल पदाधिकारियों ने संचालनालय खेल एवं युवा कल्याण विभाग पहुंचकर खेल संचालक आकांक्षा शिक्षा खलखो एवं उप संचालक रश्मि ठाकुर से सौजन्य मुलाकात की। खेल संचालक एवं उप संचालक ने सभी खिलाड़ियों व पदाधिकारियों को इस शानदार उपलब्धि के लिए बधाई दी और आगामी राष्ट्रीय प्रतियोगिता के लिए अपनी हार्दिक शुभकामनाएं प्रेषित कीं। इस अवसर पर जी. एस. बामरा, परविंदर सिंह ग्रेवाल, आदित्य सिंह ठाकुर, रवि धनगर, रितिका सिंह, सुदर्शन सिंह, सुनील नायर, अनिरुद्ध सुना, दीपक पटेल, दिनेश तांडी, तुलसी साहू, हिमांशु चंद्राकर, आशीष जायसवाल एवं कपिल चौधरी सहित संघ के पदाधिकारी और प्रशिक्षक उपस्थित रहे।

छत्तीसगढ़ हॉकी लीग की तैयारियां जोरों पर



रायपुर। छत्तीसगढ़ खेल एवं युवा कल्याण विभाग के मार्गदर्शन तथा हॉकी इंडिया के तत्वावधान में प्रदेश की पहली फ्रैंचाइजी-आधारित 'छत्तीसगढ़ हॉकी लीग' (सीएचएल) की तैयारियां जोरों पर चल रही है।

सीएचएल का पहला सीजन 21 अक्टूबर से 1 नवंबर 2026 तक राजधानी रायपुर के सरदार वल्लभभाई पटेल अंतरराष्ट्रीय हॉकी स्टेडियम में खेला जाएगा। टूर्नामेंट में प्रदेश के अलग-अलग सांस्कृतिक एवं भौगोलिक क्षेत्रों का प्रतिनिधित्व करने वाली 6 फ्रैंचाइज़ी टीमें—राजधानी रॉयल्स, चित्रकूट चैलेंजर्स, संस्कारधानी स्ट्राइकर्स, चक्रधर चैंपियंस, न्यायधानी नाइट्स और मैनपाट टाइटंस खिताबी दौड़ में उतरेंगी। लीग चरण के मुकाबलों के बाद अंक तालिका की शीर्ष 4 टीमें नॉकआउट चरण के सेमीफाइनल के लिए क्वालीफाई करेंगी, जबकि लीग के पहले दिन महिला टीमों के बीच एक विशेष प्रदर्शनी मैच का भी आयोजन किया जाएगा। प्रत्येक टीम में 18 खिलाड़ी शामिल होंगे।

ऐसे लक्षणों को न करें नजरअंदाज, डॉक्टर से तुरंत लें सलाह

रात में सोते समय अचानक रुकने लगती है सांस तो हो सकते है ऑब्सट्रक्टिव स्लीप एपनिया के लक्षण

अच्छी और सुकून भरी नींद हमारे संपूर्ण शारीरिक व मानसिक स्वास्थ्य की नींव होती है। हालांकि, आज की भागदौड़ भरी जिंदगी और अनियमित जीवनशैली के कारण नींद से जुड़ी समस्याएं तेजी से बढ़ रही हैं। इन्हीं में से एक बेहद गंभीर स्थिति है सोते समय अचानक सांस रुकना या बार-बार नींद टूटना। अधिकांश लोग इसे साधारण थकान या सामान्य खर्राटे समझकर नजरअंदाज कर देते हैं, लेकिन यह रवैया सेहत के लिए बेहद खतरनाक साबित हो सकता है। चिकित्सा जगत में इस स्थिति को 'ऑब्सट्रक्टिव स्लीप एपनिया' कहा जाता है, जो शरीर के कई प्रमुख अंगों को स्थायी नुकसान पहुंचा सकती है।



ऑब्सट्रक्टिव स्लीप एपनिया का स्वरूप और कारण

ऑब्सट्रक्टिव स्लीप एपनिया वास्तव में एक जटिल स्लीपिंग डिसऑर्डर है, जिसमें सोते समय व्यक्ति के ऊपरी श्वसन मार्ग में बाधा उत्पन्न हो जाती है। इसके कारण शरीर में सामान्य रूप से सांस का प्रवाह रुक जाता है और व्यक्ति को सांस लेने में भारी तकलीफ होती है। पहले के समय में लोग तेज खर्राटों को गहरी नींद की निशानी मानते थे, लेकिन डॉक्टरों के अनुसार तेज खर्राटे लेना श्वसन नली में रुकावट का स्पष्ट संकेत है। जब श्वसन नली बार-बार अवरुद्ध होती है, तो शरीर और मस्तिष्क तक पर्याप्त मात्रा में ऑक्सीजन नहीं पहुंच पाती, जिससे व्यक्ति झटके के साथ जाग जाता है। कई मामलों में मरीज को खुद यह पता ही नहीं चल पाता कि रात में उसकी सांस बार-बार अटक रही है। विशेषज्ञों का कहना है कि यह बीमारी मुख्य रूप से उन लोगों में अधिक देखने को मिलती है जिनका वजन ज्यादा होता है, जिनके पेट पर अत्यधिक चर्बी जमा होती है या जो शारीरिक रूप से निष्क्रिय जीवन बिताते हैं। इसके अलावा, महिलाओं की तुलना में पुरुषों में इस समस्या का जोखिम काफी अधिक रहता है।



लक्षण और इससे होने वाली अन्य गंभीर बीमारियाँ

इस बीमारी के लक्षणों की पहचान करना बहुत आसान है, यदि समय रहते इन पर ध्यान दिया जाए। स्लीप एपनिया से पीड़ित व्यक्ति का रात में बार-बार गला सूखता है और उसकी नींद बार-बार टूटती है। सोते समय अत्यधिक खर्राटे लेना, सांस के लिए हांफना, दम घुटना और रातभर बेचैनी महसूस होना इसके प्रमुख लक्षण हैं। इसके अलावा, रात में पूरी नींद न मिल पाने के कारण मरीज को दिनभर अत्यधिक थकान और सुस्ती महसूस होती है तथा उसका स्वभाव चिड़चिड़ा हो जाता है और ध्यान केंद्रित करने में परेशानी आती है। यदि इसका समय पर सही इलाज न कराया जाए तो यह बीमारी शरीर के अन्य अंगों पर भयानक असर डालती है। खून में ऑक्सीजन का स्तर बार-बार गिरने से हाई ब्लड प्रेशर की समस्या उत्पन्न हो जाती है, जिससे आगे चलकर हार्ट अटैक और ब्रेन स्ट्रोक का खतरा कई गुना बढ़ जाता है। इसके साथ ही, यह समस्या शरीर के मेटाबॉलिज्म को बिगाड़कर डायबिटीज के खतरे को भी बढ़ा देती है।

निदान, उपचार और बचाव की सावधानियाँ

स्लीप एपनिया का समय पर निदान करके इससे पूरी तरह बचाव संभव है। यदि आपको या आपके परिवार में किसी को रात में तेज खर्राटे और सांस रुकने की शिकायत है, तो तुरंत डॉक्टर से संपर्क करके 'स्लीप स्टडी टेस्ट' करवाना चाहिए। इस टेस्ट के माध्यम से नींद के दौरान सांस लेने की दर और ऑक्सीजन के स्तर की सटीक जानकारी मिल जाती है। जीवनशैली में सकारात्मक बदलाव लाकर भी इससे बचा जा सकता है। वजन को नियंत्रित रखना, नियमित रूप से एरोबिक व स्ट्रेंथ ट्रेनिंग व्यायाम करना और शराब व धूम्रपान से दूरी बनाना इसके इलाज का पहला कदम है। इसके अलावा, पीठ के बल सोने के बजाय करवट लेकर सोने की आदत डालनी चाहिए। गंभीर मामलों में डॉक्टर 'सीपैप' (CPAP) मशीन के इस्तेमाल की सलाह देते हैं, जो मास्क के जरिए हवा को श्वास मार्ग में भेजकर रास्ते को खुला रखती है।



यूटीडी रविवि बना हैंडबॉल का चैंपियन

रायपुर। छत्तीसगढ़ युवा विकास संगठन द्वारा संचालित विप्र कला, वाणिज्य एवं शारीरिक शिक्षा महाविद्यालय में आयोजित अंतर महाविद्यालय (पुरुष) हैंडबॉल प्रतियोगिता के फाइनल मुकाबले में पंडित रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय अध्ययन शाला (यूटीडी) रायपुर ने मेजबान विप्र कॉलेज को कड़े संघर्ष के बाद 15-11 (चार गोल के अंतर) से हराकर चैंपियन बनने का गौरव हासिल किया। फाइनल मैच में विप्र कॉलेज के 11 गोल के जवाब में यूटीडी ने 15 गोल किए, जिसमें यूटीडी के तुषार मिश्रा ने सर्वाधिक 8 गोल दागे। शानदार प्रदर्शन के लिए तुषार मिश्रा को प्रतियोगिता का सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी चुना गया।





इससे पूर्व खेले गए मुकाबलों में, उद्घाटन मैच में विप्र कॉलेज ने शासकीय महाविद्यालय राजिम को 8-5 से पराजित कर सेमीफाइनल में प्रवेश किया, जिसमें विप्र कॉलेज के अमर ने सर्वाधिक 5 गोल किए। दूसरे मुकाबले में नेताजी सुभाष कॉलेज अभनपुर ने शासकीय महाविद्यालय आरंग को 18-9 से तथा तीसरे मुकाबले में पेलोटी कॉलेज ने शासकीय महाविद्यालय कुरूद को 9-5 से हराकर सेमीफाइनल में स्थान बनाया। पहले सेमीफाइनल में यूटीडी ने पेलोटी कॉलेज को एकतरफा मुकाबले में 10-4 से हराकर फाइनल में प्रवेश किया, जिसमें तुषार मिश्रा ने 5 गोल किए। दूसरे सेमीफाइनल में विप्र कॉलेज ने नेताजी सुभाष कॉलेज अभनपुर को 11-7 से हराकर फाइनल में जगह बनाई।

समापन एवं पुरस्कार वितरण समारोह के मुख्य अतिथि विप्र शिक्षण समिति के अध्यक्ष ज्ञानेश शर्मा ने विजेता एवं उपविजेता टीमों को ट्रॉफी प्रदान कर सम्मानित किया। प्राध्यापक एवं प्राचार्य डॉ. मेघेश तिवारी ने बताया कि इस प्रतियोगिता में रायपुर सेक्टर की 7 महाविद्यालयों की टीमों ने भाग लिया। प्रतियोगिता में प्रदर्शन के आधार पर रायपुर सेक्टर की टीम का गठन किया जाएगा, जो 17 एवं 18 अक्टूबर को आयोजित राज्य स्तरीय हैंडबॉल प्रतियोगिता में भाग लेगी। प्रतियोगिता के सफल आयोजन में डॉ. कैलाश शर्मा, डॉ. ज्ञानेंद्र भाई, राजेश तिवारी एवं पीयूष उपाध्याय की मुख्य भूमिका रही। इस अवसर पर महाविद्यालय के समस्त प्राध्यापक, छात्र-छात्राएं एवं बड़ी संख्या में खेलप्रेमी उपस्थित थे।

छत्तीसगढ़ राज्य क्रिकेट टीमों में भिलाई का दबदबा

भिलाई। भिलाई क्रिकेट एसोसिएशन के प्रतिभावान खिलाड़ियों ने एक बार फिर अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाते हुए छत्तीसगढ़ स्टेट क्रिकेट संघ (सीएससीएस) की विभिन्न टीमों में स्थान बनाया है। ये खिलाड़ी भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) तथा सेंट्रल जोन द्वारा आयोजित राष्ट्रीय व क्षेत्रीय प्रतियोगिताओं में राज्य का प्रतिनिधित्व करेंगे।

चयनित खिलाड़ियों में सेंट्रल जोन द्वारा आयोजित अंडर-14 राज सिंह डूंगरपुर ट्रॉफी के लिए अयान सागर, गर्व सचदेव, साईं श्री आदित्य एवं जसराज सिंह सोहल शामिल हैं। वहीं अंडर-16 वर्ग की बलराम दास टंडन मेमोरियल क्रिकेट टूर्नामेंट के लिए ए. ऋषिक, अयान सागर, जसराज सिंह सोहल एवं कुंदन कोठारी का चयन हुआ है। बीसीसीआई की अंडर-19 वीनू मांकड़ ट्रॉफी के लिए चंद्रभूषण साहू तथा अंडर-23 सी. के. नायडू ट्रॉफी के लिए अमरीश कुमार सिंह, दिवाकर ताम्रकार एवं साहिल रजत शरीफ को टीम में जगह मिली है। इसके अतिरिक्त, बीसीसीआई की सबसे प्रतिष्ठित रणजी ट्रॉफी टीम में संजीत देसाई एवं मयंक वर्मा का चयन किया गया है। भिलाई क्रिकेट एसोसिएशन के सचिव भास्कर गोस्वामी ने बताया कि खिलाड़ियों की इस शानदार उपलब्धि पर एसोसिएशन के अध्यक्ष अरविंद जैन, चेयरमैन विजय कुमार गुप्ता, उपाध्यक्ष आनंद त्रिपाठी, सचिव भास्कर गोस्वामी, कोषाध्यक्ष यशजीत सिंह, संयुक्त सचिव एन. अभिलाष, कार्यकारिणी सदस्य बिभाष सिन्हा, वरिष्ठ सदस्य योगेश शाह, प्रमोद शंकर शर्मा, एन. स्वामीनाथन एवं पूर्व अंतरराष्ट्रीय क्रिकेटर राजेश चौहान सहित सभी सदस्यों ने खिलाड़ियों को बधाई दी।



नवरात्रि पर करें घर का मेकओवर वास्तु अनुसार लगाएं सही वॉलपेपर

नवरात्रि का पावन पर्व न केवल भक्ति और अध्यात्म का उत्सव है, बल्कि यह हमारे घर और मन में नई ऊर्जा, ताजगी और सकारात्मकता के संचार का भी पावन अवसर है। इस शुभ अवसर पर हर परिवार अपने घर की गहन साफ़-सफ़ाई और नई साज़-सज्जा की तैयारियों में जुट जाता है। घर के मुख्य द्वार और पूजा कक्ष के साथ-साथ बेडरूम का माहौल भी हमारे व्यक्तिगत जीवन और रिश्तों को गहराई से प्रभावित करता है। यदि नवरात्रि के दौरान बेडरूम की सजावट में वास्तु शास्त्र के सिद्धांतों का सही समावेश किया जाए, तो इससे न केवल घर का सौंदर्य बढ़ता है, बल्कि दांपत्य जीवन में आपसी प्रेम, विश्वास और मधुरता भी सदा बनी रहती है।

वास्तु के अनुसार सही डिजाइन और रंगों का चुनाव

घर को खूबसूरत और आधुनिक लुक देने के लिए आजकल वॉलपेपर का इस्तेमाल बहुत लोकप्रिय हो चुका है, लेकिन बाजार में उपलब्ध सुंदर से सुंदर वॉलपेपर को बिना



सोचे-समझे चुन लेना वास्तु के दृष्टिकोण से उचित नहीं है। प्रसिद्ध वास्तु विशेषज्ञ डॉ. आनंद भारद्वाज के अनुसार, बेडरूम की दीवारों के लिए हमेशा अर्थपूर्ण और प्राकृतिक डिजाइन वाले वॉलपेपर का ही चयन करना चाहिए। खिले हुए सुंदर फूल-पत्तियां, शांत प्राकृतिक दृश्य या संतुलित ज्योमेट्रिकल डिजाइन बेडरूम के वातावरण में सकारात्मकता और मानसिक शांति लाते हैं। इसके विपरीत, किसी भी प्रकार के अस्पष्ट या एब्सट्रैक्ट वॉलपेपर लगाने से बचना चाहिए, क्योंकि ये चित्र अनजाने में मन में मानसिक अशांति, तनाव और आपसी मतभेद को बढ़ावा देते हैं।

रंगों का चुनाव करते समय दिशाओं के नियमों का पालन करना अत्यंत आवश्यक है। यदि आप दक्षिण दिशा की दीवार पर वॉलपेपर लगा रहे हैं, तो उसमें मैरून या गहरे पीले रंग की प्रधानता होनी चाहिए, जबकि दक्षिण दीवार पर काले या अत्यधिक डार्क रंगों से परहेज करना चाहिए। उत्तर दिशा की दीवार के लिए सफेद या ऑफ-व्हाइट वॉलपेपर सबसे शुभ माने जाते हैं। हालांकि उत्तर दिशा में नीला रंग अच्छा माना जाता है, लेकिन बेडरूम की उत्तर दीवार पर नीला वॉलपेपर लगाने से पति-पत्नी के रिश्तों में बेवजह खटास आने की आशंका रहती है। इसके साथ ही पूर्व दिशा की दीवार पर हल्के हरे रंग का वॉलपेपर लगाने से जीवन में नई ऊर्जा और प्रगति का संचार होता है।

थ्री-डी वॉलपेपर के नियम और बरती जाने वाली सावधानियाँ

आजकल घरों में मॉडर्न लुक के लिए थ्री-डी वॉलपेपर लगाने का चलन तेजी से बढ़ा है। वास्तु के सिद्धांतों के अनुसार, 3D वॉलपेपर केवल उत्तर या पूर्व दिशा की दीवार पर ही लगाए जाने चाहिए, क्योंकि इन दिशाओं में यह कमरे की ऊर्जा को संतुलित और समृद्ध बनाते हैं। इन्हें कभी भी दक्षिण या पश्चिम दिशा की दीवार पर नहीं लगाना चाहिए, अन्यथा वास्तु संतुलन बिगड़ने का खतरा रहता है।



बीमारियों को कहें बाय-बाय, सुबह उठने से लेकर रात को सोने तक इस तरह रखें अपना 'हेल्दी डेली रूटीन'

आज का आधुनिक दौर सुविधाओं से जितना समृद्ध है, सेहत के लिहाज से उतना ही चुनौतीपूर्ण भी बन चुका है। भागदौड़ भरी दिनचर्या, गलत खान-पान, शारीरिक निष्क्रियता और बढ़ता मानसिक तनाव हमें अनजाने में ही कई गंभीर बीमारियों की ओर धकेल रहे हैं। चाहे मौसम बदलने के साथ फैलने वाले संक्रामक रोग हों, हृदय स्वास्थ्य से जुड़ी समस्याएं हों या फिर डायबिटीज और बीपी जैसे लाइफस्टाइल डिसऑर्डर—इन सभी दिक्कतों से बचने का एकमात्र स्थायी समाधान एक अनुशासित और स्वस्थ दिनचर्या है। यदि हम अपनी रोजमर्रा की आदतों में थोड़े से सकारात्मक बदलाव कर लें, तो हम अपनी इम्यूनिटी को मजबूत बनाकर जीवन का भरपूर आनंद उठा सकते हैं। एक सेहतमंद दिन की शुरुआत सुबह उठते ही खाली पेट गुनगुने पानी के सेवन से होनी चाहिए, जो शरीर के डिहाइड्रेशन को दूर करके सभी विषैले तत्वों को बाहर निकाल देता है। इसके तुरंत बाद प्रतिदिन कम से कम 30 मिनट योग, व्यायाम या टहलने के लिए अवश्य निकालना चाहिए, जिससे शरीर और मन दोनों में सकारात्मक ऊर्जा बनी रहती है। आहार की बात करें तो



सुबह का नाश्ता सबसे महत्वपूर्ण और पोषक तत्वों से भरपूर होना चाहिए, जिसमें मौसमी फल, अंकुरित अनाज, अंडे, दूध या नट्स शामिल हों। दोपहर का भोजन बहुत ज्यादा भारी न हो; इसमें हरी सब्जियां, दाल, रोटी, दही और भरपूर सलाद शामिल करना चाहिए तथा भोजन के बाद 10 मिनट हल्की वॉक करने की आदत डालनी चाहिए।

कामकाजी जीवन में लंबे समय तक एक ही जगह बैठे रहने की आदत सेहत के लिए बहुत हानिकारक होती है, इसलिए ऑफिस में काम करते समय हर आधे घंटे में अपनी कुर्सी से उठकर बॉडी स्ट्रेच करें और थोड़ा टहल लें। इसके साथ ही दिनभर में कम से कम 3 से 4 लीटर पानी पीने का लक्ष्य रखकर शरीर को हाइड्रेटेड रखना बहुत जरूरी है। शाम का खाना यानी डिनर जितना संभव हो सके जल्दी, यानी 6 से 7 बजे के बीच कर लेना चाहिए और भोजन बेहद हल्का होना चाहिए। रात को सोने से पहले एक गिलास हल्के गर्म दूध में एक चुटकी हल्दी मिलाकर पीने से शरीर की रोग प्रतिरोधक क्षमता बढ़ती है और बीमारियों से बचाव होता है। अंत में, रात 10 बजे तक सभी इलेक्ट्रॉनिक गैजेट्स बंद करके सोने चले जाना चाहिए ताकि शरीर को 7 से 8 घंटे की गहरी और गुणवत्तापूर्ण नींद मिल सके।







फिल्म इवेंट

हॉलीवुड

इंसानी संवेदनाओं और एआई के अनोखे रिश्ते की कहानी 'क्लारा एंड द सन' में, जल्द होगी रिलीज

नोबेल पुरस्कार विजेता लेखक काजुओ इशिगुरो के चर्चित एवं लोकप्रिय उपन्यास पर आधारित बहुप्रतीक्षित साइंस-फिक्शन फिल्म 'क्लारा एंड द सन'



इस अक्टूबर के अंत (23 अक्टूबर) में दुनियाभर के सिनेमाघरों में दस्तक देने जा रही है। फिल्म का निर्देशन ऑस्कर विजेता निर्देशक तायका वाइटिटी ने किया है, जिन्होंने इस भावुक और विचारोत्तेजक कहानी को सिनेमाई पर्दे पर उतारा है। फिल्म में हॉलीवुड की युवा स्टार जेना ओर्टेगा 'क्लारा' नामक एक 'आर्टिफिशियल फ्रेंड' की मुख्य भूमिका में नजर आएंगी। क्लारा एक ऐसी अत्याधुनिक रोबोट है, जिसे अकेलापन दूर करने और किसी इंसान की शारीरिक व मानसिक देखभाल के उद्देश्य से बनाया गया है। जेना ओर्टेगा ने इस रोबोटिक किरदार में मासूमियत, कौतूहल और इंसानी भावनाओं को समझने की गहरी छटपटाहट को बेहद बारीकी से जीवंत किया है। फिल्म की कहानी एक अकेली और बीमार युवा लड़की (जोसी) तथा उसकी मां (जिसकी भूमिका ऑस्कर नामांकित अभिनेत्री एमी एडम्स निभा रही हैं) के इर्द-गिर्द घूमती है। मां अपनी बेटी की बीमारी और अकेलेपन से निपटने के लिए क्लारा को खरीदकर घर लाती है। धीरे-धीरे क्लारा उस परिवार का हिस्सा बन जाती है और इंसानी प्यार, दुख, अकेलेपन और निष्ठा को समझने की कोशिश करती है। यह फिल्म केवल तकनीक और भविष्य की दुनिया पर ही आधारित नहीं है, बल्कि यह सवाल भी खड़ा करती है कि क्या कोई कृत्रिम बुद्धिमत्ता सचमुच इंसानी दिल और उसकी भावनाओं की जगह ले सकती है?

टॉलीवुड

'जेलर 2' के प्रमोशन के लिए दर्शकों से तीन घंटे रूबरू होंगे रजनीकांत

सुपरस्टार रजनीकांत की बहुप्रतीक्षित फिल्म 'जेलर 2' के प्रमोशन से जुड़ी अहम जानकारी सामने आई है।



इस बार थलाइवा अपनी फिल्म का प्रचार पारंपरिक तरीकों से हटकर बेहद खास और नए स्टाइल में करने जा रहे हैं। आमतौर पर दक्षिण भारतीय सिनेमा की बड़ी और मेगा बजट फिल्मों के प्रमोशन के लिए भव्य ऑडियो लॉन्च कार्यक्रमों का आयोजन किया जाता है। रजनीकांत की पिछली फिल्मों के दौरान भी बड़े आयोजनों में कलाकारों के भाषण, रोचक किस्से और संगीतकार अनिरुद्ध की लाइव परफॉर्मेंस मुख्य आकर्षण हुआ करते थे। प्रशंसकों को उम्मीद थी कि 'जेलर 2' के लिए भी ऐसा ही भव्य कार्यक्रम आयोजित होगा, लेकिन निर्माताओं ने इस प्रचलित ढर्रे को बदलते हुए एक सादे और निजी एल्बम लॉन्च का फैसला किया है। इस नए प्रमोशन प्लान के तहत भव्य मंच के बजाय रजनीकांत एक विशेष इंटरव्यू के जरिए सीधे अपने प्रशंसकों और दर्शकों से जुड़ेंगे। 11 अक्तूबर को शाम 6:30 बजे से रात 9:30 बजे तक सन टीवी पर इस तीन घंटे लंबे इंटरव्यू का प्राइम टाइम प्रसारण किया जाएगा, जिसके जरिए वह दर्शकों के साथ बातचीत करेंगे और फिल्म का प्रचार करेंगे। नेल्सन दिलीपकुमार के निर्देशन और सन पिक्चर्स के बैनर तले बनी फिल्म 'जेलर 2' आगामी 15 अक्टूबर को सिनेमाघरों में दस्तक देने जा रही है। इस फिल्म में रजनीकांत के साथ शिवराज कुमार, विद्या बालन, राम्या कृष्णन, योगी बाबू, मिर्ना और सूरज वेंजारामूडु जैसे प्रमुख कलाकार भी नजर आएंगे।

छॉलीवुड

सोशल मीडिया पर ट्रोलिंग के बाद अब फिर सिनेमाघरों में लौटेगी 'महाकाव्य श्री रामायण कथा'

अंजलि अरोड़ा स्टारर फिल्म 'महाकाव्य श्री रामायण कथा' एक बार फिर चर्चा में आ गई है।



फिल्म की रिलीज के बाद सोशल मीडिया पर हुई भारी ट्रोलिंग और नकारात्मक प्रचार के बीच मेकर्स ने इसे दोबारा बड़े पर्दे पर रिलीज करने का फैसला लिया है। फिल्म के निर्माता प्रकाश महोबिया ने बताया कि दोबारा रिलीज को लेकर तैयारियां तेजी से चल रही हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि फिल्म के खिलाफ सोशल मीडिया पर फर्जी और नकारात्मक माहौल तैयार किया गया, जिससे फिल्म की सही तस्वीर और संदेश दर्शकों तक नहीं पहुंच सका। निर्माता प्रकाश महोबिया के अनुसार, कई लोगों ने बिना फिल्म देखे ही इसके खिलाफ आपत्तिजनक कंटेंट बनाया और भ्रामक प्रचार किया। इस वजह से मेकर्स अब ऐसे ट्रोलर्स, यूट्यूबर्स और सोशल मीडिया पेजों का विवरण जुटा रहे हैं तथा उनके खिलाफ कानूनी नोटिस भेजने की कानूनी प्रक्रिया शुरू कर रहे हैं। गौरतलब है कि फिल्म में अंजलि अरोड़ा द्वारा माता सीता का किरदार निभाने पर रिलीज से पहले ही सोशल मीडिया पर काफी आलोचना हुई थी। इस पर निर्माता ने स्पष्ट किया कि अंजलि का चयन एक कलाकार के तौर पर किया गया था और पूरी फिल्म में माता सीता के चरित्र को पूर्ण गरिमा एवं शालीनता के साथ पर्दे पर उतारा गया है।

मेकर्स ने कहा कि रामायण हमारी आस्था और जन-भावनाओं से गहराई से जुड़ा विषय है, इसलिए किसी भी निष्कर्ष पर पहुंचने या राय बनाने से पहले दर्शकों को फिल्म पूरी तरह देखनी चाहिए। अब यह देखना काफी दिलचस्प होगा कि सिनेमाघरों में दोबारा दस्तक देने के बाद 'महाकाव्य श्री रामायण कथा' को दर्शकों से कैसा रिस्पॉन्स मिलता है और क्या इस बार यह फिल्म लोगों का दिल जीतने में कामयाब हो पाती है।

रेट्रो-कूल स्टाइल

मैग्निफिक के लेटेस्ट फॉल कलेक्शन फोटोशूट में, मॉडल्स लिली और इयान रेट्रो और कंटेम्परेरी स्टाइल का एक शानदार मिश्रण पेश करते नज़र आ रहे हैं। ओलिव ग्रीन बैकग्राउंड पर यह तस्वीर एक जीवंत और आधुनिक वाइब देती है। लिली का लुक 70 के दशक की याद दिलाता है, जिसमें उन्होंने ब्राउन स्वेड जैकेट और ओलिव ग्रीन स्कर्ट पहनी है, जिसे हाई-नी बूट्स के साथ स्टाइल किया गया है। इयान ने डार्क ब्लू शर्ट-जैकेट और ब्लैक शॉर्ट्स पहने हैं, जिसमें उनकी ब्लू बीनी कैप और लेस-अप बूट्स लुक में स्पोर्टी टच जोड़ रहे हैं। यह कलेक्शन विंटेज रंगों और मॉडर्न कट्स के साथ आरामदायक और फैशनेबल स्टाइल को परिभाषित करता है।



सिलिकॉन स्पंज और ट्राइएंगल पाउडर पफ से निखरेगा रूप

आजकल का भागदाड़ भरा जिदगा म सादय प्रसाधनों का सही चुनाव जितना आवश्यक है, उतना ही महत्वपूर्ण उन्हें लगाने के तरीकों और साधनों का चयन भी है। हाल के दिनों में सौंदर्य जगत में दो नए साधनों ने अपनी एक खास जगह बनाई है—सिलिकॉन स्पंज और ट्राइएंगल (त्रिकोणीय) मखमली पफ। ये दोनों साधन न केवल चेहरे के सौंदर्य प्रसाधनों को सही ढंग से उभारते हैं, बल्कि त्वचा को एक निर्दोष और चिकनी बनावट प्रदान करते हैं।

सिलिकॉन स्पंज

पारंपरिक स्पंज अक्सर तरल प्रसाधनों को सोख लेते हैं, जिससे सामग्री की काफी बर्बादी होती है। इसके विपरीत, सिलिकॉन स्पंज की चिकनी सतह किसी भी प्रकार के द्रव को अपने अंदर नहीं सोखती। इसका सबसे बड़ा लाभ यह है कि आपकी बहुमूल्य प्रसाधन सामग्री पूरी तरह से चेहरे पर ही लगती है। इसके अलावा, इसे साफ करना बेहद आसान है। इस्तेमाल के बाद बस पानी और साबुन से धोकर सुखा लेने पर यह पूरी तरह से कीटाणुरहित हो जाता है, जिससे त्वचा संबंधी समस्याओं और मुहांसों का खतरा काफी हद



तक कम हो जाता है।

ट्राइएंगल मखमली पफ

चेहरे के कुछ हिस्से जैसे आंखों के नीचे का भाग और नाक के किनारे अक्सर गोल स्पंज से ठीक तरह से संवर नहीं पाते। ऐसे में ट्राइएंगल मखमली पफ एक वरदान साबित होता है। इसके तीखे कोने आसानी से आंखों के किनारों और नाक की सिलवटों तक पहुंच जात ह। जब पाउडर स चहर का स्थिर किया जाता है, तो यह ट्राइएंगल साधन पाउडर को त्वचा में समान रूप से बिठा देता है, जिससे पसीने या तेल के कारण प्रसाधन खराब नहीं होता।

मखमली बनावट और निर्दोष चमक

ट्राइएंगल पफ की मखमली सतह त्वचा पर बहुत कोमल अहसास देती है। यह पाउडर को अत्यधिक मात्रा में चेहरे पर जमने नहीं देती, बल्कि एक पतली और कुदरती परत बनाती है। इससे चेहरा प्राकृतिक और चमकदार दिखाई देता है, और त्वचा पर किसी भी तरह की रेखाएं या परतें नज़र नहीं आतीं।

आधुनिक रूप पाने के लिए अनिवार्य साधन

यदि आप चाहती हैं कि आपका रूप दिन भर तरोताजा और निखरा हुआ दिखे, तो अपनी सौंदर्य थैली में इन दोनों साधनों को अवश्य शामिल करें। सिलिकॉन स्पंज जहाँ बुनियादी परत को उभारने में मदद करता है, वहीं ट्राइएंगल पफ अंतिम स्पर्श को एकदम सटीक और टिकाऊ बनाता है। इन दोनों साधनों का संतुलन आपको हर अवसर पर एक आदर्श और आकर्षक रूप प्रदान करेगा।

सदाबहार फैशन में लॉन्ग डेनिम स्कर्ट्स का जलवा



फैशन की दुनिया में रुझान आते-जाते रहते हैं, लेकिन कुछ पहनावे ऐसे होते हैं जो समय के साथ और अधिक निखर कर सामने आते हैं। इन दिनों परिधानों के बाज़ार और गलियारों में 'लॉन्ग डेनिम स्कर्ट' का जादू सिर चढ़कर बोल रहा है। नब्बे के दशक का यह मशहूर परिधान एक बार फिर नए रंग-रूप और आधुनिक बनावट के साथ लौट आया है। यह न केवल पहनने में बेहद आरामदायक है, बल्कि आपको एक ही समय में सुरुचिकर और आधुनिक रूप भी प्रदान करता है।



बहुमुखी प्रतिभा और हर अवसर के लिए पहली पसंद

इस परिधान की सबसे बड़ी खासियत इसकी बहुमुखी प्रतिभा है, जिसके कारण यह हर महिला की पहली पसंद बन चुकी है। इसे किसी भी मौसम और किसी भी अवसर पर आसानी से पहना जा सकता है। चाहे कॉलेज जाना हो, दोस्तों के साथ दोपहर की चाय पर मिलना हो या फिर शाम की कोई अनौपचारिक दावत हो, यह स्कर्ट हर जगह अपनी एक अलग पहचान बनाती है। इसकी लंबी बनावट जहाँ एक ओर शालीनता देती है, वहीं इसका डेनिम कपड़ा एक आकर्षक और बिंदास रूप प्रस्तुत करता है।



विभिन्न शैलियों और पोशाकों के साथ संयोजन

आप लॉन्ग डेनिम स्कर्ट को अपने मिज़ाज और मौके के हिसाब से कई शैलियों में सजा सकती हैं। यदि आप एक ढीली-ढाली या सामने से कटी हुई (फ्रंट-स्लिट) डेनिम स्कर्ट पहन रही हैं, तो इसके साथ छोटा सादा क्रॉप टॉप बेहद सुंदर लगता है, जो आपकी कमर के हिस्से को एक संतुलित रूप देता है। वहीं अगर आप थोड़ा गंभीर और दफ्तरी रूप चाहती हैं, तो स्कर्ट के साथ एक सादी सूती या रेशमी शर्ट पहनकर उसे अंदर दबा सकती हैं और कमर पर पतली बेल्ट लगा सकती हैं।

घर पर ही तैयार करें बिना केमिकल वाला शैंपू, बालों को मिलेगी मजबूती

हर लड़की चाहती है कि उसके बाल कमर से भी लंबे हों और रेशम से लहराते रहें, लेकिन प्रदूषण की वजह से ऐसा हो पाना काफी मुश्किल हो जाता है। प्रदूषण के साथ-साथ बाहरी खान-पान भी बालों के डैमेज होने का एक बड़ा कारण है। इसी के चलते बालों को सही पोषण नहीं मिल पाता, जिस वजह से बाल झड़ने लगते हैं। बालों की देखभाल के लिए ज्यादातर महिलाएं खूब महंगे-महंगे शैंपू भी इस्तेमाल करती हैं, लेकिन उसका भी कुछ ज्यादा लाभ उन्हें नहीं मिल पाता है। ऐसे में अगर केमिकल वाले शैंपू की वजह से आपके बाल लगातार झड़ रहे हैं तो घर पर चार चीजों के इस्तेमाल से शैंपू तैयार करें।

यहां हम आपको घर पर ही शैंपू बनाने का आसान तरीका बताने जा रहे हैं। इस शैंपू को बनाने के लिए जिन चीजों का इस्तेमाल किया गया है, वो सभी बालों के लिए काफी लाभदायक हैं।



शैंपू बनाने की विधि

घर पर शैंपू बनाना काफी आसान है। इसके लिए आपको 5-6 रीठा, 2 चम्मच आंवला पाउडर, 5-6 शिकाकाई फली, और 1 चम्मच मेथी दाना की जरूरत पड़ेगी। शैंपू तैयार करने के इन सभी चीजों को 2-3 कप पानी में रात भर भिगोकर रखें। इसके बाद अगले दिन इसे धीमी आंच पर 10-15 मिनट तक उबालें। कुछ समय के बाद मिश्रण को ठंडा होने दें, फिर इसे छानकर शैंपू की तरह इस्तेमाल करें। इसे 1-2 सप्ताह तक फ्रिज में स्टोर किया जा सकता है। नियमित रूप से इस शैंपू के इस्तेमाल से आपके बाल प्राकृतिक रूप से साफ और स्वस्थ रहेंगे।

बालों में गजरे की जगह लगाएं ये एक्सेसरीज, लुक दिखेगा सबसे जुदा

त्यौहारों और शादियों का दिन हर भारतीय महिला के लिए बेहद खास होता है। ऐसे दिनों में महिलाएं नए-नए कपड़े से लेकर गहने तक पहनती हैं। सजने के लिए बहुत सी महिलाएं बालों में गजरा लगाती हैं। ऐसे में अगर आप अलग दिखना चाहती हैं तो गजरे की जगह अलग अपने बालों में अलग तरह की हेयर एक्सेसरीज लगाएं।

गोल्ड एक्सेसरीज

ऐसी एक्सेसरीज को आप घर पर ही तैयार कर सकती हैं। इसके लिए आपको चार से पांच पेंडेंट चाहिए होंगे। इसे एक दूसरे में अटैच करके अपनी चोटी में लगाएं। ये आपको रॉयल लुक देने का काम करेगी। इसके साथ ज्वेलरी हल्की ही पहनें।

मिरर परांदा

कुछ अलग स्टाइल की एक्सेसरीज ट्राई करनी है तो ऐसी शीशे लगी हेयर एक्सेसरीज ट्राई करें। इसे आप चाहें तो चोटी में अटैच करें। अगर चोटी नहीं बनानी तो आप जूड़ा बनाकर इसे उसमें भी लपेट सकते हैं। जूड़े में लगाते वक्त आपको इसके नीचे का परांदा हटाना पड़ेगा।



नकली गजरा

अगर आपको गजरा लगाने का मन है, लेकिन असली फूलों का इस्तेमाल नहीं करना तो ऐसे नकली गजरे का इस्तेमाल आप कर सकती हैं। ऐसी हेयर एक्सेसरीज सिर्फ स्लीक बन के साथ ही अच्छी लगती है।

क्रोशिया स्क्रंची

आजकल लड़कियों को बालों में रबड़ बैंड बांधने की वजह स्क्रंची बांधना पसंद आता है। ऐसे में आप अपने लुक में स्क्रंची एड कर सकती हैं।

कार्नर न्यूज

छा गया सुलभ और आधुनिक फैशन का नया दौर

रिलैक्स्ड और वाइड-लेग ट्राउजर्स देते हैं तंग कपड़ों से मुक्ति, मेंस फैशन में हैं ट्रेंडिंग

आधुनिक शैली के फैशन का चक्र हमेशा बदलता रहता है, लेकिन इस बार जो बदलाव आया है, उसने आराम और आकर्षण का एक बेहतरीन संतुलन बनाया है। कई वर्षों तक पुरुषों और महिलाओं की अलमारी पर राज करने वाले स्लिम-फिट (तंग बनावट) वाले कपड़ों की जगह अब रिलैक्स्ड-फिट (ढीली-ढाली बनावट) और वाइड-लेग (चौड़े पायंचे वाले) परिधानों ने ले ली है। वर्तमान समय में रिलैक्स्ड-फिट चिनोज़ (ढीली सूती पतलून), वाइड-लेग फ्लेक्सिबल ट्राउजर्स (चौड़े और लचीले पायंचे वाली पतलून) और बैगी जींस (अत्यधिक ढीली डेनिम पतलून) का ट्रेंड (चलन) पूरी दुनिया में सिर चढ़कर बोल रहा है। यह नया रुझान न केवल शरीर को सांस लेने की जगह देता है, बल्कि एक बिंदास और आधुनिक छाप भी छोड़ता है।

आराम और स्वाभाविकता का अनूठा संगम

रिलैक्स्ड-फिट (ढीली-ढाली बनावट) कपड़ों के लोकप्रिय होने का सबसे बड़ा कारण इनका अत्यधिक आरामदायक होना है। तंग कपड़ों के



विपरीत, चौड़े पायंचे वाले ट्राउजर्स (पतलून) में दिन भर बिना किसी परेशानी के काम किया जा सकता है। चाहे दफ्तर में लंबे समय तक बैठना हो, बाजार में घूमना हो या फिर किसी यात्रा पर निकलना हो, यह शैली हर स्थिति में शरीर को सहज बनाए रखती है। इसके साथ ही, यह पतलून शरीर की प्राकृतिक बनावट को बहुत ही स्वाभाविक और सुंदर ढंग से प्रस्तुत करती है, जिससे पहनने वाले का आत्मविश्वास भी बढ़ता है।

सही संयोजन और स्टाइलिंग (सज्जा)

इन ढीले ट्राउजर्स (पतलून) की सबसे बड़ी खासियत यह है कि इन्हें अवसर के अनुसार आसानी से ढाला जा सकता है। एक रिलैक्स्ड-फिट चिनोज़ (ढीली सूती पतलून) को जब एक सादे कैजुअल शर्ट (अनौपचारिक कमीज़) या ओवरसाइज़्ड टी-शर्ट (बड़े आकार की टी-शर्ट) के साथ पहना जाता है, तो यह एक बहुत ही आकर्षक स्ट्रीट-स्टाइल (शहरी सड़क-शैली) लुक (रूप) प्रदान करता है। वहीं दूसरी ओर, अगर आप दफ्तरी या औपचारिक वातावरण के लिए तैयार हो रहे हैं, तो वाइड-लेग ट्राउजर्स (चौड़े पायंचे वाली पतलून) के साथ एक टक्ड-इन (अंदर दबाई हुई) औपचारिक कमीज और ब्लेज़र (सूट का कोट) का संयोजन एक अत्यंत सुरुचिकर और गंभीर छाप छोड़ता है।

जूते और एक्सेसरीज़ का सटीक चयन

चौड़े और ढीले पायंचे वाले कपड़ों के साथ सही फुटवियर (जूते) चुनना बहुत महत्वपूर्ण होता है। रिलैक्स्ड-फिट (ढीली बनावट) वाले बैगी जींस (ढीली डेनिम पतलून) या चिनोज़ (सूती पतलून) के साथ क्लासिक स्नीकर्स (परंपरागत खेल के जूते) सबसे शानदार दिखते हैं, जो आपके पूरे रूप को एक तरोताजा और युवा अंदाज़ देते हैं। औपचारिक अवसरों के लिए चौड़े पायंचे वाली पतलून के साथ लेदर लोफर्स (चमड़े के बिना फीते वाले जूते) या बूट्स (ऊंचे जूते) पहनना बेहतरीन विकल्प है। इसके साथ ही एक साधारण लेदर बेल्ट (चमड़े की पेटी) और घड़ी आपकी इस शैली को पूर्णता प्रदान करती है।

हर शारीरिक बनावट के लिए एक बेहतरीन विकल्प

रिलैक्स्ड और वाइड-लेग ट्राउजर्स (चौड़े व ढीले पायंचे वाली पतलून) की एक और बड़ी विशेषता यह है कि यह हर प्रकार की शारीरिक बनावट पर बेहद फबता है। यह पतले शरीर वाले लोगों को थोड़ा फैलाव और संतुलन प्रदान करता है।